सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 10 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 10, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 600 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और सेंसेक्स अपनी गति बरकरार रखने में विफल रहा और 604.72 अंक गिरकर 83,576.24 पर बंद हुआ। } 14

## आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षा कवच तैयार : शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक राष्ट्रीय डिजिटल आईईडी डेटा प्रबंधन मंच की शुरुआत की, जो आतंकवाद के खिलाफ अगली पीढ़ी के सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करेगा। } 16

## लव जिहाद मामले में आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार

### केजीएमयू ने की बर्खास्त करने की सिफारिश, जांच समिति ने सौंपी रिपोर्ट

विशेष संवाददाता





लखनऊ। केजीएमयू के रेजीडेंट डॉक्टर रमीज को दुष्कर्म और धर्मांतरण के प्रयास के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस की ओर से दावा किया गया है कि मुखबिर की सूचना पर सिटी रेलवे स्टेशन के पास से उन्हें पकड़ा गया। डॉक्टर रमीज हुसैनाबाद स्थित फ्लैट से कुछ सामान निकालने आया था। फ्लैट के पास से पुलिस ने दबोचा। डॉक्टर रमीज कोर्ट में आत्मसमर्पण की तैयारी में था।

वहीं दूसरी ओर केजीएमयू ने आरोपी जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर को बर्खास्त करने की सिफारिश की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि जूनियर रेजिडेंट डॉ. रमीजुद्दीन उर्फ रमीज मलिक के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए सात सदस्यीय एक आंतरिक समिति का गठन किया गया था जिसने शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सच पाया है। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा राज्य सरकार को सौंपी गयी जांच रिपोर्ट के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने डॉक्टर को हटाने के लिए चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीएमई) को एक प्रस्ताव ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ईडी ने ममता बनर्जी के खिलाफ सीबीआई जांच का किया अनुरोध

### आई-पैक छापेमारी मामले में टीएमसी प्रमुख व अन्य लोगों पर बाधा डालने का आरोप

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक तथा उसके निदेशक के खिलाफ छापेमारी के दौरान कथित तौर पर बाधा डालने को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और अन्य के खिलाफ सीबीआई जांच का अनुरोध करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया है।

याचिका की एक प्रति में दावा किया गया है कि इन कार्रवाइयों के कारण उसके तलाशी अभियान पर सरकारी तंत्र का पूर्ण नियंत्रण हो गया। ईडी ने आरोप लगाया कि इसमें सर्वोच्च राजनीतिक कार्यपालिका की प्रत्यक्ष संलिप्तता और पुलिस बल का दुरुपयोग हुआ है और मामले की सीबीआई जांच का अनुरोध किया है। इसमें उच्च न्यायालय से आग्रह किया गया कि वह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को प्राथमिकी दर्ज करने और पूरी घटना की जांच करने का निर्देश दे, जिसमें मुख्यमंत्री, पुलिस अधिकारी और इस मामले में मिलीभगत करने वाले सभी व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच शामिल हो। एजेंसी ने कहा कि सीबीआई द्वारा जांच आवश्यक है, क्योंकि कलकत्ता उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय दोनों ने लगातार यह माना है कि जहां राज्य में उच्च और प्रभावशाली लोग संज्ञेय अपराधों को अंजाम देने में शामिल होते हैं, वहां जांच सीबीआई को सौंप दी जानी चाहिए। याचिका में उसने यह भी अनुरोध किया है कि तलाशी के दौरान जिन सभी डिजिटल उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और दस्तावेजों को अवैध और जबरन तरीके से हटा लिया गया था, इन्हें तुरंत जब्त कर सील किया जाये, फॉरेंसिक रूप से सुरक्षित रखा जाये और फिर ईडी को सौंपा जाये।

कोयला घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले के तहत बृहस्पतिवार को आई-पैक के सॉल्ट लेक स्थित कार्यालय और इसके संस्थापक तथा निदेशकों में से एक प्रतीक जैन के आवास पर तलाशी अभियान चलाया गया। राज्य और दिल्ली में भी कुछ अन्य स्थानों पर छापेमारी की गई थी। ईडी ने बृहस्पतिवार को एक प्रेस बयान में आरोप लगाया था कि बनर्जी छापेमारी के दौरान कोलकाता के लाउडन रोड स्थित जैन के आवास पर आईं और महत्वपूर्ण सबूत ले गईं, तथा आई-पैक के कार्यालय में भी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### वाराणसी : कफ सिरप मामले में सरगना के सहयोगी के घर छापा

वाराणसी। वाराणसी पुलिस ने खासी सिरप तस्करी गिरोह के कथित सरगना शुभम जायसवाल के एक करीबी सहयोगी के घर पर छापेमारी की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि यह कार्वाई कोडाइन-आधारित खांसी सिरप की तस्करी में शामिल गिरोह के खिलाफ जारी जांच के सिलसिले में की गई। पुलिस उपायुक्त (अपराध) टी सरवन ने बताया कि जांच दल ने बृहस्पतिवार शाम प्रशांत उपाध्याय के मडौली स्थित आवास पर तलाशी ली। हालांकि, इस दौरान उपाध्याय वहां मौजूद नहीं था। सरवन के मुताबिक, तलाशी अभियान में कोतवाली, रामनगर, आदमपुर और कई अन्य पुलिस थानों की टीम ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान उपाध्याय के परिवार के सदस्यों से पूछताछ की गई और कुछ अहम दस्तावेज जब्त किए गए।

### 63 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

रायपुर। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 63 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है तथा उनमें 36 पर 1.19 करोड़ रुपये से अधिक का इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में जारी नक्सल विरोधी मोर्चे पर सुरक्षाबलों को शुक्रवार को महत्वपूर्ण सफलता मिली जब पूना मारगेम (पुनर्वास से पुनर्जीवन) अभियान से प्रभावित होकर 36 ईनामी समेत 63 माओवादी समाज की मुख्यधारा में शामिल हो गए। उन्होंने बताया कि आज आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में 18 महिलाएं हैं। अधिकारियों का कहना है कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादी दक्षिण बस्तर, पश्चिम बस्तर, अबूझमाड़ और उड़ीसा में सक्रिय थे।

# रक्षा विनिर्माण का केंद्र बन रहा है यूपी : राजनाथ

### रक्षामंत्री ने लखनऊ में अशोक लेलैंड के अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण संयंत्र का किया उद्घाटन

### योगी के नेतृत्व में विकास की ओर बढ़ रहा प्रदेश

विशेष संवाददाता



लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब कमजोर नहीं है, हम अपने हथियार खुद बना रहे हैं और उत्तर प्रदेश इसमें नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि यही सोच और मेहनत देश को मजबूत बनाती है और इसी रास्ते पर आज हमारी सरकार चल रही है।

सिंह ने कहा कि यह देखकर अच्छा लगता है कि जो उत्तर प्रदेश किसी जमाने में बीमारू राज्य कहा जाता था तथा जिसकी पहचान को गुंडाराज और अपराध से जोड़कर देखा जाता था, आज उसी राज्य में आए दिन उद्योग स्थापित हो रहे हैं। सिंह आज राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर इलाके में अशोक लेलैंड के अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी के साथ हिंदुजा परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। रक्षा मंत्री ने कहा विश्व स्तरीय ग्रीन फील्ड एकीकृत वाणिज्यिक वाहन विनिर्माण इकाई की शुरुआत उत्तर प्रदेश की औद्योगिक यात्रा में एक मील का पत्थर है। मैं इस उपलब्धि के लिए अशोक लेलैंड, हिंदुजा समूह और उत्तर प्रदेश की जनता को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ रहा और उसकी पहचान एक ऐसे राज्य के रूप में हो रही है, जो देश के विकास में बढ़-चढ़कर योगदान दे रहा है। सिंह ने कहा कि यह देखकर अच्छा लगता है कि जो उत्तर प्रदेश किसी जमाने में बीमारू राज्य कहा जाता था तथा जिसकी पहचान को गुंडाराज और अपराध से जोड़कर देखा जाता था, आज उसी राज्य में आए दिन उद्योग स्थापित हो रहे ...शेष पृष्ठ 14 पर

### 2017 के पहले उपद्रव से ग्रस्त था यूपी अब बना उत्सव का प्रदेश : सीएम योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के साथ शुक्रवार को अशोक लेलैंड कंपनी के इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने फैक्ट्री का निरीक्षण किया और सिंदूर-रुद्राक्ष के पौधे भी रोपे। सीएम योगी ने निवेश के लिए हिंदुजा परिवार को शुभकामनाएं दीं और यूपी सरकार पर विश्वास के लिए आभार जताया। सीएम ने कहा कि यूपी के लिए यह निवेश अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2017 के पहले यूपी की अराजकता किसी से छिपी नहीं थी, निवेशक पलायन कर रहे थे परंतु 2017 में सरकार में आने पर हमने कहा कि यह अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश है। अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए कुछ लोगों ने इसे बदनाम किया, लेकिन यूपी अब अनलिमिटेड पोटेंशियल यानी संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन गया है। पिछले आठ-साढ़े आठ साल में हुआ परिवर्तन इसका उदाहरण है। यह समारोह प्रदेश के प्रति उद्योगों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। सीएम योगी ने कहा कि इस इकाई की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता अभी 2500 यूनिट प्रति वर्ष है। इसे चरणबद्ध ढंग से 5000 यूनिट ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राम मंदिर और आसपास के क्षेत्र में नॉनवेज पर बैन

अयोध्या। जिले में राम मंदिर और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग की परिधि के भीतर नॉनवेज खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रशासन ने पूरी तरह से रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध अब केवल होटल, ढाबे और दुकानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ऑनलाइन खाना डिलीवरी करने वाली कंपनियों पर भी लागू होगा। प्रशासन ने इस संबंध में होटल संचालकों, दुकानदारों, गेस्ट हाउस, होम-स्टे और ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनियों को आदेश से अवगत करा दिया है। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद्र सिंह ने बताया कि राम मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्रों में नॉनवेज की बिक्री पर पहले से ही प्रतिबंध है, लेकिन कुछ होटल, गेस्ट हाउस और होम-स्टे इसका पालन नहीं कर रहे थे। शिकायतें मिली थी कि पर्यटकों को ऑनलाइन माध्यम से नॉनवेज भोजन मंगाकर परोसा जा रहा है। इसी को देखते हुए प्रशासन ने अब राम मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में ऑनलाइन नॉनवेज डिलीवरी पर भी रोक लगा दी है। सभी संबंधित प्रतिष्ठानों और ऑनलाइन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हिमाचल : खाई में गिरी बस, 12 लोगों की मौत

एजेंसी

नाहन। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में शुक्रवार दोपहर एक निजी बस के 500 फुट गहरी खाई में गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई और लगभग 40 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

❍ 40 अन्य घायल, मुख्यमंत्री सुक्खू ने जताया दुख

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई, जब शिमला से राजगढ़ होते हुए कुपवी जा रही बस हरिपुरधार गांव के पास सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरी। मौके पर बचाव अभियान की निगरानी कर रहे संगराह के उप-मंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सुनील कायथ ने बताया कि बस में सवार 12 यात्रियों की मौत हो गई और लगभग 40 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है और सभी घायलों व मृतकों को पास के संगड़ाह और ददाहू के अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करें और घायलों की सर्वोत्तम चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करें। उद्योग मंत्री व शलाई विधानसभा क्षेत्र से स्थानीय विधायक हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि जिला प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच करेगी सीबीआई

### मुख्यमंत्री धामी ने की सिफारिश, निष्पक्ष जांच का जताया भरोसा

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अंकिता भंडारी प्रकरण की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराये जाने की सिफारिश कर दी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा करते हुए कहा कि दिवंगत अंकिता भंडारी के माता-पिता के अनुरोध एवं उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने इस प्रकरण की सीबीआई से जांच कराये जाने की संस्तुति की है।

धामी ने कहा कि हाल में उन्होंने अंकिता भंडारी के माता-पिता से मुलाकात की थी और इस दौरान उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराये जाने का अनुरोध किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य शुरू से अंत तक निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से न्याय सुनिश्चित करना रहा है एवं आगे भी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने बिना किसी भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ कार्वाई आरंभ की और मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक महिल आईपीएस अफसर के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण से जुड़े सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया तथा राज्य सरकार की ओर से प्रभावी एवं सशक्त पैरवी सुनिश्चित की गई, जिसके परिणाम स्वरूप मामले के तीनों दोषियों को निचली अदालत द्वारा उम्रकैद की सजा सुनाई गयी। धामी ने कहा कि पूरे प्रकरण में इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि राज्य सरकार ने आरंभ से लेकर अंत तक निष्पक्षता, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लालू यादव, अन्य के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों के खिलाफ कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में आरोप तय करने का शुक्रवार को आदेश दिया।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि यादव ने रेल मंत्रालय को अपनी निजी जागीर की तरह में इस्तेमाल किया ताकि वह एक आपराधिक गतिविधि को अंजाम दे सकें। उन्होंने कहा कि इसमें सरकारी नौकरी को सौदेबाजी के हथियार के रूप में इस्तेमाल करके यादव परिवार ने रेलवे अधिकारियों और अपने करीबी सहयोगियों की मिलीभगत से जमीन हासिल की। आदेश के मुख्य हिस्से को मौखिक रूप से सुनाते हुए न्यायाधीश ने कहा कि सीबीआई की अंतिम रिपोर्ट से गंभीर संदेह के आधार पर एक व्यापक साजिश का खुलासा होता है। उन्होंने लालू ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 8.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


❍ ई-बस फैक्ट्री से यूपी को मिलेगी नयी उड़ान (पृष्ठ-02)
❍ डिजिटल तकनीक से बदलेगा भारत का डेयरी क्षेत्र (पृष्ठ-02)
❍ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश छह प्रतिशत घटा (पृष्ठ-14)
❍ रुपया 26 पैसे टूटकर 90.16 प्रति डॉलर पर बंद (पृष्ठ-14)
❍ भारत की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** भीषण सर्दी में फाउंडेशन पहुंचा रहा राहत, जाड़े के खात्मे तक चलेगा सेवा और सहयोग का सिलसिला

## सिविल अस्पताल में मरीजों-तीमारदारों को नि:शुल्क चाय पिला रहा डॉ. अखिलेश दास अलका दास फाउंडेशन

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। भीषण सर्दी से लोगों को निजात दिलाने के लिए डॉ. अखिलेश दास अलका दास फाउंडेशन रोज मरीजों और उनके तीमारदारों को चाय पिलाने की व्यवस्था कर रहा है। फाउंडेशन की ओर से डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय (सिविल अस्पताल) में रोज की भांति शुक्रवार को भी निःशुल्क चाय पिलाई गई। यह सिलसिला जाड़े के खात्मे तक चलता रहेगा।

गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए प्रतिबद्ध बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने बताया कि उनकी कोशिश है कि ...शेष पृष्ठ 14 पर







फोटो : समीर भटनागर

# यूपी की ई-बस फैक्ट्री से देश की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को नयी उड़ान: कुमारस्वामी

## पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत देश में 70,000 से अधिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना होगी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे में हुए व्यापक सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि आज यह राज्य देश के सबसे बड़े एक्सप्रेसवे और रेलवे नेटवर्क का केंद्र बन चुका है। लखनऊ में अशोक लीलैंड की इलेक्ट्रिक बस निर्माण इकाई की शुरुआत न केवल कंपनी के लिए, बल्कि पूरे देश की सतत और आत्मनिर्भर मोबिलिटी की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कुमारस्वामी सरोजिनीनगर स्थित अशोक लीलैंड की इलेक्ट्रिक बस निर्माण इकाई के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस्पात मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य की ओर स्पष्ट और महत्वाकांक्षी रोडमैप तैयार किया है। इसके साथ ही मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों को विशेष रूप से उन्नत विनिर्माण के क्षेत्र में मजबूती दी जा रही है, जो आने वाले वर्षों में भारत के औद्योगिक भविष्य को आकार देंगे। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भारी उद्योग मंत्रालय के माध्यम से कई अहम पहल की हैं। 11,500 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली फेम-2 योजना ने देशभर में इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने की प्रक्रिया को गति दी है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 16.71 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर आए और 9,000 से अधिक सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों को स्वीकृति दी गई। इसी क्रम में 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 20 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हो चुकी है। कुमारस्वामी ने कहा कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र को मजबूती देने के लिए 25,938 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली पीएलआई ऑटो योजना लागू की गई है, जिसमें घरेलू मूल्य संवर्धन को अनिवार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त, 18,100 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली पीएलआई उन्नत रसायन सेल (एसीसी) योजना के तहत देश में 50 गीगावाट-घंटे बैटरी निर्माण क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जो दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने हाल ही में स्वीकृत आरईपीएम योजना का भी उल्लेख किया, जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 7,280 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान के साथ मंजूरी दी है। इस योजना के तहत सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा, जो इलेक्ट्रिक वाहन, पवन ऊर्जा, रक्षा उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए आवश्यक हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वाणिज्यिक वाहन खंड पर विशेष ध्यान देना बेहद आवश्यक है, क्योंकि परिवहन से होने वाले कुल प्रदूषण में इसका योगदान 40 प्रतिशत से अधिक है। इसी को ध्यान में रखते हुए पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत देशभर में 70,000 से अधिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### निवेश का नया अध्याय लिख रहा उत्तर प्रदेश और तेज हुई औद्योगिक रफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अब निवेश और औद्योगिक विकास के नए केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। बीते कुछ वर्षों में राज्य सरकार की ओर से किए गए व्यापक नीतिगत और विनियामक सुधारों का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। इसी का ताजा उदाहरण है अशोक लीलैंड का नया प्लांट। यह प्लांट न केवल औद्योगिक प्रगति का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि उत्तर प्रदेश अब बड़े निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। अशोक लीलैंड के इस प्लांट में लगभग 252 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इस परियोजना के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 20 फरवरी 2024 को हुई थी। इतने कम समय में परियोजना का धरातल पर आ जाना इस बात का प्रमाण है कि अब निवेश केवल एमओयू तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि तेजी से प्लांट, उत्पादन और रोजगार में बदल रहा है। इस प्लांट से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को नया बढ़ावा मिलेगा। अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश की 16,000 से अधिक परियोजनाओं के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह हो चुके हैं। इनमें से लगभग 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली 8,300 से अधिक परियोजनाएं वाणिज्यिक संचालन के चरण में पहुंच चुकी हैं। वहीं करीब 10 लाख करोड़ रुपये मूल्य की 8,100 से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयनाधीन हैं। यही नहीं, योगी सरकार जीबीसी 5 के माध्यम से फिर 6 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जल्द ही जमीन पर उतारने जा रही है। ये आंकड़े बताते हैं कि निवेश केवल कागजों पर नहीं, बल्कि हकीकत में उद्योग और रोजगार में बदल रहा है।

# लखनऊ में हिंदुजा ग्रुप की कंपनी अशोक लेलैंड का इलेक्ट्रिक वाहन संयंत्र शुरू

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड के नवीन विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के साथ ही वाहन निर्माण और औद्योगिक विकास की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई। यह संयंत्र विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन पर केंद्रित है, जिससे लखनऊ को हरित औद्योगिक मानचित्र पर एक नई पहचान मिलने जा रही है। अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि योगी सरकार के सहयोग और प्रशासनिक तत्परता के कारण रिकॉर्ड समय में इस संयंत्र को तैयार किया जाना संभव हो सका।

- **सरकार के सहयोग से रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया संयंत्र: धीरज हिंदुजा**

उद्घाटन के अवसर पर अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में यह कंपनी का पहला विनिर्माण संयंत्र है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि औद्योगिक विकास और निवेश के लिए प्रदेश में एक सुदृढ़ और भरोसेमंद तंत्र तैयार किया गया है।

आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, मजबूत कनेक्टिविटी, प्रभावी कानून व्यवस्था और जवाबदेह प्रशासन आज उत्तर प्रदेश की पहचान है जो उद्योगपतियों और निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। प्रदेश में निवेश के साथ ही इससे बड़ी संख्या में रोजगार का भी सृजन होगा। उन्होंने इस परियोजना को धरातल पर उतारने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्पष्ट नीति और मजबूत नेतृत्व के साथ कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश ह्यफियरलेस बिजनेसह्न, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए जाना जाता है। धीरज हिंदुजा ने कहा कि रक्षा तंत्र की मजबूती और स्थायित्व से देश में निवेश का भरोसेमंद वातावरण बना है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व में उद्योगों के लिए विकसित सकारात्मक माहौल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस और प्रभावी पहल की जा रही है। इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में देश लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। अशोक लेलैंड कंपनी के अनुसार लखनऊ का यह संयंत्र भविष्य को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। आधुनिक विनिर्माण तकनीक और डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से यहां तीव्र गति से इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन किया जा सकेगा। अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि जहां भी अशोक लेलैंड का संयंत्र स्थापित होता है, वहां स्थानीय समुदाय को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है। उत्तर प्रदेश में भी इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कंपनी की रोड टू स्कूल पहल का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों के 25 हजार से अधिक छात्रों को पोषण और शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

# डिजिटल तकनीक से बदलेगा भारत का डेयरी क्षेत्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारत, जो विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है और वैश्विक दुग्ध उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है, अब अपने डेयरी क्षेत्र को डिजिटल तकनीक के माध्यम से नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के नेतृत्व में देश का डेयरी इकोसिस्टम पारदर्शिता, दक्षता और किसान-केंद्रित व्यवस्था की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस डिजिटल परिवर्तन की सबसे बड़ी उपलब्धि राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन (एनडीएलएम) के अंतर्गत सामने आई है। मिशन के तहत अब तक 35.68 करोड़ से अधिक पशुओं को 12 अंकों वाली विशिष्ट डिजिटल पहचान पशु आधार प्रदान की जा चुकी है। यह पहचान पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण, प्रजनन और उपचार से जुड़ी सभी जानकारियों को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराती है, जिससे पशुधन प्रबंधन पूरी तरह डेटा-आधारित और ट्रैक करने योग्य बन गया है। अब तक इस प्रणाली में 84 करोड़ से अधिक ट्रांजैक्शन दर्ज किए जा चुके हैं।

पशुपालकों को सशक्त बनाने के लिए एनडीएलएम के अंतर्गत 1962 ऐप और टोल-फ्री नंबर 1962 की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से पशुपालक घर बैठे मोबाइल वेटरनरी यूनिट की सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं और सरकारी योजनाओं से जुड़ी प्रमाणिक जानकारी हासिल कर सकते हैं। डेयरी सहकारिता के मूल ढांचे को मजबूत करने के लिए एनडीडीबी द्वारा विकसित ऑटोमैटिक मिल्क कलेक्शन सिस्टम (एएमसीएस) ने दूध संग्रह प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव किया है। यह प्रणाली दूध की मात्रा, गुणवत्ता और फैट की सटीक डिजिटल रिकॉर्डिंग करती है तथा इसके आधार पर भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर होता है। वर्तमान में देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 26,000 से अधिक डेयरी सहकारी समितियों में यह प्रणाली लागू है, जिससे 54 दुग्ध संघों के 17.3 लाख से अधिक दुग्ध उत्पादक किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

डेयरी उद्योग के संपूर्ण प्रबंधन के लिए एनडीडीबी डेयरी ईआरपी (एनडीईआरपी) को लागू किया गया है। यह वेब-आधारित प्रणाली खरीद, बिक्री, लेखा, उत्पादन, मानव संसाधन और लॉजिस्टिक्स जैसे सभी प्रमुख कार्यों को एकीकृत करती है। एएमसीएस के साथ इसके एकीकरण से गाय से लेकर उपभोक्ता तक पूरी वैल्यू चेन डिजिटल हो गई है। इसके अलावा, सीमेन स्टेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एसएसएमएस) और आईएनएपीएच जैसे प्लेटफॉर्म पशु प्रजनन, पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, मानकीकरण और पारदर्शिता सुनिश्चित कर रहे हैं। देश के 38 श्रेणीबद्ध सीमेन स्टेशन इस डिजिटल प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं, जिससे कृत्रिम गभार्धान नेटवर्क को मजबूती मिली है। डेयरी क्षेत्र में डेटा-आधारित निर्णयों को बढ़ावा देने के लिए इंटरनेट आधारित डेयरी सूचना प्रणाली (डीआईएस) भी विकसित की गई है। वर्तमान में देश के लगभग 198 दुग्ध संघ, 29 मार्केटिंग डेयरियां और 15 फेडरेशन इस प्रणाली से जुड़े हैं, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त और विश्वसनीय डेयरी डेटाबेस तैयार हो रहा है।

# जदयू की महत्वपूर्ण बैठक 11 को अयोध्या में

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) पार्टी की लखनऊ में सम्पन्न हुई पिछली बैठक में पार्टी की आगामी बैठक अयोध्या में आयोजित किये जाने के निर्णय के क्रम में पार्टी की आगामी महत्वपूर्ण बैठक 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे से अयोध्या स्थित होटल में आहूत की गई है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के उत्तर प्रदेश संगठन प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार की उपस्थिति रहेगी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल करेंगे। इस बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, समस्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष/संयोजक, प्रमुख पदाधिकारी, सक्रिय कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश स्तर पर पार्टी संगठन की समीक्षा करने, सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रभारी की नियुक्ति करने, जिन जिलों में प्रभारी की नियुक्ति हो गई है।

# चुनावी वर्ष के चलते संगठन को बनाना है मजबूत : अविनाश पाण्डेय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पर दो महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। पहली बैठक पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के सदस्यों की हुई एवं दूसरी बैठक मनरेगा कोऑर्डिनेटर, एसआईआर कोर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों, जिला, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, फ्रंटल, विभाग व प्रकोष्ठों के चेयरमैनों की बैठक संपन्न हुई। इन बैठकों में कांग्रेस के महासचिव, यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय की उपस्थिति में तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में संपन्न हुईं।

बैठक को सम्बोधित करते हुए अविनाश पाण्डेय ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है, हमारे समक्ष पंचायत चुनाव, एमएलसी चुनाव और विधानसभा चुनाव होने है। हमें पार्टी के समक्ष चुनौतियों पर एक विस्तृत रोडमैप तैयार करना है। हमें सभी 403 विधानसभाओं पर एक मजबूत संगठन बनाना है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आने वाले 100 दिनों में हम पूरे प्रदेश में 30 से अधिक संविधान संवाद रैली आयोजित करेंगे और इन रैलियों के माध्यम से जनता की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाऐंगे।

संगठन सृजन पर बोलते हुए राजेश तिवारी ने कहा कि पिछले 8 महीनों की मेहनत से हमने बूथ लेवल तक एक सशक्त संगठन का निर्माण किया है। हम इसी संगठन के बल पर 2027 के रण में उतरेंगे। आगामी 12 जनवरी को राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी मंडलों पर प्रेसवार्ता आयोजित कर 100 दिन की कार्य योजना घोषित की जायेगी। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पहले प्रेसवार्ता की जाएगी, उसके बाद हम अपनी नेता प्रियंका के जन्मदिन का कार्यक्रम आयोजित करेंगे। पंचायत चुनाव के विषय पर बोलते हुए राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि पंचायत चुनाव एक ऐसा जमीनी चुनाव है जो आने वाले विधानसभा चुनाव की पटकथा लिखेगा। एसआईआर प्रक्रिया के तहत प्रदेश में जिन मतदाताओं के नाम काटे गए हैं उनको लेकर पार्टी ने एक एसआईआर कोर्डिनेशन कमेटी बनाई है। इस विषय पर बोलते राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने कहा कि पिछले 4 नवंबर से हमने जितनी मेहनत की है। हमें अगले एक महीने उससे दोगुनी मेहनत करनी होगी।

# 65 जिलों के 4366 गौ-आश्रय स्थलों पर सरकार की निगरानी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के 75 जनपदों के कुल 6718 ग्रामीण गौ-आश्रय स्थलों में से 65 जनपदों के 4366 गौ-आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी तंत्र को मजबूत किया गया है। बाकी जनपदों में भी निगरानी तंत्र को सुदृढ़ किए जाने की कार्यवाही प्रक्रिया में है। साथ ही प्रदेश के हरदोई, आगरा, जालौन सहित 20 जनपदों के विकास भवनों में केंद्रीकृत निगरानी कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं, जिसके माध्यम से आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखी जा रही है।

योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। गौ-आश्रय स्थलों पर गोवंश के लिए शेड, स्वच्छ भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था, खड़ंजा, भूसा भंडार गृह, उपचार कक्ष, प्रकाश और सोलर लाइट जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ और व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जा रहा है। पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि गौ-आश्रय स्थलों की बेहतर निगरानी एवं व्यवस्था के समन्वय के लिए राज्य के 20 जनपदों के विकास भवनों में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। हरदोई, आगरा, जालौन, झांसी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, जौनपुर, अयोध्या, आजमगढ़, पीलीभीत, कौशांबी, शामली, बस्ती, अंबेडकरनगर, बलिया, एटा, अमरोहा, फरुर्खाबाद और चंदौली में ये कंट्रोल रूम कार्यरत हैं। शेष जनपदों में भी चरणबद्ध ढंग से यह व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगरानी तंत्र मजबूत होने से गौवंश की देखभाल अधिक व्यवस्थित और जिम्मेदाराना ढंग से हो रही है। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में तत्काल कार्रवाई संभव हो रही है। गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के साथ-साथ ठंड से सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थलों पर हरा चारा, तिरपाल, काउ-कोट, अलाव, औषधियां, उपचार सुविधा और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ठंड अथवा अव्यवस्था के कारण किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो।

- **20 जिलों के विकास भवनों में स्थापित केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से रखी जा रही नजर**

# नो-मैपिंग मतदाताओं की नोटिसें पोलिंग बूथ वार उपलब्ध करायी जाये : सपा

## सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उठायी मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर शिकायत की है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में 403 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में एक लाख 77 हजार 516 पोलिंग बूथों पर 1 करोड़ 4 लाख से अधिक नो-मैपिंग मतदाताओं को विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ईआरओ द्वारा नोटिस जारी करके पहचान सुनिश्चित करने के लिए 2003 की मतदाता सूची में अपना नाम या माता-पिता, दादा-दादी आदि सम्बन्धी का नाम दर्ज होने का प्रमाण अथवा आयोग द्वारा निर्धारित 12 अभिलेखों की सूची में से किसी एक प्रमाण पत्र को उपलब्ध कराना होगा। बीएलओ द्वारा नोटिसें लेकर नो-मैपिंग मतदाताओं के घर-घर जाकर दस्तावेज की मांग की जायेगी और मतदाता से दस्तावेज लेकर बीएलओ ऐप में अपलोड किया जायेगा। राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) को नो-मैपिंग मतदाताओं की नोटिसें पोलिंग बूथ वार उपलब्ध कराई जाए, ताकि बीएलए मतदाता तक पहुंच कर दस्तावेज उपलब्ध कराने में बीएलओ को सहयोग कर सकें और एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके।

गौतमबुद्ध नगर- 61 नोएडा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ईआरओ द्वारा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 1200 वोटो पर प्रति बूथ की नीति को बदलकर 300 वोटो पर बूथ बनाए गए हैं। नोएडा विधानसभा में लगभग 58000 वोटो की मैपिंग नहीं हो पा रही है और लगभग 2 लाख के आसपास एएसडी वोटर पाए गए हैं उसके हिसाब से 166 बूथ कम होने चाहिए थे लेकिन 59 बूथ बढ़ाये गए हैं।

बूथ संख्या 122 और 129 को 123 से 128 तक समायोजित कर सकते थे क्योंकि तीन बूथों पर संख्या काफी कम है फिर भी दो नए बूथ बनाए गए। बूथ संख्या 136 पर 389 वोटर हैं जिनके 300 मीटर दूरी पर डिजाइनर पार्क बूथ संख्या 121 मौजूद है फिर भी नए बूथ बना दिये गये। बूथ संख्या 166 में 341 वोटर हैं जिनके पास पहले से हीं 300 मीटर पर बूथ है। बूथ संख्या 234 में कुल वोटर की संख्या 278 है जबकि उसके पास बूथ संख्या 243 वह 244 पहले से ही मौजूद है फिर भी नया बूथ बना दिया गया। बूथ संख्या 236 में कुल वोटर की संख्या 286 है जो कि चुनाव आयोग के तय मानकों के अनुरूप नहीं है।

बूथ संख्या 237 क्लब हाउस कैलाश धाम जिसके 100 मी. की दूरी पर पहले से ही रामाजा स्कूल में बूथ मौजूद है फिर भी नए बूथ बना दिये गये हैं। बूथ संख्या 242 में कुल वोटर की संख्या 315 है इसके उपरांत 300 मीटर पर पहले से ही बूथ उपलब्ध है इस नए बूथ को पहले से बने बूथ पर समायोजित किया जाये। बूथ संख्या 247 टीजीबी मेघदूतम सेक्टर 50 में वोटर की संख्या 327 है जो की काफी कम है वहां पर 200 मीटर पर पहले से ही बूथ उपलब्ध है फिर भी नए बूथ बनाए गए है। बूथ संख्या 620 में कुल वोटर की संख्या 227 है जो कि चुनाव आयोग के मानकों के अनुरूप नहीं है जबकि उसके 300 मीटर पर पहले से ही बूथ बने हुए हैं। बूथ संख्या 627 में कुल वोटर की संख्या 289 है जो कि चुनाव आयोग के मानकों के अनुरूप नहीं है। बूथ संख्या 646 में कुल वोटर की संख्या मात्र 185 है जो चुनाव आयोग के तय मानकों के अनुरूप नहीं है फिर भी नए बूथ बना दिया गया। गौतमबुद्ध नगर विधान सभा 61-नोएडा में 37, 62-दादरी में 57 तथा 63-जेवर में 6 में नये मतदान केन्द बनाये गये है इनमें से ज्यादातर हाईराइज सोसायटियों के क्लब हाउस है।

बुलंदशहर में एसआईआर के तहत मतदाता सूची से नो-मैपिंग वोटरों की सूची सार्वजनिक किया जाए। इसके अतिरिक्त परमानेंटली शिफ्टेड, ऑलरेडी एनरोल्ड, अन्य तीनों का डाटा भी जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा एक ही में दर्शाया गया है। यह डाटा को भी अलग-अलग उपलब्ध कराया जाये। ज्ञापन को सौंपते हुए केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह और राधेश्याम सिंह ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। प्रदेश में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं है। महिला सुरक्षा और भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार के सारे दावे झूठे हैं। इस सरकार का जीरो टॉलरेंस का वादा जीरो हो चुका है। मेरठ में मां पर कातिलाना हमला और बेटी को उठाकर ले जाने का मामला बेहद गंभीर है। भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण देते-देते आज जिस स्तर पर पहुंच गयी है, वहां से वापस नहीं लौट सकती क्योंकि अपराधी उनके राज खोल देंगे। सरकार से कोई उम्मीद ही न बचे, इससे बुरा और कुछ नहीं हो सकता। भाजपा पूरी तरह नाकाम सरकार है। अखिलेश यादव ने कहा कि महिला अपराध और साइबर क्राइम में उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर पहुंच गया है। इसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार है।

# प्रदेश में अब तक 30,219 फैक्ट्रियां पंजीकृत, 3 करोड़ 63 लाख से अधिक रोजगार सृजित

## प्रतिवर्ष 10,000 युवाओं को स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण के लिए जल्द एमओयू करेगी कंपनी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उद्योग और निवेश के बढ़ते माहौल के बीच अशोक लीलैंड के नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शुभारंभ राज्य में रोजगार के नए द्वार खोलने वाला साबित हो रहा है। यह प्लांट न केवल औद्योगिक विकास का प्रतीक है, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर लेकर आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि इस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के माध्यम से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हजारों युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं विकसित हुई हैं, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देंगे।

अशोक लीलैंड के इस प्लांट में सीधे तौर पर 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा, जबकि इसके साथ जुड़े सहायक उद्योगों, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर और एमएसएमई इकाइयों के माध्यम से अतिरिक्त 2000 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। यानी कुल मिलाकर यह परियोजना हजारों परिवारों की आजीविका से सीधे जुड़ने जा रही है। इसके साथ ही कंपनी द्वारा प्रदेश सरकार के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू करने की तैयारी भी है, जिसके तहत हर वर्ष उत्तर प्रदेश के 10 हजार युवाओं को स्किल डेवलपमेंट से जोड़ा जाएगा।

इसका अर्थ है कि केवल नौकरी ही नहीं, बल्कि युवाओं को आधुनिक औद्योगिक प्रशिक्षण भी मिलेगा, जिससे वे भविष्य के उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के योग्य बन सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते पौने नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश निवेश और उद्योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना चुका है। राज्य सरकार ने निवेश आधारित रोजगार के माध्यम से 60 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार की गारंटी दी गई है। यह संकेत है कि निवेश केवल कागजों पर नहीं, बल्कि वास्तविक परियोजनाओं में बदलकर रोजगार के रूप में सामने आ रहा है। श्रम विभाग के ताजा आंकड़े भी इस परिवर्तन की पुष्टि करते हैं। मार्च 2016 से 26 दिसंबर 2025 तक प्रदेश में 30,219 फैक्ट्रियां पंजीकृत हुई हैं, जिनमें 3 करोड़ 63 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। इसके अलावा विशेष आर्थिक क्षेत्र और अनन्य आर्थिक क्षेत्र में 96 इकाइयां पंजीकृत की गई हैं। साथ ही इन्वेस्ट यूपी के सारथी पोर्टल पर लगभग 23,000 एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, जिनसे लगभग 90 लाख रोजगार सृजन की संभावना जताई गई है। अशोक लीलैंड का प्लांट इन्हीं एमओयू और ग्राउंडब्रेकिंग परियोजनाओं का साकार रूप है। अशोक लीलैंड का यह प्लांट उत्तर प्रदेश को ऑटोमोबाइल और कमर्शियल वाहन निर्माण का एक बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

प्लांट के संचालन से स्थानीय युवाओं को रोजगार के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान, मशीनरी संचालन, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग और सप्लाई चेन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर मिलेंगे। इससे क्षेत्र के छोटे उद्योगों, परिवहन सेवाओं, पार्ट्स निर्माण इकाइयों और मरम्मत सेवाओं को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।

# जीसीसी इकाइयों को मिलेगी फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी

## कैबिनेट की मंजूरी के बाद जारी की गई जीसीसी की एसओपी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने राज्य में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत पात्र इकाइयों को भूमि खरीद पर फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी दी जाएगी। यह व्यवस्था हाल ही में कैबिनेट से मंजूर की गई एसओपी में शामिल की गई है। नई व्यवस्था के तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग दर पर सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।

सरकार की नीति के अनुसार गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद जनपदों में स्थापित होने वाली पात्र जीसीसी इकाइयों को 30 प्रतिशत भूमि सब्सिडी मिलेगी। पश्चिमांचल (गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद को छोड़कर) तथा मध्यांचल क्षेत्र में यह सब्सिडी 40 प्रतिशत होगी। वहीं पूर्वांचल और बुंदेलखंड में निवेश को और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 50 प्रतिशत तक भूमि सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया है। इससे इन क्षेत्रों में नए निवेश और रोजगार के अवसरों में तेजी आने की उम्मीद है। यह सब्सिडी केवल उन्हीं इकाइयों को मिलेगी, जो राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, विकास प्राधिकरण, शहरी निकायों या किसी अन्य सरकारी एजेंसी से भूमि प्राप्त करेंगी। इस व्यवस्था का स्पष्ट उद्देश्य सरकारी भूमि के माध्यम से औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। यदि कोई इकाई किराये के परिसर या को-वर्किंग स्पेस में कार्य करेगी तो ऐसी परियोजनाओं को भूमि सब्सिडी का लाभ नहीं मिलेगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि सब्सिडी लेने के बाद परियोजना निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी करनी होगी। पात्र इकाइयों को दी गई भूमि निर्धारित अवधि तक या वाणिज्यिक संचालन शुरू होने तक संबंधित सरकारी निकाय के पक्ष में मॉर्टगेज रहेगी। यदि समयसीमा में परियोजना पूरी नहीं होती है तो दी गई भूमि सब्सिडी की राशि 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ वापस वसूल की जा सकती है। सब्सिडी का व्यय औद्योगिक विकास विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस प्रोत्साहन नीति से प्रदेश में जीसीसी इकाइयों की स्थापना तेज होगी, आईटी और सेवा आधारित उद्योगों में विस्तार होगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। नीति में क्षेत्रवार सब्सिडी दरें तय कर पूर्वांचल और बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश आकर्षित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

- **पूर्वांचल और बुंदेलखंड में 50% तक भूमि सब्सिडी का प्रावधान**

# पार्किंगों में गाड़ी करना हुआ महंगा, नयी दरें लागू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम ने शहर में नई पार्किंग नियमावली लागू कर दी जिसके तहत अब वाहन मालिकों को पार्किंग शुल्क का भुगतान पहले से अधिक करना होगा। यह नई व्यवस्था प्रदेश के शहरी इलाकों में जाम की समस्या से निपटने और नगर निगमों के लिए आय का स्थायी स्त्रोत बनाने के उद्देश्य से लाई गई है। पार्किंग की नई दरों के अनुसार, 1 घंटे की पार्किंग के लिए 15 रुपये और 24 घंटे की पार्किंग के लिए 120 रुपये चुकाने होंगे। नगर निगम प्रशासन ने अपनी भूमिगत पार्किंगों को निजी एजेंसी को सौंप दिया है। शुक्रवार से एजेंसी ने पार्किंग संभाल ली है।

नई नियमावली में चार घंटे की बजाए दो घंटे का स्लैब रखा गया है। जिसमें दो पहिया का दो घंटे का शुल्क 15 रुपये रखा गया है यानि यदि कोई गाड़ी को चार घंटे के लिए पार्क करता है तो उसको 30 रुपये देने होंगे जोकि अभी लागू शुल्क का तीन गुना होगा। इसी तरह चार पहिया का दो घंटे का शुल्क नई नीति में 30 रुपये तय किया गया है जबकि अभी चार घंटे का 25 रुपये ही लिया जाता है। ऐसे में यदि चार घंटे तक चार पहिया वाहन पार्किंग में खड़ा हुआ तो वाहन स्वामी को 60 रुपये देना होगा। नगर निगम की भूमिगत पार्किंग में अभी तक दो पहिया गाड़ी का चार घंटे का पार्किंग शुल्क 10 रुपये था जबकि अब दो घंटे का ही 15 रुपये किया गया है। उसके बाद प्रत्येक एक घंटे के सात रुपये और देने होंगे। इस तरह यदि चार घंटे गाड़ी खड़ी की तो 14 रुपये और देने होंगे यानि कुल 29 रुपये चार घंटे के देने होंगे। यही नियम चार पहिया वाहनों में भी लागू किया गया है। पार्किंग प्रभारी ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि पार्किंग शुल्क की नई दरें लागू कर दी गईं है।



## पार्किंग शुल्क की नयी दरें

दो पहिया वाहन का पार्किंग शुल्क दो घंटे का 15 रुपये और अतिरिक्त प्रति एक घंटे पर 07 रुपये और 24 घंटे का 57 रुपये जबकि मासिक पास 855 रुपये है। वहीं चार पहिया वाहन का पार्किंग शुल्क दो घंटे का 30 रुपये और अतिरिक्त प्रति एक घंटे पर 15 रुपये और 24 घंटे का 120 रुपये, मासिक पास 1800 रुपये किया गया है।

## मासिक पास की दरें भी बढ़ीं

नगर निगम में पहले दो पहिया गाड़ी का मासिक पास 24 घंटे और 12 घंटे के लिए अगल-अलग बनता है। जिसमें 12 घंटे का 400 रुपये और 24 घंटे का 800 रुपये का बनता है। नई नीति में दो पहिया मासिक पास का शुल्क 855 रुपये तय किया गया है। इसी तरह चार पहिया का मासिक पार्किंग शुल्क 1800 रुपये तय किया गया है। अभी तक सुबह 10 से रात 10 बजे तक का मासिक पास 600 रुपये में और रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक का पास 800 रुपये का बनता था। इस तरह नई नीति में दो पहिया और चार पहिया दोनों का मासिक पास महंगा हो गया है।

## भारी वाहनों की पार्किंग भी हुई महंगी

नगर निगम नें भारी वाहनों का पार्किंग शुल्क की दरें भी बढ़ा दी हैं। ट्रांसपोर्ट नगर में नगर निगम जो पार्किंग बनाई हैं वह छह पाहिया से 10 पहिया और बस के लिए हैं। इनका शुल्क 12 घंटे क हिसाब से तय है। पहले की तुलना में नया शुल्क तीन गुना से अधिक बढ़ गया है। छह पहिया तक वाले वाहन का पार्किंग शुल्क 100 रुपये लिया जाएगा पहले यह 40 रुपये था। छह पहिया से अधिक व दस पहिया तक वाले वाहन का पार्किंग शुल्क 200 रुपये लिया जाएगा पहले यह 60 रुपये था10 पहिया अधिक वाले वाहन का शुल्क 300 रुपये लिया जाएगा पहले यह 100 रुपये था। बस का पार्किंग शुल्क यथावत 300 रुपये ही है। यह सभी शुल्क 12 घंटे के लिए तय किया गया है।

# स्ट्रीट डिजाइन करेगा नगर निगम
## फरवरी में होगा इंटरनेशनल फ्लावर शो

**लखनऊ।** नगर निगम में अहमदाबाद की तर्ज पर इंटरनेशनल फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा। फरवरी में इस आयोजन को लेकर नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। यहां पर 100 से अधिक फूलों की प्रजाति मौजूद रहेंगी। लोग यहां परिवार के साथ में सैर कर सकेंगे। इसके साथ ही गुजरात की तर्ज पर शहर की सड़कों पर बेतरतीब लगे होर्डिंग्स हटाकर स्ट्रीट डिजाइन की बड़ी और महत्वाकांक्षी योजना की तैयारी की है। अहमदाबाद की तर्ज पर यूपी में पहली बार लखनऊ की सड़कों को आधुनिक, सुरक्षित और आकर्षक रूप देने की तैयारी है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने इस सम्बंध में कार्ययोजना बनाने का सुझाव दिया है।

अभी तक यूनिपोल का टेंडर सिर्फ दो साल के लिए होता था, जिससे ठेकेदार स्थायी और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में रुचि नहीं लेता था। अब यह टेंडर 15 साल के लिए किया जाएगा, जिससे बेहतर क्वालिटी, सुरक्षित डिजाइन और सुव्यवस्थित विज्ञापन ढांचे पर जोर दिया जा सकेगा। शहर में वैध रूप से एक समय में 1250 घरों की छतों पर विज्ञापन, 380 यूनिपोल और 30 एलईडी स्क्रीन लगाने की अनुमति है, लेकिन इसके उलट हकीकत कहीं ज्यादा डरावनी है। हजरतगंज, पुराने लखनऊ, गोमतीनगर, अमौसी, कृष्णानगर, महानगर सहित शहर के लगभग सभी इलाकों में 5 हजार से अधिक अवैध होर्डिंग्स लगी हुई हैं। ये होर्डिंग्स न सिर्फ शहर की सुंदरता बिगाड़ रही हैं, बल्कि तेज हवा और बारिश में हादसों का खतरा भी बनी रहती हैं। अहमदाबाद मॉडल पर सड़कें, फ्लावर शो से बढ़ेगी पहचान स्ट्रीट डिजाइन योजना के साथ-साथ नगर निगम अहमदाबाद की तर्ज पर लखनऊ में इंटरनेशनल फ्लावर शो आयोजित करने की तैयारी में है। फरवरी में होने वाले इस आयोजन में 100 से अधिक फूलों की प्रजातियां प्रदर्शित की जाएंगी।

# अटल नगर योजनाः 02 बीएचके के 634 फ्लैटों की भी हुई लॉटरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देवपुर पारा स्थित एलडीए की अटल नगर आवासीय योजना के 02 बीएचके के 634 फ्लैटों का शुक्रवार को लॉटरी से आवंटन किया गया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में हुई लॉटरी में आवेदकों के हाथों से ही लॉटरी ड्रा की पर्चियां निकलवायी गयीं। जिसका यू-ट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण भी किया गया। एलडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि देवपुर पारा में लांच की गयी अटल नगर आवासीय योजना में 01 बीएचके और 02 बीएचके के फ्लैट्स हैं।

30 वर्गमीटर से लेकर 54.95 वर्गमीटर क्षेत्रफल के इन फ्लैटों की कीमत 9.82 लाख रुपए से शुरू है। एलडीए ने इस अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम में लिफ्ट के साथ-साथ स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, पावर बैकअप, सुरक्षा व्यवस्था, ग्रीन एवं किड्स प्ले एरिया व पार्किंग की सुविधा का प्रावधान किया है।

अटल नगर योजना के भवनों के लिए 4 अक्टूबर से 2 दिसम्बर, 2025 के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था, जिसमें कुल 5,781 लोगों ने पंजीकरण कराया। अपर सचिव ने बताया कि गुरुवार को पहले दिन की लॉटरी में 01 बीएचके के 1665 भवनों का आवंटन किया गया। वहीं, शुक्रवार को 02 बीएचके के 634 फ्लैटों का लकी ड्रा खोला गया। जिसमें खुले मंच पर आवेदकों को बुलाकर उन्हीं के हाथों से लॉटरी ड्रा की पर्चियां निकलवायी गयी।

इस तरह से कुल 2299 लोगों को इस अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम में अपने सपनों का आशियाना मिला। लॉटरी के आयोजन में पत्नी के साथ पहुंचे प्रिंस कुमार शर्मा ने बताया कि उन्होंने बड़ी उम्मीद से आवेदन किया था। लॉटरी में फ्लैट आवंटित होने पर प्रिंस बोले कि.. इससे बड़ी खुशी और कोई नहीं हो सकती। वहीं, सफल आवंटी अंजू सिंह, शोभित श्रीवास्तव, शिव मिश्रा, लकी वर्मा, सुधांशु गुप्ता समेत अन्य लोगों ने भवन मिलने पर खुशी जताई।

# भूतनाथ बाजार में 50 साल पुरानी सीवर लाइन बनी समस्या

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंदिरा नगर के भूतनाथ बाजार क्षेत्र में बार-बार हो रहे सीवर ओवरफ्लो की असल वजह इस क्षेत्र में आवास विकास विभाग की ओर से लगभग 50 वर्ष पूर्व डाली गई सीवर लाइन है। अब यह लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे सीवेज का प्रवाह बाधित हो रहा है और ओवरफ्लो की स्थिति बन रही है।

समस्या के समाधान के लिए सुएज की ओर से यहां करीब 210 मीटर लंबी, 800 डायमीटर की ट्रेंचलैस सीवर लाइन डाली जा रही है। हालांकि, कार्य आसान नहीं है। स्थानीय निवासियों के प्लॉट से महज एक फीट की दूरी से मुख्य ट्रंक सीवर लाइन गुजर रही है, जबकि नियमानुसार ऐसी लाइन सड़क के मध्य में होनी चाहिए। इसके अलावा, यहां के कई स्थानीय दुकानदारों की से सीवर लाइन के ऊपर ही दुकानें बना लेने से मरम्मत और नई लाइन डालने में भारी अवरोध आ रहा है। यह ट्रंक लाइन इंदिरा नगर, मैथिली शरण और लाल बहादुर शास्त्री-1 वार्ड का सीवेज वहन करती है, जिससे दबाव और बढ़ जाता है। ओवरफ्लो की स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए सुएज ने साईं मंदिर, नीलगिरि चौराहा और कलेवा चौराहा पर पंप स्थापित कर रखे हैं, जो लगातार संचालित है।

- ट्रेंचलैस तकनीक से हो रहा समाधान



सुबह और शाम के समय सीवेज लोड अधिक होने के कारण कभी-कभी ओवरफ्लो की समस्या सामने आ जाती है। सुएज के नेटवर्क मैनेजर रजनीश शर्मा का कहना है कि नई ट्रेंचलैस सीवर लाइन के पूरा होते ही भूतनाथ बाजार क्षेत्र को स्थायी राहत मिलेगी और वर्षों पुरानी सीवर समस्या का समाधान संभव हो सकेगा।

# समय पर जांच से प्रोस्टेट कैंसर 100% ठीक हो सकता हैः विधायक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मेदांता हॉस्पिटल में मेदांता कैंसर इंस्टिट्यूट की ओर से संचालित सोचो मत - बात करो प्रोस्टेट कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रोस्टेट कैंसर किओस्क की शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रोस्टेट कैंसर जैसे संवेदनशील विषय पर समाज में खुलकर बातचीत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गाँव, शहर और मोहल्ले, हर स्तर पर इस बीमारी के लक्षणों और समय पर जांच के प्रति जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए।

डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि प्रोस्टेट कैंसर का समय रहते पता चल जाए, तो इसका शत-प्रतिशत इलाज संभव है। विधायक ने प्रिवेंटिव हेल्थकेयर पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रिवेंशन इस बेटर दैन क्योर केवल एक कथन नहीं, बल्कि आज की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आवश्यकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस भारत ने विश्व को योग दिया, उसी भारत में आज लगभग 11 करोड़ लोग मधुमेह (डायबिटीज) से पीड़ित हैं। वहीं, मोटापा तेजी से बढ़ रहा है और अनुमान है कि 2030 तक मोटापे से ग्रसित विश्व का हर ग्यारहवां बच्चा भारत में होगा, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने यह भी सुझाव दिया कि प्राइवेट सेक्टर में हर वर्ष प्रिवेंटिव मेडिकल चेकअप को अनिवार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब लोगों को समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट मिलती है, तो वे खान-पान सुधार, नियमित व्यायाम और आवश्यक निवारक उपायों के माध्यम से गंभीर बीमारियों से स्वयं को बचा सकते हैं।



- तंबाकू छोड़ें, मधुमेह-मोटापे से बचें

तम्बाकू निषेध पर जोर देते हुए विधायक ने कहा कि तम्बाकू का सेवन पूरी तरह बंद किया जाना चाहिए और बच्चों व युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। डॉ. सिंह ने मेदांता हॉस्पिटल से आग्रह किया कि वह ग्रीन एनवायरमेंट और सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने वाले जनजागरूकता अभियानों की शुरूआत करे। उन्होंने मेदांता हॉस्पिटल से अपील की कि महीने में कम से कम एक दिन स्वास्थ्य शिविरों में सहभागिता सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम के अंतर्गत 1-मिनट स्क्रीनिंग, पेनल डिस्कशन और फिटनेस एक्टिविटीज के माध्यम से आमजन तक निवारक स्वास्थ्य सेवाओं का संदेश पहुँचाया गया।

# अर्बन सीलिंग की जमीनों को बेच डाला बन गये मकान

**लखनऊ।** शहर में अर्बन सीलिंग की करीब 270 बीघे जमीन पर कब्जा कर बेच दिया गया। हाल यह है दस्तावेजों में सीलिंग की इन जमीनों पर मकान बन चुके हैं तो प्लाटों को कई बार बेचा जा चुका है। जिला प्रशासन व लखनऊ विकास प्राधिकरण जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई से बच रहे हैं। औरंगाबाद जागीर की 2,43,185.55 वर्ग मीटर और औरंगाबाद खालसा की 4,33,760.89 वर्ग मीटर, यानी कुल 6,76,946.44 वर्ग मीटर जमीन अर्बन सीलिंग के अंतर्गत आती है। बताया जा रहा है कि अर्बन सीलिंग की जमीनों को प्रॉपर्टी डीलरों ने बेच डाला है। बिना किसी वैध लेआउट, बिना टाउनशिप योजना पास कराए, प्लाटिंग कर दी गई और आम लोगों को प्लॉट बेच दिए। दस्तावेजों में यह जमीन आज भी अर्बन सीलिंग के नाम दर्ज है, लेकिन मौके पर बड़े पैमाने पर मकान बन चुके हैं, कुछ जगह बहुमंजिला इमारतें खड़ी हो गई हैं और नई प्लाटिंग अब भी जारी है। वर्ष 2008 में शासन ने अर्बन सीलिंग की जमीनों की निगरानी के लिए एलडीए को कस्टोडियन बनाया था। जमीन का मूल मालिक जिला प्रशासन है, लेकिन न जिला प्रशासन जमीन बचा पाया और न ही कस्टोडियन के रूप में एलडीए अपनी जिम्मेदारी निभा सका। सबसे ज्यादा सवाल प्रवर्तन से जुड़े अधिकारियों की भूमिका पर खड़े हो रहे हैं।

# रियलमी 16 प्रो सीरीज का अनावरण

**लखनऊ।** रियलमी ने बाजार में अपनी नई रियलमी 16 प्रो सीरीज लॉन्च की है। इस सीरीज में रियलमी 16 प्रो प्लस और रियलमी 16 प्रो शामिल हैं। दोनों स्मार्टफोन्स में 200 मेगापिक्सल का ल्यूमाकलर पोर्ट्रेट कैमरा दिया गया है, जो एडवांस्ड एआई फीचर्स के साथ शानदार पोर्ट्रेट फोटोग्राफी का अनुभव देता है। दोनों फोन प्रीमियम अर्बन वाइल्ड डिजाइन में पेश किए गए हैं। बाजूल कोचर, प्रोडक्ट मैनेजर रियलमी इंडिया ने शुक्रवार को लाचिंग कार्यक्रम में बताया कि नई सीरीज को युवाओं की फोटोग्राफी और परफॉर्मेंस जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

# गंदगी और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ 76,400 का जुर्माना

**लखनऊ।** विभिन्न जोनों में शुक्रवार को विशेष अभियान चलाकर गंदगी फैलाने, अतिक्रमण करने तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 76,400 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जोन-3 में केशव नगर रोड क्षेत्र में गहन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे गंदगी फैलाने, अवैध अतिक्रमण करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले दुकानदारों को चिन्हित किया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 12 दुकानदारों पर नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित किया गया, जिससे 21,400 रुपये की धनराशि नगर निगम कोष में जमा कराई गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाना एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करना दंडनीय अपराध है और भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में जोन-7 के अंतर्गत इंटीग्रल यूनिवर्सिटी कुर्सी रोड, दसौली कुर्सी रोड, टेढ़ीपुलिया चौराहा सहित आसपास के क्षेत्रों में संचालित किया गया। निरीक्षण के दौरान सुनील किराना स्टोर, मोहम्मद सुफियान, किंग बेकरी और अंग्रेजी शराब ठेका (दसौली कुर्सी रोड) सहित कई प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन पाई गई। मौके पर ही लगभग 15 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई। इस पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के लिए 50,000 रुपये तथा गंदगी फैलाने के आरोप में 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार जोन-7 में कुल 55,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# अवध शिल्पग्राम के पास होगा सुंदरीकरण, बढ़ेंगीं सुविधाएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आवास आयुक्त ने शुक्रवार को अवध शिल्पग्राम परिसर में स्थित फूड कोर्ट, एम्फीथियटर, प्रदर्शनी हॉल, मल्टीपर्पज हॉल, ग्रीन बेल्ट्स, पार्क हेतु चिन्हित स्थल तथा निमार्णाधीन मॉल की साइट का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवास आयुक्त ने अवध शिल्पग्राम के आर्किटेक्चर को और अधिक आधुनिक बनाने तथा स्थल के सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। साथ ही, आसपास की सड़कों एवं ग्रीन बेल्ट्स के विकास में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए वन विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने स्थल की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने, स्थान के समुचित उपयोग, सौंदर्यीकरण, पार्किंग व्यवस्था में सुधार तथा बेहतर रिसेप्शन एरिया विकसित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, अवध शिल्पग्राम में होटल, खेल सुविधाएँ एवं स्विमिंग पूल जैसी नई सुविधाओं को शामिल करने के भी निर्देश दिए गए, जिससे अवध शिल्पग्राम को एक आकर्षक पर्यटन एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके और आगंतुकों को एक स्मरणीय अनुभव प्राप्त हो। निरीक्षण के दौरान उक्त स्थल पर अधीक्षण अभियंता वृन्दावन/अवध विहार वृत्त, अधिशासी अभियंता गण एवं सहायक आवास आयुक्त (प्रचार/सम्पत्ति) उपस्थित रहें।



- सड़कों व ग्रीन बेल्ट्स के विकास में आ रही बाधाएं होंगी दूर

# जीएसटी इनपुट से बकायेदारों पर दबाव

**लखनऊ।** उ.प्र. सीमेंट व्यापार संघ की लखनऊ ईकाई की बैठक शुक्रवार को एल्डिको ग्रीन गोमती नगर में हुई। प्रदेश अध्यक्ष श्याममूर्ती गुप्ता और प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री मनीष मोदी की उपस्थिति में सीमेंट कम्पनियों की ओर से हर समय मूल्य बढ़ोतरी का संदेश भेजते रहने और नानट्रेड सीमेंट को प्रोत्साहित कर डीलर्स को नुकसान होने तथा बकायेदार रिटेलरों से पेमेंट रुके होने की समस्या पर चर्चा हुई। श्याममूर्ती गुप्ता ने बताया कि फुटकर बिक्री प्रभावित होने से रेट बढ़ नहीं पा रहे हैं और कम्पनियों की ओर से मिलकर एक साथ रेट बढ़ाने से होशियार रहें। क्योंकि इसमें रेट घटने से डीलर्स का सीधा नुकसान होता है। स्टील कम्पनियों ने मिलकर रेट बढ़ाये थे जिसमें सरकार की कार्रवाई हुई है। अब रेट वापस हो रहे हैं जो सीधे डीलर्स को प्रभावित करेगा। कम्पनियों की ओर से नानट्रेड कहकर मूल्य घटाया जा रहा है और डीलर्स के पास ट्रेड की मात्रा कम होती जा रही है। पहले नानट्रेड में एक्साइज ड्यूटी की छूट मिलती थी जो जीएसटी लागू होने के साथ पूरी खत्म हो गई और अब एक ही वस्तु जो एक समान दर में है के दो बड़े अंतर से मूल्य रखना गलत है और अगर कम्पनी कर रही है तो *नानट्रेड को हर डीलर्स को बिक्री के लिए आवंटित किया जाये। राजस्व प्रभावित हो रहा है। उपाध्यक्ष अर्पित जैन ने बकायेदारों के रुके पेमेंट पर जीएसटी आधार पर न्यायालय के फैसले को साझा किया। श्याममूर्ती गुप्ता ने स्पष्ट किया कि जिन डीलर्स का पैसा किसी रिटेलर ने रोका है तो जीएसटी नियम अनुसार उसका इनपुट वापस करने के लिए कह सकते हैं जिससे आपका पेमेंट देने के लिए उसकी मजबूरी होगी लेकिन यह तभी संभव है कि रिटेलर को बिल से माल भेजा जाये। रिटेलर को आधार और चेक लेकर ही माल भेजें। संघ इसके लिए वित्त मंत्रालय को सिविल अंक में भी प्रभावित करने का पत्र देकर मांग करेगा जिससे बैंक डिफाल्टर की तरह जीएसटी डिफाल्टर का भी सिविल दर्ज किया जाये। बैठक में श्याममूर्ती गुप्ता, मनीष मोदी, दीपक सिंहल, अभिषेक मंसानी, मनीष अग्रवाल, अर्पित जैन, के एम गिरी , निर्मल गुप्ता, भास्कर गुप्ता, सिमरन जोत सिंह, डी के मिश्रा आदि शामिल रहे।



# डंडहिया बाजार में विरोध के बीच हटा अतिक्रमण
## दुकानदारों ने जोनल अफसर का किया घेराव, नहीं रुकी कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अतिक्रमण का शिकार हो चुकी डंडहिया बाजार में बुधवार को नगर निगम ने अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर बनी अवैध मांस की पक्की दुकानों को गिरा दिया गया तो दुकानदारों ने हंगामा शुरू कर दिया। जोनल अधिकारी का घेराव कर लिया। कार्रवाई के दौरान हंगामा बढ़ने पर भी टीम अतिक्रमण हटाने से पीछे नहीं हटी। नगर निगम के अनुसार डंडहिया बाजार में सड़क पर कब्जा कर वर्षों से पक्की दुकानें बना ली गई थीं। इससे यातायात बाधित हो रहा था और सीएम ग्रिड योजना के तहत प्रस्तावित सड़क विकास कार्य अटका हुआ था। बार-बार नोटिस देने के बाद भी दुकानदारों ने अतिक्रमण नहीं हटाया, जिसके बाद निगम ने सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया।

बाजार में जेसीबी के मौके पर पहुंचते ही बड़ी संख्या में दुकानदार और स्थानीय लोग जमा हो गए। अधिकारियों को घेरकर विरोध शुरू कर दिया गया। कुछ दुकानदारों ने कार्रवाई रोकने की मांग करते हुए तीखी बहस की, तो कुछ ने हंगामा खड़ा कर दिया। हालात इतने बिगड़े कि पुलिस फोर्स बुलाने की जरूरत पड़ी, लेकिन शुरूआती समय में पुलिस मौके पर नहीं पहुंच सकी।

इस दौरान जोनल अधिकारी आकाश कुमार ने मौके पर डटे रहे। उन्होंने टीम को निर्देश दिए और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखी। भीड़ को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन जब विरोध थमा नहीं, तो जेसीबी चलाकर दुकानों को गिराना शुरू कर दिया गया। हंगामे की सूचना पर कुछ स्थानीय नेता भी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे। दुकानदारों के पक्ष में दबाव बनाने की कोशिश हुई, लेकिन नगर निगम की टीम ने कार्रवाई जारी रखी। अलीगंज क्षेत्र में यादव लोहा भंडार से कूड़ेघर तक दोनों पट्टियों पर सार्वजनिक मार्ग पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क किनारे लगाए गए अस्थायी ढांचे और अवरोधों को हटाकर मार्ग को पूरी तरह साफ कराया गया। इसके अलावा कानपुर रोड पर दरोगा खेड़ा से लेकर लखनऊ हॉस्पिटल, कृष्णानगर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों की ओर से लगाए गए ठेले, ठेलिया, खुमचा, गुमटी और काउंटर हटाए गए। इसके साथ ही गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलिथीन के उपयोग के मामलों में 8,000 रुपये का शमन शुल्क भी वसूला गया। अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जोन-8 में भी अवैध अस्थायी अतिक्रमण एवं अवैध होल्डिंग, बैनर और पोस्टर के विरुद्ध वृहद अभियान चलाया गया।



# गृहकर जमा न करने पर सील किए दो बैंक

**लखनऊ।** बकाया गृहकर जमा न करने पर नगर निगम टीम ने शुक्रवार को विधानसभा मार्ग पर दो बैंकों को विरोध के बीच सील कर दिया। इसके बाद हड़कंप मचा तो बिल्डिंग मालिक ने बकाया गृहकर जमा किया तो नगर निगम ने सील को खोल दिया। इसके अलावा कई अन्य इलाकों में भी पांच दुकानें बकाया गृहकर जमा न करने पर सील की गईं। नगर निगम के जोनल अधिकारी ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि विधानसभा मार्ग स्थित भवन संख्या 47/057 पर 16 लाख रुपये से अधिक का गृहकर बकाया है। कई बार बिल और नोटिस जारी किए गया उसके बाद भी भवनस्वामी ने गृहकर जमा नहीं किया।

- आठ लाख जमा करने पर खोली सील

इसी भवन में किराए पर बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की खुली हैं। ऐसे में सीलिंग की कार्रवाई में बैंकों को भी बंद कराया गया। सीलिंग की कार्रवाई के बाद भवनस्वामी ने चार लाख रुपये तत्काल और चार लाख रुपये का एडवांस चेक दिया। जिसके बाद सील को खोला गया। इसके अलावा कैंट रोड पर भवन संख्या 118/088-वी, कैंट को 4,29,695 रुपये बकाया गृहकर पर सील किया गया। नगर निगम जोन आठ की टीम ने राजा बिजली पासी प्रथम वार्ड में पांच दुकानों को सील किया। इन पर करीब 58 लाख रुपये गृहकर बकाया है।

# आज और कल अवकाश में खुलेगा नगर निगम, जमा होगा गृहकर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माह के दूसरे शनिवार और रविवार को अवकाश के दिन भी नगर निगम के सभी जोनल कार्यालय खुलेंगे। जहां पर गृहकर जमा करने के अलावा गृहकर से जुड़े अन्य काम भी होंगे। इसको लेकर आदेश भी जारी कर दिया गया है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि शनिवार एवं रविवार को अवकाश है मगर नगर निगम के समस्त जोनल कार्यालयों में खुलेंगे और वहां पर गृहकर का काम होगा। गृहकर कैश काउंटर सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक खुले रहेंगे। इस दौरान भवनस्वामी वहां पर जाकर अपना गृहकर जमा कर सकेंगे।

गृहकर जमा करने के अलावा नया गृहकर निर्धारण, फीडिंग, संशोधन और आपत्तियों के निस्तारण का काम होगा। इन दोनों दिन नगर निगम के सभी जोनल कार्यालयों में भवनस्वामियों का कर निर्धारण, फीडिंग, संशोधन, आपत्तियों का निस्तारण तथा कर जमा कराने से संबंधित समस्त कार्य किए जाएंगे। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे करदाताओं से संपर्क कर उन्हें बकाया गृहकर व जलकर जमा कराने के लिए प्रेरित करें, जिससे अधिक से अधिक राजस्व संग्रह सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, नगर निगम प्रशासन द्वारा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि सभी वार्डों में कैंपों का आयोजन किया जाए और उनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि नागरिकों को अपने ही क्षेत्र में कर निर्धारण एवं कर भुगतान की सुविधा मिल सके। इन कैंपों के माध्यम से कर निर्धारण, कर वसूली और संबंधित समस्याओं के समाधान का कार्य भी किया जाएगा।



**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# युवक की हत्या, शव जलाकर पहचान मिटाने की कोशिश



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शुक्रवार को 25 वर्षीय युवक का बदमाशों ने कत्ल कर दिया। कत्ल के बाद उसका शव जलाकर पहचान मिटाने की कोशिश की, फिर चादर में शव बांधकर झाड़ियों में फेंक दिया। आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों ने हत्या किसी और जगह की और फिर शव को ठिकाने लगाने के लिए यह स्थान चुना। हत्यारों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें दबिश दे रही हैं। साथ ही शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके की अलखनंदा चौकी क्षेत्र में स्थित भागीरथी एन्क्लेव की चहारदिवारी के बाहर शुक्रवार सुबह झाड़ियों में चादर से बंधा एक युवक का शव पड़ा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर भीड़ जुट गई। सुशांत गोल्फ सिटी थाने के इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय, एसीपी गोसाईंगंज ऋषभ यादव पहुंचे। पुलिस ने चादर खुलवाई तो उसमें युवक का बंधा हुआ शव था। युवक की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। सांवले रंग का दाहिने हाथ में कलावा बंधा है। शरीर पर जींस की पैंट और सफेद चेकदार शर्ट है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किए। एसीपी ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। हत्यारोपियों की तलाश में घटनास्थल को जाने वाले मार्ग पर लगे सीसी कैमरों आदि की पड़ताल की जा रही है। तीन टीमें घटना के खुलासे की गठित की गई हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। कमर के नीचे का हिस्सा था जला वारदात के बाद हत्यारों ने पहचान मिटाने के लिए शव को जलाने की कोशिश की। युवक के शरीर के नीचे का हिस्सा जला हुआ है। पेट्रोल अथवा किसी अन्य चीज से जलाने की कोशिश की है। आशंका है कि हत्या कहीं और की गई और फिर शव को ठिकाने लगाने के लिए यहां झाड़ियों में रात को फेंका गया है। शहर और पड़ोसी जनपदों से मांगा गुमशुदगी का ब्योरा पुलिस ने शहर और पड़ोसी जनपदों से युवकों की गुमशुदगी का ब्योरा मांगा है। इसके साथ ही घटना स्थल के आस पास गांव और इलाके में भी लोगों से बात कर रही है। कई ग्राम प्रधानों को भी पुलिस ने युवक की फोटो शव से जुड़ी जानकारी भेजी है। युवक कि शिनाख्त के बाद काफी स्थिति साफ हो सकेगी।

**जमीन की रंजिश में भतीजे को पीटकर किया घायलः** जमीन विवाद के चलते चाचा ने दो लोगों के साथ मिलकर देवी खेड़ा निवासी भतीजे अरविंद को लाठी डंडों से जमकर पीटा। पुलिस ने भतीजे अरविंद की तहरीर पर चाचा महेश, रूपचंद समेत दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अरविंद कुमार ने बताया है कि उनके घर के सामने खाली जमीन है। जिसको चाचा महेश, और रूपचंद कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि पीड़ित के साथ कई बार मारपीट हो चुकी है। गुरुवार रात को वह बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान घात लगाए बैठे लोगों ने रास्ता रोक कर जमकर मारा पीटा। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि महेश और रूप चंद्र को गिरफ्तार लिया गया है।

## भ्रष्टाचार के आरोप में हटाये गये भिनगा के नपाय अध्यक्ष को राहत

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार और आर्थिक मामलें में अपनी षक्तियों का दुरुपएग करने के आरोप में हटाये गये श्रावस्ती जनपद के भिनगा नगर पालिका परिशद के अध्यक्ष इरफान अहमद के इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बड़ी राहत देते हुए उनके हटाने संबधी राज्य सरकार के आदेश के खारिज कर उनको बहाल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने उनके खिलाफ समुचित जांच नहीं किया था और केवल प्रारम्भिक जांच और उसपर दिये गये जवाब के देखकर ही इरफान के हटाने संबधी आदेष जारी कर दिया थो जो कि विधि सम्मत नहीं है। हांलाकि कोर्ट ने राज्य सरकार के नियमानुसार जांच करने की छूट भी दे दिया है। यह आदेश जस्टिस शेखर बी सर्राफ और जस्टिस मंजीव षुक्ला की पीठ ने इरफान की रिट याचिका के मंजूर करते हुए पारित किया है। याची ने राज्य सरकार के 29 अक्टूबर 2025 के आदेष के चुनौती दी थी जिसके जरिये उसे नगर पालिका परिशद के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। याची की ओर से षे वरिश्ठ अधिवक्ता एल पी मिश्रा का तर्क था कि इस मामले में याची के खिलाफ समुचित जांच नहीं की गयी थी जबकि यदि किसी सरकारी अधिकारी के भी हटाया जाता है तो उसके भी खिलाफ समुचित जाचं होती है। कहा गया कि इस मामले में याची तो एक बड़े पद के धारण करता है तो ऐसे में उसके खिलाफ बिना विधिवत जांच किये और जाचं में उसे सुनवायी का पूरा मौका दिये पद से हटाना राज्य सरकार का अवैध और मनमाना कृत्य है। मामलें में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सूर्य मणि सिंह रायकवार का तर्क था कि इरफान के हटाने से पहले समुचित जांच की गयी थी और उनके हटाने संबधी आदेष विधि सम्मत है और उसमें दखल देने की आवष्यकता नहीं है। कोर्ट ने राज्य सरकार के तर्को के नकारते हुए कहा कि 29 अक्टूबर 2025 के आदेश के देखने से स्पष्ट है कि इस मामले में समुचित जांच नहीं की गयी और न ही याची के अपने बचाव का पूरा मौका दिया गया है।

### जिलाधिकारी अयोध्या पर लगा 7700 का हर्जाना

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जिलाधिकारी, अयोध्या व नगर पंचायत गोसाईगंज, अयोध्या पर क्रमशः 7700 रुपये व 5500 रुपये का हजार्ना लगाया है। न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर सुनवायी के दौरान पाया कि आदेश के बावजूद जिलाधिकारी, अयोध्या ने मामले में जवाब नहीं दाखिल किया व नगर पंचायत ने जवाब तो दाखिल किया लेकिन बिना किसी दस्तावेज के चलताऊ तरीके से शपथ पत्र दाखिल कर दिया है। न्यायालय ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए, दोनों पर हजार्ना लगाया है। मामले की अगली सुनवायी फरवरी के दूसरे सप्ताह में होगी।

# रिटायर फौजी ने कुत्ते को मारी गोली, एनजीओ ने भर्ती कराया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारा क्षेत्र के सरोसा भरोसा मोहल्ले में गुरुवार दोपहर रिटायर फौजी ने लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से कुत्ते पर दो राउंड फायरिंग कर दी। जिसमें से एक गोली गले में लगने से कुत्ता घायल हो गया।

ग्रामीणों की सूचना पर एनजीओ के कार्यकताओं ने श्वान को पशु चिकित्सक के क्लीनिक में भर्ती करवाया। कुत्ते की हालत गंभीर है। शुक्रवार को आसरा द हेल्पिंग हैड ट्रस्ट एनजीओ ने आरोपी पर मुकदमा करवाया है। आरोप है कि जब गोली चलाई गई तो घर के पास ही बच्चे खेल रहे थे। गनीमत रही कि कोई दुर्घटना नहीं हुई।

मोहान रोड स्थित सरोसा भरोसा में सेना से नायब सुबेदार पद से रिटायर्ड जंगली अंसारी (40) परिवार के साथ रहते हैं। घर पर दो पालतू कुत्ते पाल रखे हैं। मोहल्ला निवासी बबलू राठौर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि जंगली अंसारी के घर के सामने स्ट्रीट डॉग घूम रहे थे। इन्हें देखते ही जंगली के पालतू कुत्ते नीचे कूद गए। इससे नाराज जंगली अंसारी ने लाइसेंसी बंदूक से कुत्ते को दौड़ा लिया और दो फायर कर दिया। एक गोली कुत्ते के गले पर लगने से वह घायल हो गया। वहीं कुत्ते को दौड़ाकर गोली मारने के दौरान घर के बाहर बच्चे खेल रहे थे। संयोग है कि गोली किसी बच्चे को नहीं लगी। मोहल्ले के लोगों ने इस घटनाक्रम की सूचना आसरा हेल्पिंग ट्रस्ट एनजीओ को दी। एनजीओ के प्रतिनिधि पहुंचे और कुत्ते को लेकर पशु चिकित्सक की क्लीनिक ले गए। क्लीनिक में कुत्ते का इलाज चल रहा है। एनजीओ की ओर से पारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। फौजी के पड़ोसी बबलू राठौर ने भी तहरीर दी है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि एनजीओ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी रिटायर्ड फौजी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र का नाम आर्यन शर्मा से बदलकर आर्यनदेव शर्मा रख लिया है और जन्मतिथि 22.04.2010 है। मेरे पुत्र को आर्यनदेव शर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **किरन पत्नी सुनील शर्मा नि.- 1127/1, इन्दिरा नगर, लखनऊ।**

## 33 वाहन सीज

**लखनऊ।** यातायात पुलिस ने अवैध/डग्गामार वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 33 वाहनों को सीज किया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 4042 वाहनों के चालान किए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर, वि.ख. मलिहाबाद, जनपद-लखनऊ**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक- 09.01.2026

**निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रसूलपुर, विकासखंड मलिहाबाद, जनपद लखनऊ में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भट्ठा मालिक, दुकानदार दिनांक 10.01.2026 से दिनांक 16.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 16.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीराम के मकान से ट्यूबेल की पुलिया तक पक्का नाला निर्माण | मनरेगा/ | 399849/- | सीमेन्ट, ईंट, मौरंग, बालू, व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते गाइड लाइन के अनुसार लागू।

रामपाल, ग्राम प्रधान, ग्रा.पं. रसूलपुर, वि.ख. मलिहाबाद, जनपद-लखनऊ
आशीष कुमार शुक्ला, सचिव, ग्रा.पं. रसूलपुर, वि.ख. मलिहाबाद, जनपद-लखनऊ



**कार्यालय ग्राम पंचायत- बहादुरपुर, वि0ख0- धनपतगंज, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-09.01.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- बहादुरपुर, विकासखंड धनपतगंज, जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक /भट्ठा मालिक दिनांक 10.01.2026 से दिनांक 16.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बहादुरपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 16.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | जानकी के घर से धर्मराज के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 2.81 लाख रुपए। | एस0ओ0बी0 ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | मलिक बहादुर बाबा की मजार से बजरंगी के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 2.15 लाख रुपए। | एस0ओ0बी0 ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 3. | शमीम के घर से दिलीप मौर्या के खेत तक पक्की नाली निर्माण कार्य। | 7.07 लाख। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट मोरंग बालू व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 4. | बहादुर मस्जिद से रवि चंद्र के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 6.43 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 5. | पप्पू निषाद के घर से राम किशोर खेत के पास गड़ही तक नाली निर्माण कार्य। | 9.97 लाख रुपये। | ईंट प्रथम श्रेणी,सीमेंट मोरंग बालू व अन्य निर्माण सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां0पं0- बहादुरपुर, वि0ख0- धनपतगंज
जनपद-सुलतानपुर।



**कार्यालय ग्राम पंचायत हरसिंहपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 09.01.2026

**अति अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरसिंहपुर के कार्यालय मे ं वित्तीय वर्ष 2025.-26 मे ं निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 16.01.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टरलाकिंग टायल्स | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | छोटे के घर से कामता के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 9.39 घन मी. | 4570 नग | 18.78 घन मी. | 279 नग | 60 बैग | 3.14 घन मी. |
| 2 | मुनेश के घर से शिव राज के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 24.41 घन मी. | 10220 नग | 48.82 घन मी. | 18233 नग | 170 बैग | 7.18 घन मी. |

नियम शर्ते
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत हरसिंहपुर के कार्यालय में 10.01.2026 से 16.01.2026 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत हरसिंहपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 10.01.2026 से दिनांक 16.01.2026 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबन्द टेण्डर डाले जायेंगे। तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत हरसिंहपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 16.01.2026 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

किरन देवी, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत हरसिंहपुर, विकास खण्ड धौरहरा
भास्कर राय, ग्रा.वि.अधिकारी, ग्राम पंचायत हरसिंहपुर, विकास खण्ड धौरहरा


# केजीएमयू : कुलपति कार्यालय में हंगामा, शिक्षकों में आक्रोश



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में लव जिहाद मामले को लेकर शुक्रवार को उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया, जब उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव को कुलपति से मिलने के लिए कथित तौर पर लगभग 10 मिनट तक खड़ा रखा गया। आरोप है कि इसके बाद भी कुलपति से मुलाकात नहीं हो सकी। इससे नाराज उनके समर्थकों ने प्रशासनिक भवन के बाहर नारेबाजी की, इतना ही नहीं इस दौरान कुलपति कार्यालय के बाहर खड़े कुछ संगठनों के लोगों ने अंदर जाने का प्रयास किया। जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। जिससे कुलपति कार्यालय में नुकसान की बात भी सामने आ रही है। इसके अलावा वहां साक्षात्कार देने आये डॉक्टरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। डॉक्टरों का साक्षात्कार कुलपति स्वयं ले रहीं थीं। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद शिक्षक आक्रोशित हो उठे और केजीएमयू प्रशासन से हंगामा करने वालों पर एफआईआर करने की मांग की है।

हंगामें के बाद केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि इस तरह की घटना होना बहुत ही गलत है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में तोड़फोड़ की घटना को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव को मुलाकात के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने अकेले मिलने से इंकार कर दिया। वहीं हंगामे के बाद शिक्षक संघ ने सख्त कार्रवाई की मांग की है, साथ ही चेतावनी जारी की है कि यदि कार्रवाई समय पर नहीं होती है तो आंदोलन होगा। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके.सिंह ने कहा कि शिक्षकों में खासा आक्रोश था, वह आंदोलन करने जा रहे थे, लेकिन फिलहाल उन्हें मना लिया गया है।

**महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जाहिर की नाराजगीः** इससे पहले उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव को कुलपति से मिलने के लिए कथित तौर पर लगभग 10 मिनट तक खड़ा रखा गया था। इसके बाद अपर्णा यादव ने प्रशासनिक भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केजीएमयू प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में घटित संवेदनशील घटनाओं की जानकारी समय रहते मुख्यमंत्री और राज्यपाल को नहीं दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मामला महिला उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना से जुड़ा था, तो इसे दबाने की कोशिश क्यों की गई। उन्होंने कहा कि संबंधित मामले को लगभग 10 दिनों तक दबाकर क्यों रखा गया। साथ ही पूछा कि पीड़िता को महिला आयोग के पास जाने से क्यों रोका गया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, क्या महिला आयोग को जांच के लिए किसी की अनुमति लेनी पड़ेगी।

**आरोपित रेजिडेंट डॉ. रमीजुद्दीन नायक को निष्कासित करने की तैयारीः** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में शादी का झांसा देकर यौन शोषण, गर्भपात कराने के आरोपी जूनियर रेजिडेंट डॉ. रमीज उद्दीन नायक को निष्कासित कर दिया जायेगा, वह आगे की पढ़ाई नहीं कर पाएगा। इसके लिए केजीएमयू प्रशासन की तरफ से डीजीएमई को आज पत्र भेजा जाएगा। यह जानकारी केजीएमयू की कुलपति प्रो, सोनिया नित्यानंद ने दी है। कुलपति ने शुक्रवार को केजीएमयू परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि डॉक्टर रमीज उद्दीन का मामला प्रकाश में आने के बाद उसे निलंबित कर दिया गया था। कमेटी की जांच के आधार पर उसे निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि केजीएमयू में नीट के जरिये डॉ. रमीज का दाखिला हुआ था। यहां प्रवेश चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दिया जाता है। इसलिए रमीज के निष्कासन की संस्तुति उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग से करने की तैयारी की है। विवि के चीफ प्रॉक्टर प्रो आर एस कुशवाहा ने बताया कि जांच के दौरान रमीज एक बार कमेटी के सामने उपस्थित हुआ, लेकिन इसके बाद उसका मोबाइल फोन लगातार बंद जा रहा है।

### एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के केजीएमयू अस्पताल में उस वक्त बवाल शुरू हो गया, जहां यूपी महिला आयोगी की अध्यक्ष अपर्णा यादव के समर्थकों ने केजीएमयू कुलपति दफ़्तर में हंगामे कर दिया. कुलपति के दफ्तर में हंगामे और नारेबाजी कर एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। अपर्णा यादव की प्रेस कांफ्रेंस के बाद केजीएमयू प्रशासन ने प्रेस कांफ्रेंस केजीएमयू के प्रवक्ता डॉक्टर केके सिंह ने अपर्णा यादव और उनके समर्थकों की खुलकर आलोचना की।

### मुख्यमंत्री से महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने मुलाकात की

धर्मांतरण के मामले में शुक्रवार को केजीएमयू में हुए विवाद के बाद राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने प्रकरण में अब तक हुई कार्रवाई के बारे में सीएम को जानकारी दी। केजीएमयू परिसर में हुए विवाद और वहां के प्रशासन के रवैया के बारे में भी बताया। बता दें कि अपर्णा यादव ने शुक्रवार को केजीएमयू में प्रेसवार्ता में कहीं। उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाए। साथ ही उन्होंने बताया कि वह केजीएमयू कुलपति सोनिया नित्यानंद से मुलकात कर प्रेसवार्ता करने आई थीं, लेकिन वीसी ने मुलाकात से इनकार कर दिया।

### ग्राम प्रधान ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**मलिहाबाद।** दिन-ब-दिन बढ़ती कड़ाके की ठंड को देखते हुए मलिहाबाद तहसील प्रशासन ने ग्राम पंचायतों में जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण अभियान तेज कर दिया है। कड़ाके की ठंड और गलन से बचाव के उद्देश्य से ग्राम प्रधानों द्वारा गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने लेखपालों और ग्राम प्रधानों को यह जिम्मेदारी सौंपी है कि वे घर-घर जाकर जरूरतमंद, असहाय और गरीब परिवारों की पहचान कर उन्हें कंबल उपलब्ध कराएं, जिससे ठंड से उनका बचाव हो सके। बीते एक सप्ताह से ठंड और गलन का प्रकोप लगातार बढ़ा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब और असहाय लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे थे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत नई बस्ती धनेवा में ग्राम प्रधान विजय कुमार मौर्य ने गांव के गरीब व जरूरतमंद लोगों को 35 कंबल वितरित किए। ठिठुरती ठंड में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। ग्राम प्रधान ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और जो भी गरीब व असहाय लोग कंबल पाने से वंचित रह गए हैं, उन्हें भी इसका लाभ दिया जाएगा। प्रशासन के इस कदम से ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है और कंबल वितरण अभियान को सराहना मिल रही ।

## स्पा एंड मसाज सेंटर में लगी आग, फर्नीचर जला

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में स्थित एडीएस स्पा एंड मसाज सेंटर में शुक्रवार तड़के आग लग गई। घटना से आस पड़ोस में अफरा-तफरी मच गई। दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया। एडीएस स्पा एंड मसाज सेंटर सुशांत गोल्फ सिटी इलाके की मिलेनियम पैलेस बिल्डिंग में दूसरे तल पर है। शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे धुआं और लपटें निकलती देख आस पड़ोस के लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। लपटें विकराल होती देख गार्ड और अन्य लोगों ने पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बेकाबू होते देख दमकल को सूचना दी। स्पा सेंटर के मालिक धनंजय भी पहुंच गए। पीजीआई फायर स्टेशन से दमकल कर्मी दो गाड़ियां लेकर पहुंचे। एफएसओ माम चंद्र बड़गूजर ने बताया कि दो गाड़ियों की मदद से घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया था। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। आग शार्ट सर्किट से लगी थी। आग से फर्नीचर आदि जला है। पूरी इमारत में धुआं भर गया था।

## नहर कटी, पानी में डूबी सिरगामऊ रोड, बाग जलमग्न

**लखनऊ।** शारदा नहर खंड-दो के कसमंडी कला रजबहा के सिरगामऊ रोड के पास नहर की खांदी (किनारा) कटने से पानी बागों, खेतों और सड़क पर भर गया है। इस कारण मऊ, रमगढ़ा, सिरगामऊ आदि गांवों के ग्रामीणों को इस भीषण सर्दी में सड़क पर भरे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं, बागों में पानी भरने से पेड़ों को नुकसान होने की आशंका बन गई है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक विभाग ने सुध नहीं ली है। कसमंडी कला क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि सिरगामऊ सम्पर्क मार्ग के किनारे स्थित नहर की खांदी कटने से आस पास के तमाम बागों व खेतों में जलभराव हो गया है। बागों खेतों से होते हुये नहर का पानी सड़क पर भी भर गया है। इस कारण इस सड़क से आवागमन करने वाले तमाम गांवों के ग्रामीणों को सड़क पर भरे एक फुट गहरे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। सिरगामऊ, चतुरीखेड़ा, कुशभरी, सरसंडा आदि करीब दो दर्जन गांवों के ग्रामीणों को कसमण्डी तक आने जाने के लिये इसी पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिनों से यह समस्या है। नहर विभाग से शिकायत करने के बावजूद अभी तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है।

## मोबाइल टावर से केबिल चोरी करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मलिहाबाद।** पुलिस ने मोबाइल टावरों से बिजली के तार व केबिल चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का माल व घटना में प्रयुक्त उपकरण 03 बोरी बिजली के तार व केबिल, केबिल कटर, आरी ब्लेड, कटर प्लास तथा साइकिल ट्यूब—बरामद किए गए हैं। इस मामले में लखनऊ निवासी अनुभव, जो इंडस टावर लिमिटेड में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं, ने बीती 3 जनवरी को थाना मलिहाबाद में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि 28 दिसंबर की रात मुजासा स्थित एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर से अज्ञात चोरों द्वारा विभिन्न विद्युत उपकरण व केबिल काटकर चोरी कर लिए गए थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। शुक्रवार को गश्त के दौरान मलिहाबाद पुलिस टीम ने माल रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विकास शुक्ला निवासी ग्राम पारा, थाना मौरावा, जनपद उन्नाव (हाल पताः गढ़ी संजर खां, ससुराल, थाना मलिहाबाद, लखनऊ) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने कबूल किया कि उसने अपने तीन अन्य साथियों—सुनील रावत, बसंतलाल उर्फ बसंता व युनुस—के साथ मिलकर थाना मलिहाबाद क्षेत्र में कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। अभियुक्त ने बताया कि मई 2025 में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज से बिजली का तार चोरी किया, अगस्त 2025 में ग्राम माधौपुर में हरदोई रोड किनारे खेत में बने टीनशेड कमरे से समरसेबल पंप चोरी किया, नवंबर 2025 में ग्राम ढकवा में ट्रांसफार्मर के आगे लगे तीन बिजली के पोलों का तार चुराया, 28 दिसंबर की रात मुजासा स्थित मोबाइल टावर से तार चोरी किया तथा इसके अलावा थाना रहीमाबाद क्षेत्र के तेरवा गांव में दो नलकूपों के पास करीब 10 पोलों की केबिल चोरी की थी।

# साइबर फ्रॉड में फर्स्ट ऑवर ही गोल्डन ऑवरः राजीव मल्होत्रा

- यूपीएसआईएफएस में साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फॉरेंसिक के तीसरे बैच का कोर्स संपन्न
- यूपी,दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गोवा तथा मध्य प्रदेश के अधिकारी हुए शामिल



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस), लखनऊ में शुक्रवार को आईफोरसी (आई4सी) गृह मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित साप्ताहिक कोर्स संपन्न हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा थे, जिन्हें संस्थान के उप निदेशक जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कोर्स में यूपी सहित देश के विभिन्न राज्यों दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गोवा और मध्य प्रदेश के कुल 40 पुलिस अधिकारियो ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर महानिरीक्षक के महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने सभागार में उपस्थित अधिकारियों को कोर्स पूर्ण करने की बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने इस संस्थान से जो भी ज्ञान हासिल किया है उसका शत प्रतिशत उपयोग अपने यूनिट्स में अवश्य कीजियेगा तभी इस संस्थान का मेहनत सफल होगा क्योकि हमारा प्रयास है कि वर्तमान में हो रहे साइबर अपराधो पर अंकुश लगे। लोग जानकारी के अभाव में अभी भी डिजिटल अरेस्ट हो रहे हैं और उनकी गाढ़ी कमाई साइबर ठगों द्वारा छल से हड़प ली जा रही है। उन्होंने कहा कि ध्यान रहे कि साइबर फ्रोड में फर्स्ट आवर ही गोल्डन आवर होता त्वरित कार्यवाही से आप साइबर फ्रोड को आप मात दे सकते है अन्यथा देर का लाभ अपराधी को मिल सकता है इसलिए आप जहा भी कार्यरत रहें पीड़ित व्यक्ति के प्रतिसंवेदनशील रहें तथा आम जन को जागरूक भी करते रहें।

इस अवसर पर उप निदेशक जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि आज के दौर में पुलिसिंग में वर्तमान तकनीकी पर फोकस करना बेहद जरुरी है अन्यथा आप पीछे रह जायेंगे और अपराधी आपसे आगे निकल जायेगा। उन्होंने पुलिसिंग में साइबर और फोरेंसिक के महत्व को विस्तृत ढंग से बताया। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी, प्रतिसार उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह फैकल्टीज डॉ मनीष राय, गिरिजेश राय, डॉ पलक एवं कार्तिकेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदी दिवस आज : दुनिया में बढ़ा हिंदी का कद : कथाकार अखिलेश






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व हिंदी दिवस हिंदी भाषा को वैश्विक मंच पर मजबूत करने का प्रतीक है। हर साल 10 जनवरी को मनाया जाने वाला यह दिन हिंदी की अंतरराष्ट्रीय पहचान और बढ़ते प्रभाव को दशार्ता है। आज हिंदी सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के कई देशों में बोली, पढ़ी और समझी जा रही है। यह दिवस लोगों को हिंदी के प्रति जागरूक करता है और इसके उपयोग को बढ़ावा देता है।

विश्व हिंदी दिवस की शुरूआत 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित पहला विश्व हिंदी सम्मेलन से प्रेरित है। अब तक 12 विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हो चुके हैं।आज हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जिसे 60 करोड़ से ज्यादा लोग बोलते हैं।हिंदी भारतीय संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय एकता का मजबूत माध्यम है। डिजिटल युग में हिंदी सोशल मीडिया, वेबसाइट्स, मोबाइल ऐप्स और ऑनलाइन कंटेंट के जरिए तेजी से फैल रही है। हिंदी अब सिर्फ साहित्य या बातचीत तक सीमित नहीं रही। यह विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, कूटनीति और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत जगह बना रही है। हिंदी प्रमुख कामकाजी भाषाओं में शामिल है और दुनिया के 100 से ज्यादा विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती है। विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ इसे रोजगार, शोध और वैश्विक संवाद की भाषा के रूप में और सशक्त बनाना है।

एक समय था जब व्यक्ति दूसरे लोगों के सामने हिंदी बोलने में संकोच करता था लेकिन अब वह दौर जा चुका है। हिंदी दिवस के मौके पर वॉयस ऑफ लखनऊ से खास बातचीत में कथाकार अखिलेश ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि गूगल, अमेजॉन एवं फ्लिपकार्ट जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां बाजार में व्यवसाय करने के लिए हिंदी भाषा को प्राथमिकता दे रही हैं। इतना ही नहीं पूरे विश्व में हिंदी सिनेमा, हिंदी के सीरियल एवं रियलिटी शो देखे जा रहे हैं। आने वाले समय में हिंदी तीसरी सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा बनेगी। उन्होंने बताया कि एक सर्वेक्षण में पता चला है कि विश्व की 4700 भाषाओं में से इस समय सिर्फ 1100 भाषाएं ही जिंदा हैं। उनमें से 322 भाषाएं भारतीय उपमहाद्वीप में बोली जाती हैं लेकिन हिंदी एकमात्र ऐसी भाषा है जोकि विश्व स्तर पर लगातार बढ़ती जा रही है।

**व्हाट्सएप पर करोड़ों लोग हिंदी में कर रहे चैट:** कथाकार अखिलेश कहते हैं आज 68 करोड़ से ज्यादा लोग व्हाट्सएप पर हिंदी में चैट करते हैं। यूपी समेत अन्य दूसरे कई राज्यों में अपने खुद की भाषा के समाचारपत्र या न्यूज चैनल को देखने के अलावा हिंदी भाषा के समाचारपत्र एवं न्यूज चैनलों का बोलबाला है। आज यूपी में शायद ही कोई राष्ट्रीय हिंदी अखबार है जिसका हिंदी का संस्करण न हो।

**विदेश में हिंदी पढ़ने का बढ़ रहा चलन:** आज हिंदी उन देशों में बहुत तेजी से बढ़ रही है, जहां पर भारतीयों की एक बहुत बड़ी संख्या वर्षों से अपना व्यवसाय कर रही है। वे भारतीय रीति.रिवाजों को वहां पर जिंदा रखे हैं। इनमें जापान, कनाडा, अमेरिका इंग्लैंड और मध्य यूरोपीय देशों के साथ रूस और कजाकिस्तान जैसे देश हैं।

**करीब 1,000 साल पुराना इतिहास:** कथाकार अखिलेश ने बताया कि हिन्दी भाषा का इतिहास करीब 1,000 साल पुराना माना गया है। सामान्यतः प्राकृत की अन्तिम अपभ्रंश अवस्था से ही हिन्दी साहित्य की शुरूआत मानी जाती है। उस समय अपभ्रंश के कई रूप थे और उनमें सातवीं.आठवीं शताब्दी से ही पद्य रचना शुरू हो गई थी। हिन्दी भाषा व साहित्य के जानकार अपभ्रंश की अंतिम अवस्था अवहट्ट से हिन्दी का उद्भव स्वीकार करते हैं।

**विश्व हिंदी दिवस से अलग है राष्ट्रीय हिंदी दिवस :** कथाकार अखिलेश कहते हैं कि हिदी दिवस साल में दो बार 10 जनवरी और 14 सितंबर को मनाया जाता है। 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है और 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस होता है, हालांकि, दोनों का उद्देश्य हिंदी का प्रचार प्रसार ही है। पंडित जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने 14 सितंबर को हिंदी दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा संसद में की। आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय हिंदी दिवस 14 सितंबर 1953 को मनाया गया था। वहीं, हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाने के पीछे की वजह ये है कि भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा 10 जनवरी 2006 को विश्व हिंदी दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिन के इतिहास की बात करें, तो पहला विश्व हिंदी सम्मेलन नागपुर महाराष्ट्र में 10 जनवरी 1975 में आयोजित किया गया था।

**राजभाषा है हिंदी:** कथाकार अखिलेश कहते हैं कि हिंदी राष्ट्रीय नहीं बल्कि राजभाषा है। 14 सितंबर 1949 को देवनागरी लिपि हिंदी को भारत की राजभाषा तौर पर स्वीकार किया गया था। वहीं, 26 जनवरी 1950 को संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी गई थी। अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में हिंदी बोलने वालों की संख्या करीब 75-80 करोड़ है। भारत में करीब 77 फीसदी लोग हिंदी लिखते, पढ़ते, बोलते और समझते हैं।

**साल में दो बार क्यों मनाया जाता है हिंदी दिवस:** भारत की पहचान उसकी विविधता और संस्कृति में बसती है। अलग-अलग भाषाओं, बोलियों और परंपराओं के बीच हिंदी वह धागा है, जो पूरे देश को एक सूत्र में बांधती है। हिंदी के महत्व और उसकी उपयोगिता को दशार्ने के लिए हर साल हिंदी दिवस मनाया जाता है, लेकिन बहुत से लोग यह जानकर चौंक जाते हैं कि हिंदी दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि दो अलग-अलग तारीखों पर मनाया जाता है। तो आखिर ऐसा क्यों है? 10 जनवरी और 14 सितंबर दोनों ही दिनों को हिंदी से जोड़कर क्यों खास बनाया गया? आइए इस रोचक तथ्य को विस्तार से समझते हैं।

**हिंदी दिवस का महत्व:** हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति, साहित्य और एकता की आत्मा है। यह वह कड़ी है जो भारत की विभिन्न परंपराओं और प्रांतों को जोड़ती है। हिंदी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि पहचान और गौरव का प्रतीक भी है। आने वाली पीढ़ियों तक इसे पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। चाहे 14 सितंबर हो या 10 जनवरी, दोनों ही दिन हमें यह याद दिलाते हैं कि हिंदी हमारी जड़ों से जुड़ी ताकत है। राष्ट्रीय स्तर पर यह हमारी राजभाषा का सम्मान है और वैश्विक मंच पर यह भारतीय पहचान की आवाज है।

## 1975 में नागपुर में हुआ था पहला विश्व हिंदी सम्मेलन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय हिन्दी दिवस हर साल भारत में 14 सितंबर को मनाया जाता है। इसके अलावा 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इन दोनों तारीखों के पीछे इतिहास है। राष्ट्रीय हिन्दी दिवस की बात करें तो इसी दिन साल 1949 में संविधान सभा ने एक मत से निर्णय लिया कि हिंदी ही भारत की राजभाषा होगी। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का फैसला किया था। वहीं, विश्व हिन्दी दिवस हर साल 10 जनवरी को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 1975 में नागपुर में पहले विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। सम्मेलन का उद्देश्य दुनिया भर में हिंदी भाषा को बढ़ावा देना था। इसकी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इसे हर साल मनाया जाता है। विश्व हिंदी दिवस पहली बार 2006 में पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा दुनिया भर में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया गया था। हिंदी को इसका नाम फारसी शब्द हिंद से मिला है, जिसका अर्थ है सिंधु नदी की भूमि। 11वीं शताब्दी की शुरूआत में तुर्की के आक्रमणकारियों ने क्षेत्र की भाषा को हिंदी यानी, सिंधु नदी की भूमि की भाषा नाम दिया। यह भारत की आधिकारिक भाषा है, वहीं, अंग्रेजी दूसरी आधिकारिक भाषा है। भारत के बाहर कुछ देशों में भी हिंदी बोली जाती है, जैसे मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो और नेपाल में। हिन्दी अपने वर्तमान स्वरूप में विभिन्न अवस्थाओं के माध्यम से उभरी, जिसके दौरान इसे अन्य नामों से जाना जाता था। हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए भारत में सभी जगह इसके उपयोग की सलाह दी जाती है। खासतौर पर जहां ज्यादातर अंग्रेजी का उपयोग होता है। इसके लिए 14 सितंबर से लेकर 21 सितंबर तक राजभाषा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान देश में कई तरह के साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है।

# गुरु तेग बहादुर की वाणी के सार्वभौमिक नैतिक मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं

- उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर से गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष एवं विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हुई संगोष्ठी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर से गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष और विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार 09 जनवरी को इन्दिरा भवन में ‘राष्ट्रीय चेतना-हिन्द की चादर गुरु तेग बहादुर विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने संदेश दिया कि गुरु तेग बहादुर की वाणी के सार्वभौमिक नैतिक मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं।

इस अवसर पर अकादमी के प्रतिनिधि के रूप में अरविन्द नारायण मिश्र ने संगोष्ठी में उपस्थित वरिष्ठ विद्वानों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। संगोष्ठी में वरिष्ठ पंजाबी विद्वान नरेन्द्र सिंह माँगा ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब द्वारा अपनी संपूर्ण वाणी का, हिन्दी में ही उच्चारण किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इसे हिंदी पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता है। दरअसल यह धार्मिक ही नहीं सांस्कृतिक और नैतिक शिक्षा के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। गुरु तेग बहादुर की वाणी में सार्वभौमिक नैतिक मूल्य, करुणा, निडरता, धार्मिक सहिष्णुता और बलिदान के संदेश हैं। ये मूल्य किसी विशेष धर्म तक सीमित नहीं हैं और आधुनिक समाज में नैतिक शिक्षा के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।

नवयुग कन्या महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का बलिदान केवल सिख या हिन्दू समाज के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए था। कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च त्याग भारतीय संस्कृति की उदार और साहसी परंपरा को दशार्ता है। उनके अनुसार गुरु तेग बहादुर का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। वह भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं, जिन्हें 'हिंद दी चादर' अर्थात भारत की ढाल, कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था। उनकी जीवनी और शिक्षाओं को पाठ्यक्रम में शामिल करना, छात्रों को भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय से अवगत कराएगा। वरिष्ठ विदुषी डॉ. रश्मि शील के अनुसार गुरु तेग बहादुर साहिब का साहित्यिक सृजन उच्च कोटि का है। गुरु साहिब की वाणी में पद और दोहे शामिल हैं। उन्हें हिंदी पाठ्यक्रम में शामिल करने से छात्र हिंदी-ब्रज भाषा के समृद्ध भक्ति साहित्य से परिचित होंगे, क्योंकि उनकी सभी रचनाएं हिंदी की उपबोली ब्रजभाषा में लिखी गई हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की प्रोफेसर, डॉ. अलका पाण्डेय ने कहा कि गुरु तेग बहादुर के त्याग से प्रेरणा लेकर सशक्त और जागरूक राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में मीना सिंह, महेन्द्र प्रताप वर्मा, रवि यादव, अंजू सिंह सहित पंजाबी समाज के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर एकादशी का संयोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जब सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब मकर संक्रांति मनाई जाती है। पौष कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर इस साल मकर संक्रांति पड़ रही है। इस बार मकर संक्रांति ऐसे शुभ संयोगों के साथ आ रही है, जिसमें दान-पुण्य का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इस साल दो शुभ योग तो बन ही रहे हैं, साथ ही 23 साल के बाद संक्रांति पर एकादशी का शुभ संयोग देखने को मिलेगा। 14 जनवरी 2026 को धनु राशि से मकर राशि में सूर्य का प्रवेश दोपहर 3:07 बजे हो रहा है। इसी दिन मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इस दिन गंगा स्नान और दान पुण्य के लिए पुण्य काल देखा जाएगा। मकर संक्रान्ति के दिन से ही सूर्य की उत्तरायण गति भी शुरू होती है। इस लिए इस पर्व को उत्तरायणी भी कहते हैं। मकर संक्रांति पर इस वर्ष 23 साल बाद एकादशी का शुभ संयोग बन रहा है। इस दिन षट्तिला एकादशी व्रत भी है। संक्रांति और एकादशी का एक ही दिन में आना आध्यात्मिक रूप से अक्षय पुण्य फल देने वाला माना जाता है। पंडितों के मुताबिक, इससे पहले मकर संक्रांति और एकादशी का शुभ संयोग वर्ष 2003 में बना था।

**जानें क्या रहेगा स्नान-दान का उत्तम समय:** इस बार मकर संक्रांति पर महा पुण्य काल दोपहर 3:07 बजे से शाम 6 बजे तक माना जाएगा। मकर संक्रांति पर दो शुभ संयोग भी बन रहे हैं, जिसमें सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग बन रहे हैं, जो सुबह 7:15 बजे से रात 3:03 बजे तक मान्य होंगे। अमृत सिद्धि योग में दान पुण्य और पूजा का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इस दिन खिचड़ी दान करने और खाने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि मकर संक्रांति तिल, गुड़, खिचड़ी, चावल, हल्दी, नमक, उड़द, धान आदि का दान करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है और पापों का नाश होता है।

# मास्टरशेफ इंडिया 9 में दिखेगा विविध राज्यों के स्वाद का रंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अगर आप खाने के शौकिन हैं और भारत के मशहूर कुकिंग शो मास्टरशेफ के फैन भी तो आपके लिए खुशखबरी है क्योंकि यह 9वें सीजन के साथ वापस लौट रहा है। मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है।

शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है। दो प्रोमो में कंटेस्टेंट्स की झलक दिखाई गई। एक में झांसी के एक ससुर और बहू की जोड़ी थी जिन्होंने बुंदेलखंडी थाली बनाई। जज हैरान थे क्योंकि सास-बहू की जोड़ियां तो आम होती हैं, लेकिन ससुर-बहू का कॉम्बिनेशन कुछ अलग था। बहू ने बताया कि शादी के बाद अपने ससुर को किचन में काम करते देखकर उनसे खाना बनाना सीखा। एक और प्रोमो में देवरानी-जेठानी की जोड़ी दिखाई गई, जिन्होंने अपने कोऑर्डिनेशन और फ्लेवर से जजों को इम्प्रेस किया। दोनों प्रोमो इस बात का इशारा करते हैं कि इस सीजन में परिवार की कुछ अनोखी जोड़ियां मुकाबला करेंगी।

# सुख-समृद्धि का प्रतीक लोहड़ी पर्व 13 को, होंगे विविध आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लोहड़ी सिखों का महत्वपूर्ण पर्व है, जो मुख्य तौर से पंजाब में मनाया जाता है। लोहड़ी को लाल लोई के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन लोग अलाव जलाकर उसमें नए गेहूं और जौ की बालियों को अर्पित करते हैं। इसके साथ ही पारंपरिक नृत्य व गीत गाए जाते हैं और एक-दूसरे को लोहड़ी की बधाई दी जाती है। साल 2026 में लोहड़ी का पर्व 13 जनवरी को मनाया जाएगा।

इस दिन पर लोहड़ी संक्रांति का क्षण 14 जनवरी प्रातः 3 बजकर 13 मिनट तक रहने वाला है। लोहड़ी के दिन लोग नये वस्त्र पहनते हैं और एक दूसरे को मिठाइयां खिलकार लोहड़ी की बधाई देते हैं। इस दिन के खास अवसर पर शाम के समय में आग जलाकर उस अग्नि के फेरे लेते हैं और उसमें मूंगफली रेवड़ी अर्पित करते हैं। इस दिन किसी भी बच्चे को घर से खाली हाथ नहीं भेजते हैं। सारे बच्चों को लोहड़ी बांटी जाती है। लोहड़ी के दिन सरसों का साग और मक्के की रोटी खासतौर पर भोजन में बनती है। लोहड़ी के दिन लोकगीत गाने और लोकनृत्य करने की परंपरा है।

**इस तरह मनाया जाता है पर्व:** लोहड़ी के विशेष अवसर पर लोक गीत गाते हैं और लोग एक-दूसरे को मिठाई और उपहार आदि दिए जाते हैं। इसके साथ ही इस दिन पर बच्चे भी घर-घर जाते हैं, जहां लोग उन्हें तरह-तरह की मिठाई, गजक, गुड़, मूंगफली, मक्का या पैसे आदि भी देते हैं। माना जाता है कि बच्चों को खाली हाथ नहीं लौटाना चाहिए। बच्चों को दी जाने वाली सामग्री को लोहड़ी भी कहा जाता है। लोग आग जलाकर लोहड़ी के सामान को सभी में बांटते हैं और साथ में लोकगीत गाकर व नृत्य करके इस पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। इस दिन रात में मुख्य रूप से सरसों का साग और मक्के की रोटी के साथ खीर आदि बनाया जाता है। पंजाब के कुछ हिस्सों में इस दिन पतंग उड़ाने का भी प्रचलन है।

**लोहड़ी का महत्व:** सिख धर्म में लोहड़ी का खास महत्व है। ये त्योहार किसानी से जुड़े लोगों के लिए बहुत खास त्योहार माना जाता है। ये पर्व नई खेती के आगमन के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस समय तक फसलों की बुवाई का काम पूरा हो चुका होता है। लोहड़ी के अग्नि में किसान अग्नि देवता से अच्छी फसल होने की कामना करते हैं। नवजात शिशुओं और नवविवाहितों के लिए ये त्योहार और भी खास माना जाता है। इस पर्व को मनाने से परिवार में सुख, समृद्धि आती है।

**दुल्ला भट्टी से जुड़ी कहानी:** लोहड़ी के पर्व को दुल्ला भट्टी से जोड़कर देखा जाता है। लोहड़ी के पारम्परिक गीतों दुल्ला भट्टी का जिक्र मिलता है। कहानी के अनुसार, मुगल राजा अकबर के काल में दुल्ला भट्टी नामक एक लुटेरा पंजाब में रहता था। वह धनी लोगों से धन लूटकर उसका उपयोग गरीब की मदद करने में करता था। आज के दौर में लोग दुल्ला भट्टी को पंजाब का रॉबिन हुड भी कहते हैं।

# लोक व्यवहार और नैतिक मूल्य ही सनातन संस्कृति का मूल भाव : पद्मश्री विद्याबिन्दु सिंह

- हिंदू सम्मेलन एवं समरसता भोज का आयोजन संपन्न



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आज हिंदू सम्मेलन एवं समरसता भोज का आयोजन रामाधीन सिंह उत्सव स्थल, लाल आईटी चौराहा के निकट किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सकल हिंदू समाज, रामदीन बस्ती, विवेकानंद, लखनऊ उत्तर विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना तथा सनातन मूल्यों के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम की पद्मश्री विद्याबिन्दु ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोक व्यवहार और नैतिक मूल्य ही सनातन संस्कृति का मूल भाव हैं। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में संस्कारों के माध्यम से व्यक्ति और समाज दोनों का उत्थान होता है। उन्होंने लक्ष्मण-सीता-राम के वनगमन, कौशल्या माता के आशीर्वाद तथा संस्कार आधारित जीवन दृष्टि के उदाहरणों के माध्यम से सनातन संस्कृति की गहराई को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जागरण और सामूहिक आयोजनों से समाज में अन्याय के प्रतिकार की शक्ति का संचार होता है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ द्वारा सात प्रकार के कार्यक्रमों का निश्चय किया गया है, जिनमें बस्ती स्तर पर हिंदू सम्मेलन हो रहें हैं। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के अंतर्गत संघ ने विश्व का सबसे बड़ा गृह संपर्क अभियान संचालित किया है, जिसके माध्यम से अब तक पूरे भारत में लगभग 48 लाख परिवारों तक संपर्क स्थापित किया जा चुका है। कौशल ने कहा कि केवल अवध प्रांत में ही लगभग 3000 हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाने की योजना है। शताब्दी वर्ष के सभी कार्यक्रम समाज के सहयोग से बस्ती स्तर पर संपन्न किए जा रहे हैं, जिसके लिए समाज से ही पाँच विषय तय किए गए हैं। पंच परिवर्तन के ये विषय हैं– स्व-बोध एवं कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण संरक्षण। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की आत्म-चेतना को जाग्रत करने का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से निरंतर करता आ रहा है। भारत एक हिंदू राष्ट्र है—इस संकल्प के साथ संघ अपने संकल्प पथ पर सतत अग्रसर है। डॉ. हेडगेवार के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शक्ति ही समाज का आधार है और यह शक्ति हिंदू धर्म में संगठित समाज के रूप में निहित है। सनातन संस्कृति का कोई एक संस्थापक नहीं है और इसके चिंतन में संपूर्ण विश्व के कल्याण की भावना अंतर्निहित है। यह संस्कृति सभी को साथ लेकर चलने वाली जीवन दृष्टि में विश्वास रखती है, इसी कारण ह्लसर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाःह्व जैसे विचार इसके मूल में हैं, जिनमें प्राणियों के प्रति सद्भावना और विश्व-कल्याण की भावना निहित है। उन्होंने कहा कि जिस संस्कृति के मूल में कण-कण में ईश्वर का भाव हो, वहाँ समाज में समरसता स्वाभाविक रूप से विकसित होती है। अंत में उन्होंने आह्वान किया कि हिंदू समाज अपनी चेतना को सही दिशा में जाग्रत करे और राष्ट्र निर्माण के कार्य में सक्रिय रूप से सहभागिता निभाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य महाराज रितेश्वर महाराज ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि हिंदू सम्मेलन समाज को चेतना के उच्च स्तर तक ले जाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज के सामने दो प्रकार के लोग है एक वे लोग, जिन्हें अपनी संस्कृति पर मंडराते संकट का भान नहीं है, और दूसरे वे, जो केवल व्हाट्सएप एवं सोशल मीडिया के माध्यम से स्वयं को ज्ञानी मानते हैं, किंतु कर्म के स्तर पर सक्रिय नहीं हैं।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी अंग्रेजी मानसिकता के जंगल में उलझती जा रही है, जिसके कारण उनके भीतर स्वत्व-बोध का क्षय हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह समझना आवश्यक है कि अतीत में भारत के विखंडन क्यों हुए और उनसे क्या सबक लिया जाना चाहिए। इसके लिए चेतन बोध अत्यंत आवश्यक है। महाराज ने कहा कि इस पृथ्वी पर केवल एक ही धर्म है, जिसे हम सब हिंदू धर्म के रूप में स्वीकार करते हैं, जबकि अन्य मत, पंथ विचारधाराएँ हैं। हिंदू धर्म का दर्शन कहीं से भी संकीर्ण नहीं है, बल्कि वह संपूर्ण विश्व के कल्याण की भावना से प्रेरित है। उन्होंने वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टि से यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति में जन्म से लेकर सात वर्ष की आयु तक ही संस्कारों का सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है, इसलिए माता-पिता का यह कर्तव्य है कि वे अपने पुत्र-पुत्रियों को संस्कारित करें और उनमें हिंदू चेतना का बोध कराएँ।

# भोजपुरी व अवधी लोक गायक बालेश्वर याद किये गये



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भोजपुरी व अवधी के लोकगायक बालेश्वर की 15वीं पुण्यतिथि हजरतगंज के संजय गांधी नगर स्थित उनके आवास पर मनी। अवधेश ने बताया कि पिता बालेश्वर विशेष रूप से बिरहा गायन के लिए जाने जाते थे। उनके कई गीतों को बॉलीवुड ने कॉपी किया। उनके गानों में लोक कथाएं और सामाजिक जीवन की झलक मिलती थी। पुण्यतिथि पर पुत्र अवधेश बालेश्वर, राजेश कुमार व मिथलेश कुमार के साथ शिष्य अंगदराम ओझा, संतोष कुमार, संजय यादव, सहेंद्र राम मौर्य, एसपी चौहान, साहित्यकार दयानंद पांडेय ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

# शताब्दी, गोरखधाम व गोमती समेत दर्जनों ट्रेनें घंटों लेट, यात्री बेहाल



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन के साथ-साथ रेल यातायात को भी पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। शुक्रवार को चारबाग और लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशनों पर भारी अव्यवस्था देखने को मिली। दृश्यता कम होने के कारण ट्रेनों की रफ्तार पर मानो ब्रेक लग गया है, जिससे हजारों यात्री कड़कड़ाती ठंड में स्टेशनों पर फंसने को मजबूर हैं। आलम यह रहा कि शताब्दी एक्सप्रेस, गोरखधाम एक्सप्रेस और लखनऊ मेल जैसी वीआईपी ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से कई घंटे देरी से पहुंची।

चारबाग स्टेशन के प्रतीक्षालयों में भीड़ इतनी बढ़ गई कि वहां पैर रखने तक की जगह नहीं बची। मजबूरन यात्रियों को खुले प्लेटफॉर्म पर ही डेरा डालना पड़ा। यात्री कड़ाके की ठंड से बचने के लिए अलाव और भारी गरम कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, छोटे बच्चों और बीमार यात्रियों को हुई, जिन्हें घंटों तक ठंडी हवाओं के बीच ट्रेनों का इंतजार करना पड़ा।

ये प्रमुख ट्रेन लेट रही ट्रेन देरी (घंटे में) 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस 8:09 12420 गोमती एक्सप्रेस 5:05 15566 वैशाली एक्सप्रेस 4:44 12232 चंडीगढ़-लखनऊ सुपरफास्ट 4:01 12226 कैफियात एक्सप्रेस 3:18 15734 फरक्का एक्सप्रेस 2:28 13240 कोटा-पटना एक्सप्रेस 3:32 12004 शताब्दी एक्सप्रेस 1:04 12430 एसी एक्सप्रेस 2:08 12230 लखनऊ मेल 2:24 12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस 2:16।

## कोहरे से 12 फ्लाइटें लेट, दो निरस्त

कई शहरों में कोहरे की वजह से लखनऊ आने-जाने वाली फ्लाइटों की लेटलतीफी का सिलसिला शाम तक जारी रहा। दिल्ली की दो उड़ानें शुक्रवार को निरस्त रहीं। दिल्ली से सुबह आने वाली इंडिगो एयरलाइन की उड़ान 6ई-2107 निरस्त कर दी गई। इस कारण लखनऊ से सुबह 6:10 बजे दिल्ली जाने वाली उड़ान 6ई-6026 भी निरस्त रही। सुबह की उड़ान निरस्त होने से यात्री परेशान हो गए। इन यात्रियों को दूसरी उड़ानों का विकल्प दिया गया। कुछ यात्रियों ने अपनी यात्रा निरस्त करवाकर रिफंड का विकल्प चुना।

## पंजाब से चलेंगी दो मेला स्पेशल ट्रेनें

**लखनऊ।** माघ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंजाब के अमृतसर एवं फिरोजपुर से प्रयागराज के लिए वाया लखनऊ अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनें 11 जनवरी से अलग-अलग दिनों में चलाने का निर्णय लिया गया है।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि गाड़ी संख्या 04656 अमृतसर प्रयाग जंक्शन मेला स्पेशल 12, 16, 21, 30 जनवरी व 13 फरवरी को अमृतसर से सुबह 5:10 बजे चलकर जालंधर, फगवारा, लुधियाना, सानेहवाल, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर होते हुए रात 9:40 बजे आलमनगर, रात 10:23 बजे उतरेटिया के रास्ते रायबरेली, मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जंक्शन, फाफामऊ होते हुए सुबह 4:30 बजे प्रयाग जंक्शन पहुंचेगी।

वापसी में गाड़ी संख्या 04655 प्रयाग जंक्शन अमृतसर मेला स्पेशल 13. 17. 22. 31 जनवरी व 14 फरवरी को प्रयाग जंक्शन से रात आठ बजे चलकर उतरेटिया रात 10:28 बजे. आलमनगर रात 20:10 बजे होते हुए उपरोक्त स्टेशनों से गुजरते हुए अगली शाम सात बजे अमृतसर पहुंचेगी।

इसी क्रम में गाडी संख्या 04658 फिरोजपुर कैंट प्रयाग मेला स्पेशल ट्रेन 11 व 28 जनवरी एवं 12 फरवरी को फिरोजपुर से दोपहर एक बजे चलकर लुधियाना, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर होते हुए आलमनगर सुबह 5:55 बजे, उतरेटिया सुबह 6:38 बजे गुजरते हुए रायबरेली, मा बेल्हा देवी प्रतापगट स्टेशन, फाफामऊ के रास्ते प्रयाग जंक्शन दोपहर 12:20 बजे पहुंच जाएगी।

वापसी में गाडी संख्या 04657 प्रयाग जंक्शन फिरोजपुर कैंट मेला स्पेशल 12. 29 जनवरी एवं 13 फरवरी को प्रयाग से रात 11:40 बजे चलकर उतरेटिया सुबह 5:08 बजे. आलमनगर सुबह 5:50 बजे होते हुए उपरोक्त स्टेशनों से रास्ते चलकर रात 11:30 बजे फिरोजपुर कैंट पहुंच जाएगी।

## माघ मेले के लिए चलेगी स्पेशल रिंग रेल

**लखनऊ।** माघ मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे प्रशासन लखनऊ से प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या के बीच रिंग रेल चलाएगा। इससे न केवल माघ मेले में स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि वे एक ही यात्रा में प्रमुख धार्मिक स्थलों (वाराणसी और अयोध्या) का भ्रमण भी कर सकेंगे। उत्तर मध्य रेलवे पहले से ही चित्रकूट और झांसी के लिए चार रिंग रेल संचालित कर रहा है। इसी तर्ज पर अब उत्तर रेलवे की यह नई ट्रेन लखनऊ से प्रस्थान कर प्रयागराज पहुंचेगी। ट्रेन वाराणसी और अयोध्या होते हुए वापस लखनऊ लौटेगी। ट्रेन का शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा और उम्मीद है कि 13 जनवरी से पूर्व यह पटरी पर उतर आएगी। इसके अतिरिक्त ट्रेन 04293 स्पेशल ट्रेन 15 जनवरी को प्रयाग से रात 8:20 बजे चलकर रात दो बजे लखनऊ पहुंचेगी।

ट्रेन 18 जनवरी को भी मौनी अमावस्या और 23 जनवरी को बसंत पंचमी, एक फरवरी को माघी पूर्णिमा पर रात 8:20 बजे प्रयाग से चलकर रात दो बजे लखनऊ आएगी। वापसी में लखनऊ से प्रयाग जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी रेलवे मौनी अमावस्या पर 17 जनवरी को ट्रेन 04292 स्पेशल चलाएगा। यह 17 जनवरी को दोपहर दो बजे चलकर रात 7:55 बजे प्रयाग पहुंचेगी। 12 तक निरस्त रहेंगी चार स्पेशल ट्रेनें माघ मेले के लिए चलाई गई चार स्पेशल ट्रेनों को 12 जनवरी तक कैंसिल करने का निर्णय लिया गया है। इसमें 04251 प्रयाग जंक्शन अयोध्या कैंट. 04252 अयोध्या कैंट प्रयाग जंक्शन स्पेशल, 04253 प्रयाग जंक्शन अयोध्या कैंट स्पेशल व 04254 अयोध्या कैंट प्रयाग जंक्शन स्पेशल को कैंसिल किया गया है।

## माघ मेले में प्रयागराज, झूंसी तक चलने वाली 10 ट्रेनें निरस्त

**लखनऊ।** प्रयागराज में लगने वाले माघ मेले के लिए रेलवे की ओर से चलाई जाने वाली पांच स्पेशल ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। इसमें कुछ ट्रेनें रामबाग तो कुछ झूंसी तक आएंगी और जाएंगी। रेलवे की ओर से शनिवार को इसकी सूची जारी कर दी गई है। रेलवे प्रशासन की ओर से प्रयागराज में 15 फरवरी तक लगने वाले माघ मेले के लिए वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन और बनारस रेलवे स्टेशन होते हुए प्रयागराज रामबाग, झूंसी तक के लिए कई स्पेशल ट्रेनों के चलाने का निर्णय लिया गया है। हालांकि रेलवे की ओर से इसके लिए कोई कारण का जिक्र नहीं किया गया है।

### रेलवे ने जारी की सूची

- 05107-बढ़नी-प्रयागराज रामबाग मेला स्पेशल ट्रेन 4-5 जनवरी को निरस्त रहेगी।
- 05109-बनारस-प्रयागराज रामबाग मेला स्पेशल ट्रेन 4 से 6 जनवरी तक निरस्त रहेगी।
- 05110-प्रयागराज रामबाग-बनारस स्पेशल ट्रेन 4 से 6 जनवरी तक निरस्त रहेगी।
- 05113-छपरा-प्रयागराज रामबाग मेला स्पेशल ट्रेन 4 जनवरी को निरस्त रहेगी।
- 05108-प्रयागराज रामबाग-बढ़नी स्पेशल ट्रेन 4 से 6 जनवरी तक निरस्त रहेगी।
- 05114-प्रयागराज रामबाग-छपरा मेला स्पेशल ट्रेन 4 जनवरी को निरस्त रहेगी।
- 05104-झूंसी बनारस मेला स्पेशल ट्रेन 4-5 जनवरी को निरस्त रहेगी।
- 05103-बनारस-झूंसी मेला स्पेशल ट्रेन 4-5 जनवरी को निरस्त रहेगी।
- 05112-झूंसी गोरखपुर मेला स्पेशल ट्रेन 4 जनवरी को निरस्त रहेगी।
- 05111-गोरखपुर-झूंसी मेला स्पेशल ट्रेन 5 जनवरी को निरस्त रहेगी।

# विद्यार्थियों में रुचि के अनुसार कौशल विकसित करें : आनंदीबेन पटेल

- राज्यपाल के समक्ष एकेटीयू ने डिजिटल एग्जामिनेशन इकोसिस्टम पर दिया प्रस्तुतिकरण
- राज्यपाल ने गलत मूल्यांकन पाये जाने पर आर्थिक दंड का प्रावधान करने का दिया निर्देश



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में आयोजित बैठक में शुक्रवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू), लखनऊ द्वारा डिजिटल एग्जामिनेशन इकोसिस्टम के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया।

प्रस्तुतिकरण के दौरान विश्वविद्यालय ने बताया कि परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से विश्वविद्यालय के कमांड सेंटर से लाइव मॉनिटरिंग की जाती है। इसके अतिरिक्त उत्तर पुस्तिकाओं पर बारकोडिंग, बायोमेट्रिक आधारित उपस्थिति सत्यापन सहित अनेक तकनीकी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। यह भी जानकारी दी गई कि सभी परीक्षा केंद्रों से प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं को विश्वविद्यालय में स्कैन किया जाता है, जिससे उत्तर पुस्तिकाओं में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की संभावना न रहे।

राज्यपाल ने परीक्षा व्यवस्था, प्रश्न पत्रों की समयबद्ध तैयारी, परीक्षा समय-सारिणी, परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की तैनाती, परीक्षा संचालन, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा समय पर परिणाम घोषित किए जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि नकल में संलिप्त पाए जाने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को बुलाकर उनसे संवाद किया जाना चाहिए तथा यह समझने का प्रयास किया जाना चाहिए कि किन परिस्थितियों में विद्यार्थी इस प्रकार के कृत्य के लिए विवश हुए। संवाद बच्चों को सही दिशा देने का प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने गुजरात के अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कुछ छात्र असफलता के कारण आत्महत्या जैसे विचारों से ग्रस्त हो गए थे। उन्होंने स्वयं विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से संवाद कर उत्तर पुस्तिकाएं मंगवाईं, जिनमें कई स्थानों पर कुछ भी लिखा नहीं था। उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय जाकर शिक्षकों से चर्चा करने तथा बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने की सलाह दी।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान जहां गलती हो, वहीं स्पष्ट रूप से अंकन किया जाना चाहिए, जिससे उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच कराने वाले विद्याथी अपनी कमियों को समझ सकें। उत्तर पुस्तिकाओं की मूल्यांकन प्रक्रिया पर विशेष जोर देते हुए राज्यपाल ने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच अत्यंत सावधानीपूर्वक की जानी चाहिए तथा गलत मूल्यांकन पाए जाने पर आर्थिक दंड का प्रावधान होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि पीजी स्तर के विद्यार्थियों से भी सीमित संख्या में निचली कक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का आकलन करें कि विद्यार्थी औसतन कितने पृष्ठ लिखते हैं। उसी औसत से पृष्ठों की संख्या निर्धारित करें, इससे अनावश्यक पृष्ठों की बर्बादी रूकेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पृष्ठ उपलब्ध कराने के संबंध में भी सुझाव दिए।

राज्यपाल ने संबंधित बिंदुओं पर आवश्यक सुझाव देते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों के हित में मूल्यांकन प्रणाली को और अधिक प्रभावी, निष्पक्ष एवं तकनीक आधारित बनाया जाए। उन्होंने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका को और अधिक सशक्त करने पर भी बल दिया।

इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज एल. जानी, एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय एवं विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तीन अधिकारियों को मिला अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्कृष्ट रेल सेवाओं के लिए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर इंद्र कुमार, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता देवेश शर्मा और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) निरीक्षक चन्दना सिन्हा को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरष्कार नई दिल्ली में आयोजित समारोह में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिया। मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने सम्मानित अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को सीख लेते हुए बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। अतिक्रमण हटा स्टेशन के नए भवन बनवाए वरिष्ठ मंडल इंजीनियर इंद्र कुमार ने महाकुंभ के दौरान प्रयाग और फाफामऊ स्टेशन पर अतिक्रमण हटा कर दोनों तरफ स्टेशन के नए भवन का निर्माण सहित सकुर्लेटिंग एरिया का निर्माण कराया। 40 अतिरिक्त रेको की अग्रिम योजना बनाई वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता देवेश शर्मा ने महाकुंभ-2025 के दौरान 40 अतिरिक्त रेकों की अग्रिम योजना बनाकर समय पर अनुरक्षण सुनिश्चित किया, जिससे प्रयागराज, अयोध्या एवं वाराणसी के बीच 300 से अधिक ट्रेनों का सुचारू संचालन संभव हो सका।

उनके प्रयासों से आलमबाग कैरिज वर्कशॉप का उत्पादन 11.5% बढ़ा, जिससे कोचिंग परिचालन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ। नन्हे फरिश्ते अभियान की नायिका रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक चन्दना सिन्हा ने आपके अथक प्रयासों से 2024- 2025 में बाल श्रम के लिए ले जा रहे 40 नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया। ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत बच्चों के हितों के लिए अन्य कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

# बुक-ए-कॉल विद बीएलओ सुविधा उपलब्ध

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से बुक-ए-कॉल विद बीएलओ सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बुक-ए-कॉल विद बीएलओ सुविधा के माध्यम से कोई भी मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से सीधे बात करने के लिए फोन कॉल बुक कर सकता है। यह सेवा मतदाता सूची/विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता प्राप्त करने के लिए उपयोगी है।

ऐसे कर सकते हैं कॉल बुकः भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल voters.eci.gov.in तथा ECINET ऐप पर अपने मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉग-इन करें, यदि आपका नम्बर पोर्टल पर रजिस्टर नहीं है, तो पहले साइन अप करें। मोबाइल नम्बर, ओटीपी एवं अपना नाम भरकर रजिस्टर करें। रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर, ओटीपी भरकर लॉग-इन करके बुक-ए-कॉल विद बीएलओ ऑप्शन पर जाएं, जिसमें इपिक नम्बर/रिफरेंस नम्बर/अन्य का ऑप्शन दिखेगा। इपिक नम्बर/रिफरेन्स नम्बर भरकर सर्च करने पर आपका नाम, मतदेय स्थल का नाम तथा आपके क्षेत्र से सम्बन्धित बीएलओ के नाम आदि की जानकारी मिल जायेगी। मोबाइल नम्बर एवं ओटीपी भरकर रिक्वेस्ट कॉल बैक ऑप्शन पर आपके बीएलओ के साथ कॉल बुक हो जायेगी। 48 घंटे के अंदर बीएलओ आपसे फोन पर सम्पर्क करेंगे। यदि इपिक नंबर उपलब्ध नहीं है, तो अपने राज्य, जनपद, विधानसभा क्षेत्र एंव बूथ की जानकारी भरकर इस सुविधा का लाभ लिया जा सकता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अपील की है कि सभी मतदाता विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी के लिए बुक-ए-कॉल विद बीएलओ सुविधा के माध्यम से अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक करें।

## नये मतदाता बनने को अब तक भरे गये 16.50 लाख फॉर्म-6

**लखनऊ।** यूपी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 2.89 मतदाताओं के नाम सूची से काटे गए हैं। अब बीते मंगलवार से छह फरवरी तक दावे व आपत्तियां ली जा रही हैं। ऐसे में मंगलवार को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद अब तक तीन दिनों में ही 34 हजार से अधिक लोग मतदाता बनने को फॉर्म-6 भर चुके हैं। वहीं अब तक कुल 16.50 लाख से अधिक फॉर्म मतदाता बनने को आ चुके हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विभिन्न राजनीतिक दलों और लोगों की ओर से पिछले तीन दिनों में 1314 लोगों के फॉर्म-6 भरे गए हैं।

राजनीतिक दलों की ओर से 1334 लोगों को फॉर्म भरवाते हुए दावे व आपत्तियां दाखिल कराई गईं हैं। सबसे ज्यादा 1214 फॉर्म भाजपा ने भरवाए हैं। वहीं 82 सपा ने, 19-19 फॉर्म कांग्रेस व बसपा ने भरवाए हैं। अपना दल (एस) व आम आदमी पार्टी ने एक भी फॉर्म नहीं भरवाया है। वहीं 32290 लोग पिछले तीन दिनों में फॉर्म-6 भर चुके हैं। वहीं ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के पहले 16.18 लाख लोगों ने फॉर्म-6 भरा था। ऐसे में अब तक कुल 16.50 लाख लोग मतदाता बनने को फॉर्म भर चुके हैं। दूसरी ओर मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए 50 हजार लोगों ने आवेदन किया है।

# डॉ.नीरज सिंह ने अभियान चलाकर भरवाये फॉर्म-6



**लखनऊ।** ड्राफ्ट मतदाता सूची में छूट रहे पात्र लोगों के नाम जुड़वाने के लिए भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह ने प्रत्येक बूथ पर 250 नये मतदाता जोड़ने के लक्ष्य के साथ मध्य विधानसभा क्षेत्र में घर घर जनसंपर्क अभियान चलाया।

नीरज सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रफी अहमद किदवई वार्ड अंतर्गत स्कॉलर्स होम पोलिंग क्षेत्र के बूथ संख्या 332, 333, 334 एवं 335 में घर-घर जाकर छूट रहे नागरिकों से संपर्क कर फॉर्म-6 भरवाए और आवश्यकता अनुसार संशोधन के लिए फॉर्म 7 व 8 की जानकारी भी दी। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि पार्षद रामकृष्ण यादव, मध्य विधानसभा के एसआईआर संयोजक विजय भुर्जी, केके श्रीवास्तव एवं ओपी स्वर्णकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

उत्तर विधानसभा क्षेत्र के जानकीपुरम, वार्ड द्वितीय में भी कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ संख्या 411, 412 एवं 414 पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया तथा पात्र नागरिकों से फॉर्म-6 भरवाकर उन्हें मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया को गति दी गई। नीरज सिंह ने नागरिकों से अपील की कि वे लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करें तथा इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर फॉर स्वदेशी का होगा आयोजन

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) एवं संबद्ध संस्थानों में स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर 12 जनवरी को रन फॉर स्वदेशी (स्वदेशी संकल्प रैली) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। युवाओं में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों की प्रेरणा एवं स्वदेशी उत्पादों, टीम भावना और राष्ट्र के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन किया जाएगा। जिसमें दो, तीन एवं पांच किलोमीटर की दौड़, प्रेरक भाषण, स्वदेशी जागरूकता गतिविधियों के अलावा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र का वितरण किया जाएगा।

## जर्जर स्कूल भवन को लेकर हाईकोर्ट सख्त

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में जनहित याचिका दाखिल करते हुए, हुसैनगंज स्थित चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज के जर्जर भवन में चलने का मुद्दा उठाया गया है। न्यायालय ने कॉलेज प्रबंधन को नोटिस जारी करने का आदेश देते हुए, पूछा कि नगर निगम द्वारा जर्जर भवन को लेकर पूर्व में जारी नोटिस के बावजूद उन्होंने अब तक कोई उचित सुधारात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की। मामले की अगली सुनवायी फरवरी के तीसरे सप्ताह में होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने विजय कुमार पांडेय की याचिका पर दिया। न्यायालय ने कहा कि यदि भवन की हालत वाकई जर्जर है, तो इससे वहां पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों को खतरा हो सकता है। न्यायालय ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया है कि वे हलफनामा दाखिल कर स्पष्ट करें कि उन्होंने इस संबंध में क्या कदम उठाया। इसके साथ ही नगर निगम, लखनऊ को भी याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया गया है।

## लविवि में डाकघर का उद्घाटन




**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में कुलपति प्रो. मनुका खन्ना एवं सुनील कुमार राय, पोस्ट मास्टर जनरल, लखनऊ मुख्यालय ने आधुनिक सुविधाओं से युक्त डाकघर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा, चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, निर्माण विभाग अधीक्षक डॉ. श्यामलेश तिवारी, कुलसचिव डॉ.भावना मिश्रा, डीन मैनेजमेंट प्रो.संगीता साहू, लूटा अध्यक्ष प्रो. अनित्य गौरव एवं महामंत्री प्रो. राममिलन एवं डॉ.आनंद कुमार सिंह, निदेशक डाक सेवायें, लखनऊ परिक्षेत्र आदि उपस्थित रहे।

## बीबीएयू में आज से तीन दिवसीय विवि दिवस समारोह

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में 10-12 जनवरी को तीन दिवसीय विश्वविद्यालय दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम बाबासाहेब के विचार एवं विकसित भारत की संकल्पना रखी गई है। 10 जनवरी को औपचारिक रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन होगा, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल द्वारा की जायेगी। मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार एवं चाणक्य विश्वविद्यालय, बैंगलोर के प्रो. केवी राजू उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के तौर पर बीबीएयू के पूर्व कुलपति प्रो. बी. हनुमैया एवं मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व सलाहकार, शिक्षा, प्लानिंग कमीशन, भारत सरकार, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. फुरकान कमर मौजूद रहेंगे। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने विश्वविद्यालय दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में बताते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आने वाले 22 वर्षों के लिए एक स्पष्ट, दूरदर्शी और प्रभावी रोडमैप तैयार करना है।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने वित्त मंत्री से मांगा पत्रकारों के लिए पेंशन योजना का लाभ

- 2026-27 बजट में पत्रकारों की पेंशन और सुरक्षा पर बड़ा आग्रह
- विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह लिखा वित्त मंत्री को पत्र



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को पत्र लिखकर राज्य एवं जिला स्तर के मान्यता प्राप्त पत्रकारों की पेंशन व्यवस्था एवं अन्य प्रमुख कल्याणकारी मांगों को आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में सम्मिलित किए जाने का आग्रह किया है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश के मान्यता प्राप्त पत्रकार विगत कई वर्षों से अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर प्रतीक्षारत हैं। पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करते हुए प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सरकार की नीतियों, योजनाओं और जनहितकारी कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व निभाते हैं। ऐसे में उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक असुरक्षा से संरक्षित करना राज्य की नैतिक जिम्मेदारी है।

विधायक डॉ. सिंह ने वरिष्ठ पत्रकारों के लिए पेंशन व्यवस्था, आकस्मिक सहायता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रभावी कवरेज, मान्यता प्राप्त पत्रकारों के निधन पर अनुग्रह राशि तथा पत्रकार सुरक्षा के लिए ठोस नीति जैसे विषयों को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि देश के कई राज्यों में ऐसी व्यवस्थाएं पहले से लागू हैं।

उन्होंने आग्रह किया कि कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से दी गई पत्रकारिता सेवाओं को ध्यान में रखते हुए, अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति उत्तर प्रदेश में भी वरिष्ठ पत्रकारों के लिए पेंशन योजना को लागू करने हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में आवश्यक प्राविधान किया जाए। डॉ. राजेश्वर सिंह के सतत प्रयासों से पत्रकारों की सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक भविष्य को सुदृढ़ करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह कर पत्रकार कल्याण कोष के अंतर्गत 80.31 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कराई गई है। इस निर्णय से प्रदेश के पत्रकारों को आर्थिक सुरक्षा और स्थायित्व का महत्वपूर्ण संबल प्राप्त हुआ है।

# भाषा, शिक्षा और नेतृत्व जीवन निर्माण की त्रिवेणी हैं : प्रो. शुक्ल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के हाइब्रिड हॉल में लर्न, लांच एंड लीड विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. प्रभाशंकर शुक्ल द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने शिक्षा, भाषा, सामाजिक व्यवहार, नेतृत्व और नवाचार के आपसी संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

व्याख्यान में प्रो. शुक्ल ने कहा कि मनुष्य मूलतः सामाजिक प्राणी है और सीखना, आरंभ करना तथा नेतृत्व करना जीवन की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। भारत की एकता में विविधता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे खान-पान, रहन-सहन, व्यवहार, दृष्टिकोण और सीखने के तरीके भिन्न हो सकते हैं, किंतु यही विविधता हमें एक सूत्र में बांधती है।



उन्होंने कहा कि भाषा इस विविधता को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है और इसी कारण भारत विश्व का सबसे समृद्ध सांस्कृतिक राष्ट्र है। उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्धन पर विशेष बल देते हुए कहा कि उनका संरक्षण और प्रचार-प्रसार हम सभी का दायित्व है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति कम से कम तीन भाषाओं के अध्ययन पर बल देती है, जिससे बहुभाषिकता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिलता है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि सफलता की कोई एक कुंजी नहीं होती। उन्होंने विद्यार्थियों से नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनने का आह्वान किया और कहा कि शिक्षकों की भूमिका यहीं से प्रारंभ होती है, जहां वे छात्रों को उद्यमिता और नवाचारी सोच की ओर मार्गदर्शन देते हैं। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन डॉ. नलिनी मिश्रा द्वारा किया गया। व्याख्यान में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

संक्षेप

## किसान कांग्रेस की ब्लॉक कमेटी के गठन पर दिया जोर

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत में स्थित मंगलम मैरेज हाल में किसान कांग्रेस ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष सत्यप्रताप मिश्र अन्शु की अध्यक्षता में हुई मुख्य अतिथि के रूप में जिला किसान कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय उपस्थित रहे। उन्होंने किसान कांग्रेस की ब्लाक कमेटियों के गठन करने का निर्देश दिया तथा नए युवाओं को जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देश की दशा और दिशा बदलने में युवा शक्ति हमेशा से आगे बढ़-चढ़कर हिस्सा ली है और किसान जिन समस्याओं से जूझ रहा है। उसके हक की लड़ाई लड़ना हमारा नैतिक कर्तव्य और दायित्व है। किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन, धरना प्रदर्शन तथा ज्ञापन के माध्यम से दूर करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बबलू पांडेय, नागेंद्र शुक्ला, उत्तेज मिश्रा, सोहन मिश्रा, मनोज मणि, त्रिलोकी आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्र भक्ति और सनातन संस्कृति का मिलन पर्व है हिंदू सम्मेलन

**देवरिया ।** राष्ट्रीय चेतना और जनजागरण में सनातन संस्कृति की महती भूमिका रही है, वंदेमातरम की संकल्पना हमारे सनातन संस्कृति की देन है जिसे मंत्र के रूप में रटते हुए लाखों शहीदों ने हंसते हुए फांसी के फंदे को चूमकर अपने प्राणों की आहूति दी। राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति एक दूसरे के पूरक हैं और एक-दूसरे के पर्यायवाची भी हैं ।हमारा

**● सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में आयोजित हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन**




समाज पश्चिमी सभ्यता के षड्यंत्र से जातिगत खांचे में बांट दिया गया, विडंबना है कि जिन महापुरुषों ने समाज को एकजुट करने के लिए अपना जीवन उत्सर्ग कर दिया आज उन महापुरूषों को भी हमारी विखंडित मानसिकता ने जातियों में बांट दिया है। हमे इस षड्यंत्र को समझना होगा। हमे अपने गौरवशाली अतीत और समाज और धर्म के लिए प्राणोत्सर्ग करने की श्रृंखला को याद करने की आवश्यकता है। हमे अपने अतीत को याद कर अपने गौरवशाली परंपरा पर गौरव करने वाली पीढ़ी को तैयार की महती जिम्मेदारी हमारी पीढ़ी पर है ।उक्त बातें देवरिया के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर के प्रांगण में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन में बतौर अतिथि बोलते हुए आदरणीय दीपक जी (विभाग प्रचारक) ने कहा ।कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रोफेसर रजनी त्रिपाठी जी( प्राचार्य उर्मिला देवी महाविद्यालय) ने सनातन संस्कृति और हिंदू जनजागृति में मातृशक्ति के महती भूमिका को विस्तार से बताया। प्रोफेसर त्रिपाठी जी ने कहा कि एक मां,परिवार और देश के निर्माण और बालक के रूप में देश के भविष्य के निर्माण की क्षमता रखती है ।इसलिए मां के रूप में हर मां की जिम्मेदारी है कि अपने बच्चों और खासकर बेटों को नारी सम्मान, धर्म के प्रति गौरव और राष्ट्रवादी सोच वाले नागरिकों के निर्माण में अपनी भूमिका निभाए।

राम का जीवन न केवल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक बल्कि जीवन को व्यवहारिक रूप से जीते हुए समाज के निर्माण, भविष्य के सृजन और राष्ट्रीयता को दृढ़ करने का उदाहरण है ।राम राष्ट्रीय चेतना के रोम रोम में बसा हुआ वह तत्व हैं जो भारत और भारतीयता से अलग नहीं किया जा सकता है। उक्त बातें अपने संबोधन में मानस हंस अखिलेश दास जी ने कही।,‡प्रत्येक हिन्दू को, प्रत्येक सनातनी को अब सतर्कतापूर्वक संवेदनशील होकर समाज को एकजुट करने के लिए संकल्पित होना होगा‡ कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बोलते हुए आदरणीय गणेश शंकर शर्मा जी प्रधानाचार्य श्री दुग्धेश्वर नाथ इंटर कालेज, रूद्रपुर ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन के आयोजन की यह श्रृंखला जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के रूप में जगह जगह आयोजित किए जा रहे हैं यह जागृत हिंदू समाज का परिणाम भी है और जाग्रत हिंदू समाज लक्ष्य भी

।कार्यक्रम का संचालन श्रवण सिंह पूर्व प्रधानाचार्य किया। कार्यक्रम की शुरूआत में सरस्वती शिशु मंदिर की बहनों ने झांसी की रानी के जीवन उत्सर्ग पर काव्य नाटिका प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति की भावना का ज्वार पैदा कर दिया ।‡रामा रामा रटते रटते हो गई रे बांवरिया‡ गाकर बहन आरोही ने माहौल को राममय कर दिया ।इस अवसर पर वीरेंद्र जायसवाल जी सह प्रांत कार्यवाह, रामप्रवेश सिंह, विभाग कार्यवाह,रामसमुझ जी नगर सह संघचालक, विद्यालय के प्रबंधक श्री मुन्नीलाल शर्मा जी, श्री बैकुंठनाथ जी, सह प्रबधक,विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी, अखिलेश दीक्षित जी( उपप्रधानाचार्य), कौशल सिंह जी, अमरेन्द्र उपाध्याय जी, देवेंद्र प्रजापति जी, उपेंद्र तिवारी, आदि उपस्थित रहे।

## उद्यमियों,व्यापारियों के आर्थिक उत्पीड़न को लेकर आरपार की लड़ाई लड़ेगा उद्योग व्यापार मंडल



**देवरिया ।** संदीप बंसल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश की राजधानी लखनऊ गोमतीनगर स्थित अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान के सभागार में प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल जी, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र त्रिपाठी जी के संचालन में संपन्न हुई जिसमें प्रदेश के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक सहित जनपदीय प्रमुख पदाधिकारियों ने सहभागिता की। प्रदेशउपाध्यक्ष उपेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में एक स्वर से उद्यमियों एवं व्यापारियों से कई विभागों की नौकरशाही द्वारा किए जानें वाले आर्थिक भ्रष्टाचार के विरुद्ध आर- पार की लड़ाई लड़ने का दृढ़ संकल्प लिया गया। निर्णय हुआ कि संपूर्ण प्रदेश की शिकायतों के संदर्भ में प्रदेश सरकार को भी अवगत करवाया जाएगा। प्रदेश के जनप्रतिनिधियों सहित उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को भी भ्रष्टाचार संबंधित ज्ञापन शीघ्र सौंपें जानें के निर्देश दिए गए। आगामी 12जनवरी से स्वदेशी जागरण मंच की यात्रा दौरान जनपदों को पूर्ण सहभागिता करने का भी निर्देश दिया गया ।प्रदेश में भारतीय नववर्ष ( नव संवत्सर ) को उल्लास के साथ मनाया जाए। जनपदीय संगठन सहित विधानसभा, नगरीय इकाइयों को सुदृढ़ करने काआह्वान किया गया।

## नपा अध्यक्ष ने किया अलाव व्यवस्था और रैन बसेरों का निरीक्षण

**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन जायसवाल ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर में अलाव व्यवस्था और रैन बसेरों का निरीक्षण कर लोगों से वार्ता की और अपने मातहत कर्मियों को व्यवस्था को लेकर निर्देशित किया ।नपा अध्यक्ष किरन जायसवाल ने नगर में आमजन और यात्रियों को ठंड से निजात दिलाने को लेकर गांधी चौक से लेकर हाइवे, सपहा रोड, पडरौना रोड, रामकोला रोड, गोरखपुर रोड, बस स्टेशन, बुद्ध स्थली पर घूमकर जल रहे अलाव की व्यवस्था देखी तथा जहां अलाव नहीं जल रहे हैं वहां अलाव जलवाने की व्यवस्था के निर्देश दिए। इसी क्रम में नपा अध्यक्ष जायसवाल ने नपा कार्यालय भवन, विश्वकर्मा मंदिर, बस स्टेशन पर बनाए गए रैन बसेरा का निरीक्षण किया और यहां अलाव, बिस्तर, कम्बल की पूरी व्यवस्था के लिए निर्देश दिए ताकि आश्रय लेने वाले किसी भी व्यक्ति को ठंड में बाहर न सोना पड़े। इसी क्रम में उन्होंने गोला बाजार में नव निर्मित सब्जी मंडी का निरीक्षण किया और दुकानदारों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। वह बुद्धा घाट भी गईं और अलाव आदि की व्यवस्था को देखा। इस दौरान नपा कुशीनगर के स्वच्छता प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी, दिनेश तिवारी, सभासद प्रभु नाथ सिंह, भीमबली सिंह सहित रैन बसेरा प्रभारी, अलाव प्रभारी मौजूद रहे।

## अहिरौली में दुग्गी क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बेलवा की टीम विजेता



**कुशीनगर।** जिले के कसया तहसील क्षेत्र के अहिरौली राजा में चल रहे दुग्गी क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को फाइनल मैच अहिरौली व बेलवा के बीच खेला गया जिसमें टास जीत कर पहले अहिरौली की टीम खेलते हुए पांच ओवर 20 रन बना पुरी विकेट खोकर आउट हो गई। जबाब में उतरी बेलवा की टीम मात्र चार ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त करते हुए विजेता शील्ड पर कब्जा कर लिया।

जिससे 6 विकेट से बेलवा की टीम बिजई घोषित किया गया। मुख्यअतिथि भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष पवन कुमार दुबे व साहिल अहमद एवं खालिद सिद्दिकी के द्वारा विजई टीम को पुरस्कृत किया। पवन दुबे ने कहा कि खेल प्रतियोगिता से बौध्दिक क्षमता और शारीरिक बिकास होता है और आपसी सदभावना का बढ़ावा मिलता है।मैच का एम्पायर बिकास श्रीवास्तव व सचिन पटेल एवं कमेंटेटर छोटी यादव ने किया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद ने अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष कौशल जयसवाल, ग्राम प्रधान रमेश जायसवाल, जावेद खान, सोनू राव, राजेश जायसवाल, प्रिंस राव, संदीप जयसवाल, प्रशांत किशोर यादव, शेलेश गोंड, मन्नु सिंह सहित दर्शक मौजूद रहे।

## त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण, समय-सारिणी जारी

देवरिया ।जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ( पंचायत एवं नगरीय निकाय ) श्रीमती दिव्या मित्तल ने राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना के अनुपालन में जनपद स्तर से पूर्व में जारी सार्वजनिक सूचना में संशोधन करते हुए जनपद देवरिया में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण की समय-सारिणी जारी की है। निर्देशों के अनुसार दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत हस्तलिखित पांडुलिपियों की तैयारी, उन्हें सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करना तथा संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन एवं निस्तारण की कार्यवाही 07 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक की जाएगी।

दावे-आपत्तियों के निस्तारण के पश्चात पूरक सूचियों की कंप्यूटरीकरण की तैयारी, उन्हें मूल निर्वाचक सूची में यथास्थान समाहित करने तथा आवश्यकता अनुसार मतदान केंद्रों एवं स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही 21 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक संपन्न होगी।

इसके उपरांत मतदाता सूचियों के कंप्यूटरीकरण के बाद मतदान केंद्रों/स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, रश्ठ आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग एवं फोटो प्रतियों की तैयारी का कार्य 17 मार्च से 27 मार्च 2026 तक किया जाएगा।

साथ ही सार्वजनिक जानकारी हेतु संबंधित कार्यालयों के सूचना पटों पर भी कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाएगा ।निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाशों में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्य पूर्ण कराया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में समय-सीमा में विस्तार नहीं किया जाएगा।

## दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

**ललितपुर।** एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने दर्ज मु.अ.सं. 1281/24 धारा 137(2)/64 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त मोहल्ला लेडियापुरा निवासी संजू यादव पुत्र अजय यादव को धर दबोचा है। अभियुक्त को पकड ? वाली पुलिस टीम में उ.नि.आलोक सिंह, कां. सरवन कुमार शामिल रहे।

# जन शिकायतों के निस्तारण में जनपद को मण्डल में प्रथम प्रदेश में मिला छठा स्थान

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** समन्वित जन शिकायत प्रणाली ( आईजीआरएस ) शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। आईजीआरएस प्रणाली के अन्तर्गत ह्लजनपद ललितपुर को माह दिसम्बर, 2025 में जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में मण्डल में प्रथम एवं प्रदेश में छठा स्थान मिला है। छठ वें स्थान के साथ उल्लेखनीय उपलब्धि यह है कि संतुष्टि का फीडबैक 80 प्रतिशत से अधिक रहा है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में जनपद को यह उपलब्धि प्राप्त हुयी है। जिलाधिकारी द्वारा निरन्तर इस बात पर बल दिया जा रहा है कि आवेदक की सन्तुष्टि ही निस्तारण का मानक होगा। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक माह 50 सन्दर्भो पर ग्रेडिंग करते हुये निस्तारण की गुणवत्ता की जांच जनसुनवाई पोर्टल पर की जा रही है। साथ ही जनपद के समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि निस्तारण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नही होनी चाहिये। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध कडी कार्यवाही

**● प्रदेश की रैंकिंग में जिले को मिले 96.43 प्रतिशत अंक**

की जायेगी। जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव (नोडल अधिकारी आईजीआरएस) द्वारा माह दिसम्बर, 2025 में जिन अधिकारियों के सन्दर्भ जनसुनवाई पोर्टल पर डिफाल्टर पाये गये, सम्बन्धित सभी अधिकारियों को माह दिसम्बर, 2025 में चेतावनीध्स्पष्टीकरण जारी किये गये। साथ ही सम्बन्धित सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि आवेदन निस्तारण करते समय एक बार आवश्यक रुप से शिकायतकर्ता से निस्तारण की सन्तुष्टि एवं असन्तुष्टि जान ली जाये। ताकि मुख्यमन्त्री कार्यालय द्वारा फीडबैक लेते समय शिकायतकर्ता द्वारा असन्तुष्टि व्यक्त न की जाये। ई डिस्ट्रिक मैनेजर अंशुल खरे ने बताया कि अब तक जनसुनवाई पोर्टल पर 62 हजार 919 सन्दर्भ प्राप्त हुये है जिसके सापेक्ष जनपद द्वारा 62 हजार 217 सन्दर्भो का निस्तारण कराया जा चुका है। शेष सभी 702 सन्दर्भ समय सीमा के अन्दर लम्बित है।

जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतो के निस्तारण की स्थिति बेहद शानदार रही है। जनसुनवाई पोर्टल पर प्रदेश की रैंकिंग में भी जिले को 96.43 प्रतिशत अंक मिले है ।सभी विभागो के अधिकारियो-अफसरो ने निस्तारण में दिखाई रूचिह्लआई0जी0आर0एस0 पोर्टल के नोडल अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायतो के निस्तारण में अब तक मुख्यमंत्री सन्दर्भ में 1327 के सापेक्ष 1291, जिलाधिकारी सन्दर्भ में 9267 के सापेक्ष 9005, पुलिस अधीक्षक सन्दर्भ में 9595 के सापेक्ष 9350, भारत सरकार सन्दर्भ में 2087 के सापेक्ष 2007 मामलो का निस्तारण हो चुका है। बाकी बचे मामले समय सीमा के अन्दर है। सभी विभागो के अधिकारियो ने जनसुनवाई पोर्टल के शिकायतो का निस्तारण कराने में रूचि दिखाते हुये समय सीमा के अन्दर 09 जनवरी 2026 तक 62 हजार 217 मामलो को निस्तारित करा दिया है। जिले में 731 सन्दर्भ समय सीमा के अन्दर लम्बित है।

## एनएसयुआई के प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत

**देवरिया ।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र हसंगठन उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय के आगमन पर देवरिया जनपद के एनएसयूआई के छात्रों ने पार्टी कार्यालय टाउन हॉल परिसर में जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय ने अभिवादन स्वीकार करते हुए छात्रों के प्रति आभार जताया। संगठन की वर्तमान स्थिति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन छात्रों की संगठन है। इसको जमीनी स्तर पर सशक्त करना समय की मांग है। बैठक में आगामी संगठनात्मक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। छात्र नेता प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिले के महाविद्यालयों में संगठन के पदाधिकारी छात्रों से सीधे जुड़ने के साथ संगठन के साथ समन्वय मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने ने छात्रों के बीच पम्पलेट के माध्यम से अभियान के उद्देश्यों, कार्यशैली और लक्ष्य के बारे में दिशा-निर्देश दिए। और साथ ही साथ राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया। जिसमें मुख्य रूप से रवि पाण्डेय,धन्नजय यादव, संदीप यादव, विख्यात भट्ट, दुर्गेश निषाद,अमित गुप्ता, रवि यादव, राजकुमार, सुनील कुमार राजभर, अजीत यादव, विनोद कुमार, आदित्य गौतम, राजन राजभर, सचिन कुमार, शिवम चौधरी, अनुराग यादव, कबीर मल्ल, आर्यन, सौरभ यादव, दीपक गिरी दीपक राजभर, आदित्य सिंह, अमन यादव सहित सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच।** अभियान के तहत मिशन शक्ति टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक* बहराइच ह्लमिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। ह्लमिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## तुम अगर साथ देने का वादा करो ....



**कसया, कुशीनगर।** नगर स्थित डीडी मंत्रा नृत्य एवं संगीत विद्यालय में भारत के प्रसिद्ध गायक स्व.महेंद्र कपूर की जयंती अवसर पर उनके गीतों को प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।शुक्रवार को समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना से

**● डीडी मंत्रा नृत्य एवं संगीत विद्यालय में भारत के प्रसिद्ध गायक महेंद्र कपूर की जयंती मनायी गयी**

हुआ। छात्रा गीता वर्मा ने गीत ' आधा है चंद्रमा रात आधी' गाया जो काफी सराहा गया। छात्र सौरभ सिंह ने चलो एक बार फिर से अजनबी बन जाए हम दोनों जो जो काफी पसंद किया गया। रीता देवी ने तुम अगर साथ देने का वादा करो जो माहौल को खुशनुमा बनाया। प्रियांशु और निशा ने गाया मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती गाकर राष्ट्र प्रेम से श्रोताओं को ओत प्रोत कर दिया। काश्वी ने प्रीत जहां की रीत सदा। डॉ एस के दुबे ने बीते हुए लम्हों की कसक साथ तो होगी, सुनकर सब सुन के मंत्रमुग्ध हो गए ।मुख्यअतिथि पूर्व प्रवक्ता सुरेश गुप्ता ने कहा कि तमाम पुरस्कार प्राप्त स्व कपूर ने हर प्रकार का गीत गाया। उनकी आवाज में खनक है जो लोगों को हमेशा पसंद आई है और आती रहेगी।

संस्था के निदेशक कृष्णानंद त्रिपाठी ने कहा कि महेंद्र कपूर ने हर प्रकार के गीत गाए और कई फिल्मों में तो उन्होंने टाइटल गीत गया जो काफी हिट रहा। इस मौके पर समाजसेवी अमित मिश्रा, डॉ. एसके दुबे, प्रोफेसर विशंभर प्रजापति, काशवी, शमशेर राव आदि लोग उपस्थित रहे।

## रोमांचक मुकाबले में बहराइच ग्लेडिएटर सात रनों से विजयी


**बहराइच।** कुशमेंद्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमर टाइप प्रीमियर लीग में आज का मुकाबला बहराइच ग्लेडिएटर एवं बहराइच हंटर्स के बीच खेला गया। बहराइच ग्लेडिएटर के कप्तान दिव्यांश सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया ।निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्लेडिएटर के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए



7 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए ।ग्लेडिएटर की तरफ से आर्यन क्षितिज ने 38 गेंदों में ताबड़तोड़ 68 रन व, वैभव सूरज ने 44 रनों की बेहतरीन पारियां खेली। हंटर्स की तरफ से कृष्णा सिंह एवं करन देव ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच हंटर्स की तरफ से तुषार सोनी ने 56 गेंदों में नाबाद 86 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अन्य किसी बल्लेबाज का कोई साथ नहीं मिलने से पूरी टीम निर्धारित ओवरों मे 6 विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना पाई। और बहराइच ग्लेडिएटर ने 7 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत आर्यन क्षितिज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। तुषार सोनी को बेस्ट स्ट्राइकर व करन देव को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। आज के मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अखिल अहमद ने निभाई ।स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे ।आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया इस दौरान इफ्तिखार अली, सुनील राय, रामानंद सिंह, देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह,सोनू हैदर, आशुतोष कैराती,सारिक एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## डीएम ने बांसी, हिरण्यवती नदी और पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में बांसी नदी, हिरण्यवती नदी एवं जनपद में संचालित पर्यटन विकास कार्यों से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में नदी सफाई, सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण तथा पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई ।बैठक के दौरान सर्वप्रथम




**● कार्यों में तेजी के निर्देश**

बांसी नदी की सफाई एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी से जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन स्तर से बांसी नदी के सफाई, सौंदर्यीकरण एवं आवश्यक संसाधनों हेतु एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिससे समस्त कार्य पूर्ण किए जाएंगे।

जलकुंभी की समस्या पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि इसके स्थायी समाधान हेतु साउथ की कंपनी अल्फा मर्ज से समन्वय स्थापित किया जाए।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने बांसी नदी के आसपास स्थित सरकारी भूमि पर खेल का मैदान, कॉम्प्लेक्स, पार्क विकसित करने तथा मियावाकी पद्धति से व्यापक वृक्षारोपण कराए जाने के निर्देश दिए, जिससे क्षेत्र का पर्यावरणीय संतुलन और सौंदर्य बढ़ाया जा सके। हिरण्यवती नदी के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी अपर जिलाधिकारी से लेते हुए जिलाधिकारी ने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वर्तमान में संचालित कार्यों के संबंध में अधिशासी अधिकारी कुशीनगर द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। जिलाधिकारी ने हिरण्यवती नदी एवं कृषि विश्वविद्यालय से लगने वाले सीमा क्षेत्रों में मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों हेतु फरवरी माह तक समुचित प्लानिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान पर्यटन अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि ग्राम सभा सपही खुर्द (उजरारनाथ) स्थित शंकर जी मंदिर, सिकटिया स्थित प्राचीन श्री राम-जानकी मंदिर, विकास खंड नेबुआ नौरंगिया के ग्राम सभा मडार बिंदवालिया में कोट माता भुनेश्वरी मंदिर तथा ग्राम पंचायत गम्भीरपुर स्थित गुरु गोरक्षपीठ के राम-जानकी मंदिर के विकास कार्यों हेतु शासन स्तर से प्रत्येक परियोजना के लिए एक-एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

जिलाधिकारी ने इन सभी कार्यों की कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को निर्देशित किया कि टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराते हुए विकास कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप दिया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, डीसी मनरेगा राकेश, पर्यटन अधिकारी प्राण रंजन सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता व अनुशासन सुनिश्चित करने के निर्देश

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण को पूर्णतः पारदर्शी, समयबद्ध एवं नियमानुसार सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश के तहत उचित दर दुकानों पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन, वितरण की निगरानी तथा अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

निदेर्शानुसार भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त खाद्यान्न की सूचना रियल टाइम में संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को दी जाएगी तथा नोडल व पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में ही वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। फसल अवशेष की तरह ई-पॉस मशीन से शत-प्रतिशत वितरण, स्टॉक का भौतिक सत्यापन, मूल्य शून्य प्रदर्शित करना तथा गुणवत्ता की जांच अनिवार्य होगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनियमितता या कालाबाजारी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी एवं विक्रेता के विरुद्ध कड़ी विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शिकायत निवारण हेतु टोल फ्री नंबर 1967 एवं 1800-1800-150 को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं ।सभी उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, नोडल एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## प्रशासन आपके द्वारा जन चौपाल का हुआ आयोजन

कसया, कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश और एसडीएम कसया डॉ0 संतराज सिंह बघेल के पर्यवेक्षण में प्रशासन आपके द्वारा जन चौपाल का आयोजन तहसील कसया के 32 ग्राम पंचायत में किया गया। जहां अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

शुक्रवार को दिन में तहसील क्षेत्र के गांवों में आयोजित जन चौपाल में जिसमें सभी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने जन समस्याओं को सुना और उनके समाधान का प्रयास किया।

ग्राम भलुही मदारी पट्टी में आयोजित प्रशासन आपके द्वार जनचौपाल में कानूनगो ब्रजेश मणि, हल्का लेखपाल और अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और फरियादियों को न्याय का भरोसा देते हुए आवेदनों का निष्पक्ष रूप से निस्तारित किए।

चौपालों में विकास, पेंशन, राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि, वरासत, आवास, रास्ता आदि से जुड़े प्रार्थनापत्र आए। चौपाल में 187 प्रार्थनापत्र आए जिनमें से 49 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष 138 मामले संबंधित विभागों को समाधान के लिए भेज दिए गए।

संक्षेप

## पुलिस ने अपहरण के आरोपी को भेजा जेल

फतेहपुर। थाना खखरेरू पुलिस और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने मात्र चार घंटों के भीतर नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही मामले के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। अभियान का विवरण पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में वांछितों की गिरफ्तारी और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना खखरेरू में दर्ज मु0अ0सं0 06/2026, धारा 137(2), 87 बीएनएस के अंतर्गत अपहरण का मामला दर्ज हुआ था। सर्विलांस सेल की तकनीकी सहायता से अभियोग पंजीकृत होने के चार घंटे के अंदर ही नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया गया। वांछित अभियुक्त सचिन कुमार पुत्र पिरथी पाल (उम्र लगभग 19 वर्ष), निवासी ग्राम सैदपुर भुरूही थाना खखरेरू जिला फतेहपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूरी की गई। पुलिस की सतर्कतायह सफलता पुलिस की तत्परता और आधुनिक सर्विलांस तकनीक के बेहतर उपयोग को दर्शाती है। एसपी अनूप कुमार सिंह ने अपराधियों को चेतावनी दी है कि अपराध की कोई गुंजाइश नहीं बख्शी जाएगी। जनपद में अपराध मुक्त वातावरण बनाने के लिए अभियान तेज किया जाएगा।

## ठंड से बचाव के लिए कंबल बांटे

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव हफीजाबाद में समाजवादी पार्टी के शशांक शेखर शुक्ला द्वारा जाड़े से बचने के लिए कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री शकील नदवी एवं सपा के जिलाअध्यक्ष राजेश यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं और बुजुर्गों को कम्बल दिए गए साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में सपा को पूर्ण बहुमत से लाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में रामपाल कुशवाहा, विनय यादव अल्वी मिश्रा, मेराज, संगीत, नितिन, पुष्पेंद्र आदि समेत क्षेत्र के सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जेठ ने की छेड़खानी मुकदमा दर्ज

जौनपुर। जफराबाद कस्बे के शेखवाड़ा मुहल्ले के निवासी एक व्यक्ति पर उसकी भयोहु ने छेड़खानी किया।महिला ने जेठ के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे की निवासी रोशनी पत्नी इम्तियाज का अपने पति से विवाद चल रहा है।उसका पति लखनऊ में रहता है।रोशनी पति के घर पर ही अपने चार वर्षीय बेटे तैमूर के साथ रहती है।रोशनी ने आरोप लगाया कि उसका जेठ सरफराज पुत्र स्वर्गीय नन्हे उसे अक्सर गन्दी नजर से देखता है।घर मे अकेली पाकर वह हाथ भी पकड़ लेता है तथा अश्लील हरकत करता है।मना करने पर गाली देता है।गुरुवार को वह वह अपने भाई के साथ मायके गयी थी।जब वह रात को वापस आयी तब उसके जेठ सरफराज पुत्र स्वर्गीय नन्हे ने उसके कमरे में ताला बंद कर दिया था। जब वह अपने कमरे में लगें ताले की चाभी मांगी तब वह हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने लगा।रोशनी ने थाने पहुंच कर जेठ के विरुद्ध तहरीर दिया।थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया पीड़िता कि तहरीर पर आरोपी सरफराज के विरुध्द छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सोलर लाइट पर 75 प्रतिशत अनुदान

जौनपुर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा जनपद के किसानों से अपील किया है कि वर्तमान समय में फसलों को कीटो से बचाने के लिए किसानों को कीटनाशक रसायनों का छिड़काव नही करना पडेगा। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा सोलर लाइट ट्रैप की व्यवस्था की है। जनपद में किसानों को खेतों में लगाने हेतु 2000 लाइटें मिली है और किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान पर दी जायेगी। इसके लिए किसानों का पंजीकरण कराना होगा। फसल को कीटों से बचाने के लिए जिस रासायनिक दवा का छिड़काव किया जाता है वह फसलों के पोषक तत्वों को नष्ट कर देती है। अब खेतों में सौर ऊर्जा से संचालित लाइट ट्रैप से हानिकारक कीटों को नष्ट किया जायेगा। खेतों के बीच में इस सोलर लाइट को लगाया जायेगा। रात में यह सोलर लाइट जलेंगी तो लाइट के पास कीट आयेगें लाइट के नीचे की तरफ काफी बड़ा बाक्स की तरह एक ट्रैप लगा रहेगा इस ट्रैप में पानी भरने के बाद डीजल डालना होगा लाइट के पास आने-वाले कीट उस ट्रैप में गिरकर मर जायेंगे।

# मंत्री दयाशंकर सिंह समेत 14 लोग आरोपमुक्त

जिला संवाददाता(vol)

बलिया। बलिया की एक अदालत ने राज्य सरकार द्वारा मामला वापस लेने के फैसले को स्वीकार करते हुये प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और 13 अन्य आरोपियों को 10 साल पुराने एक मामले में आरोपमुक्त कर दिया है। सिंह के खिलाफ यह मामला निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में था।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक, यह मामला नौ सितंबर 2015 को बलिया सिटी कोतवाली में उप निरीक्षक सत्येंद्र राय की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (सरकारी निर्देशों की अनदेखी) के तहत सिंह, नागेंद्र पांडे और 17 नामजद लोगों के अलावा 100 से 150 अनजान लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था।

आरोपियों के खिलाफ शहर के मालगोदाम रोड पर धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा के बावजूद सड़क जाम करने, यातायात को अवरूद्ध करने और आवाजाही में रुकावट डालने का आरोप था।

अभियोजन अधिकारी वीरपाल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि राज्यपाल की तरफ से वाद वापस लेने के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान की गई थी, जिसके परिप्रेक्ष्य में न्यायालय में मामले को वापस लेने के लिये प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया। मुकदमे की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा की अदालत ने बुधवार को यह फैसला दिया।

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष ने अपनी याचिका में मामले की कमियां बतायी थीं और कहा था कि इस मामले में सफलता के अवसर कम ही लग रहे हैं। अदालत ने यह भी कहा कि इस घटना में कथित अपराध के दौरान विरोध और प्रदर्शन भी शामिल था। तथ्य और हालात को देखते हुए, अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष को मामला वापस लेने की इजाज़त देना सही है।

अधिवक्ता ने कहा कि याचिका स्वीकार करते हुए, मजिस्ट्रेट ने कानून के हिसाब से मामला वापस लेने का आदेश दिया और सिंह एवं पांडे समेत अन्य आरोपियों को मामले में आरोपमुक्त कर दिया।

## ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, युवक की मौत

एटा। जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार 30 साल के युवक की मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उज्जपुर गांव के मोड़ के पास हुआ, जब ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से घायल आदमी को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उज्जपुर गांव के रहने वाले कमल सिंह के रूप में हुई है। उसके परिवार वालों ने बताया कि उसकी बेटी का नामकरण संस्कार 11 जनवरी को होना था और वह समारोह के लिए टेंट बुक करके घर लौट रहा था।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में शामिल ट्रैक्टर को ज़ब्त कर लिया गया है, जबकि उसका ड्राइवर मौके से फरार हो गया।थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बच्चे की हत्या के आरोप में तीन नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

मुजफ्फरनगर । जिले के भोरा कलां क्षेत्र में पुलिस ने गन्ने के खेत से आठ साल के बच्चे का शव बरामद करने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को हत्या के आरोप में तीन नाबालिग लड़कों समेत चार लोगों को पकड़ा है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने पत्रकारों को बताया कि भोरा कलां क्षेत्र में आठ साल के बच्चे का शव बुधवार को गन्ने के खेत से बरामद किया गया था।

इस मामले में 19 साल के युवक अजय को गिरफ्तार किया गया है जबकि तीन नाबालिग लड़कों को पकड़ा गया है। आरोपियों ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि बच्चे को बिस्किट देने के बहाने जंगल में ले जाया गया था और वहां आरोपियों ने कथित तौर पर बच्चे का यौन उत्पीड़न करने की कोशिश की, लेकिन विरोध के कारण वे सफल नहीं हो पाए और पकड़े जाने के डर से उन्होंने बाद में बालक की गला घोंटकर हत्या कर दी।

## गनेशी खेड़ा में गंदा पानी बना मुसीबत



जिला संवाददाता(vol)

- दर्जनों घरों का पानी सड़क पर बहने से आवागमन बाधित

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिहार के मजरा गनेशी खेड़ा में दर्जनों घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर लगातार जलभराव के कारण बिसरामऊ, जालिमगंज, कुतुबपुर, बाबू खेड़ा, उसरहा, बेहटा, सहिला, मवइया, पोखरी और बसंत खेड़ा सहित कई गांवों के नागरिक प्रभावित हो रहे हैं।

सड़क पर फैले गंदे पानी से स्कूली बच्चों, साइकिल सवारों, मोटरसाइकिल, बैटरी रिक्शा चालकों और ट्रांसपोर्ट वाहनों को आवागमन में भारी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। क्षेत्र से गुजरने वाली त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज, गिरिजा शंकर स्कूल और सरला देवी स्कूल की बसों को भी फिसलन और जलभराव के कारण जोखिम भरे हालात से गुजरना पड़ रहा है। डामर सड़क पर जमा गंदे पानी के चलते आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे चोटिल होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है, लेकिन इसके बावजूद समस्या के समाधान को लेकर जिम्मेदार विभाग उदासीन बने हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से मौखिक शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत के बाद उपजिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह ने क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो को मौके पर पहुंचकर जलनिकासी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन लगभग दो माह का समय बीत जाने के बावजूद एसडीएम के आदेश का अब तक पालन नहीं किया गया। परिणामस्वरूप जलभराव की स्थिति जस की तस बनी हुई है और स्थानीय लोग लगातार परेशानी झेलने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नाली निर्माण कराया जाए, जिससे जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था हो सके। इससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि गंदे पानी से फैलने वाले संक्रमण और बीमारियों के खतरे से भी बचाव संभव हो सकेगा।

## फातिमा शेख की जयंती पर आयोजन




फतेहपुर। देश की पहली मुस्लिम महिला शिक्षिका ज्ञानज्योति फातिमा शेख की जयंती पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बुद्ध पार्क के निकट आयोजित कार्यक्रम में उत्साह का खूब प्रदर्शन हुआ।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे, बाल कल्याण समिति की सदस्य तरन्नुम, महिला थाना की सब-इंस्पेक्टर आशा पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता मालती देवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रूही एडवोकेट ने सामूहिक रूप से केक काटा।

फातिमा शेख के योगदान पर चर्चातरन्नुम ने कहा कि फातिमा शेख द्वारा खोले गए महिला स्कूल ने महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित किया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में भी अतुलनीय योगदान दिया। अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे ने बताया कि फातिमा शेख ने महिलाओं के बीच जो शिक्षा की ज्योति प्रज्ज्वलित की, वह आज भी निरंतर जल रही है। शिक्षा के कारण महिलाएं हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही हैं। आयोजक मोहम्मद आसिफ एडवोकेट ने कहा कि 1848 में फातिमा शेख ने विशेष रूप से दलित व मुस्लिम लड़कियों की शिक्षा में अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने सावित्रीबाई फुले व ज्योतिबा फुले के साथ दलित महिलाओं के उत्थान के लिए अथक प्रयास किए। सावित्रीबाई को घर से निकाले जाने पर फातिमा के भाई उस्मान शेख ने उन्हें सहारा दिया। स्कूल में अध्यापकों की कमी पर फातिमा ने स्वयं लड़कियों को पढ़ाया। उन्हें दलित-मुस्लिम एकता के ध्वजवाहक के रूप में याद किया जाता है।

## नवनिर्मित पुल का डीएम ने किया अवलोकन

जौनपुर। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा गोमती नदी पर प्यारेपुर से अलीगंज बाजार के निकट कलीचाबाद मार्ग पर नवनिर्मित पुल का अवलोकन किया गया।

यह पुल 211.88 मी0 लंबे (पहुंच मार्ग तथा अतिरिक्त पहुंच मार्ग सहित) तथा 2993.31 लाख की लागत का है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस पुल निर्माण का कार्य 2022 से कार्य प्रारम्भ था, मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में निर्माण में आनी वाली कमियों को दूर कराते हुए विगत 01 साल में ही कार्य को पूर्ण कराया गया है जिसे गत दिसम्बर माह में लोगो के आवागमन के लिए खोल दिया गया है जिससे आम जनमानस को राहत मिल रही है। इस पुल के बन जाने से वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल यूनिवर्सिटी, मेडिकल कालेज, शहर में आने जाने वाले लोगो का राहत मिलेगी। जिलाधिकारी ने आमजनमानस से वार्ता की ग्रामीणों ने बताया कि इस पुल के बन जाने से यातायात सुगम हो गया है जिससे समय की बचत हो रही है, जाम की समस्या से भी राहत मिल रही है। पुल के निर्माण हो जाने से अर्न्तजनपदीय कनेक्टविटी पहले से बेहतर हो गयी है। आमजन ने मा0 मुख्यमंत्री जी और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने गरीब और असहायों को कंबल भी वितरित किया।

## दरगाह हजरत अली काजी बुद्धन शाह बाबा का वार्षिक उर्स संपन्न



उन्नाव। स्थानीय स्टेशन रोड स्थित दरगाह हजरत काजी बुद्धन शाह बाबा में वार्षिक उर्स श्रद्धा और अकीदत के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर रात में महफिल ए शमां कव्वाली का आयोजन किया गया। दूसरे दिन कुल शरीफ की रसम अदा की गयी। जिसमें बडी संख्या में सभी धर्मो के लोगो ने शिरकत कर अमन चैन देश की खुशहाली के लिए दुवा मांगी। कुल शरीफ के दौरान कुरान ख्वानी की गयी। तथा दरगाह परिसर में विशेष दुआ का आयोजन हुआ। उर्स के अंतिम दिन लंगर और तबर्रुक का वितरण किया गया, जिसमें आसपास व दूरदराज के क्षेत्रों से आए जायरीन शामिल हुए। दरगाह पर पूरे दिन जायरीन की आवाजाही बनी रही। उर्स के आयोजन पर कमेटी के अध्यक्ष सईद उर रहमान ने कहा कि यह अवसर हम सभी को एकता व आपसी सद्भाव, भाईचारे का संदेश देता है। इन अवसरों पर हम सभी लोग बडी ही श्रद्धा व विश्वास के साथ एकत्रित होते है। उन्होने बताया कि उर्स केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उर्स के समापन पर सभी ने देश में अमन-शांति और खुशहाली की कामना की है। इस अवसर पर दरगाह शरीफ के सदर सईद उर रहमान, इश्याक गौरी, मो0 शमसुल इस्लाम खां,, हसीन अहमद, इन्तजार अहमद उर्फ पप्पू, इश्याक अहमद, मो0 इरफान, मो0 फरीद, मो0 कासिम, मो0 गयास सहित दूर-दराज से आए अकीदतमंद मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान दरगाह परिसर में रूहानी माहौल बना रहा और उर्स शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

## जिला अस्पताल में अभद्रता का सिलसिला जारी

उन्नाव। जिला अस्पताल में मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी कड़ी में अब एक पत्रकार के साथ बदसलूकी का गंभीर मामला सामने आया है, जिससे अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली और अनुशासन पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जिला अस्पताल में तैनात एक्स-रे टक्नीशियन वीरेंद्र यादव की कार्यशैली पूर्व से ही विवादों में रही है। ड्यूटी के प्रति लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैये को लेकर उनके खिलाफ पहले भी शिकायतें और सवाल उठते रहे हैं। ताजा मामला शुक्रवार का बताया जा रहा है, जब अस्पताल परिसर में दैनिक अखबार वॉयस ऑफ लखनऊ के अस्पताल संवाददाता अनिल श्रीवास्तव के साथ अभद्रता की घटना सामने आई। आरोप है कि एक्स-रे तकनीशियन वीरेंद्र यादव ने पत्रकार से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए न केवल गाली-गलौज की, बल्कि देख लेने की धमकी भी दी। अचानक हुए इस घटनाक्रम से अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। आहत पत्रकार ने पूरे मामले की लिखित शिकायत जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा



अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. राजीव गुप्ता से की है।शिकायत मिलने पर सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए एक समिति गठित करने और निष्पक्ष जांच के बाद दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### खबरों से झुल्लाये टेक्नीशियन , आगबबूला होकर भूले शब्दों की मर्यादा

गौरतलब हो कि पूर्व में भी कई अखबारों में एक्सरे टेक्नीशयन की लापरवाही संबन्धी खबरे चली। गत दिनों पूर्व के निरीक्षण के दौरान कई खामियां उजागर हुयी थी। बावजूद इसके अस्पताल कर्मियों का कार्य व्यवहार व आचरण सुधरने का नाम नही ले रहा है। चर्चा यह भी है कि सीएमएस के सिथिल कार्य प्रणाली के चलते कर्मचारी व अन्य स्टाफ कही न कही उनकी सुनता नही है।ऐसे में चर्चा यही सुनने को मिल रही है कि एक्सरे टेक्निशियन वीरेंद्र यादव का यह बर्ताव का कारण कही न कही उनकी लगातार लगने वाली खबरों की झुल्लाहट को मना जा रहा है। पत्रकार को देखते ही मानो उनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। वह फौरन बोले कि दो मिनट में मै तुम्हारी पत्रकारिता को निकाल सकता हूं। मारने तक की धमकी आन कैमरा दे दी। ऐसे में समझा जा सकता है कि जब सरकारी कर्मचारी कैमरे के सामने इतनी गंभीर बात धमकी भरे लहजे में कह रहा है तो मोबाइल को छीनने के बाद तो उसने मर्यादा तार तार कर दी होगी।

## आईडीए अभियान को लेकर ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद के चार विकास खंड सुमेरपुर, गंज मुरादाबाद, बीघापुर और पुरवा में 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलाया जाएगा।

अभियान के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएंगी। इसी क्रम में विकास खंड पुरवा कार्यालय में खंड विकास अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा के अधीक्षक डॉ. प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स (बीटीएफ) की बैठक आयोजित की हुयी। बैठक में खंड विकास अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अपने ब्लॉक एवं जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए सभी विभागों और समुदाय का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। ग्राम प्रधान, कोटेदार, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय सहभागिता से ही अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अभियान शुरू होने से पूर्व इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा



लोगों को दवा सेवन के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि फाइलेरिया, जिसे आम भाषा में हाथी पांव कहा जाता है, एक गंभीर एवं लाइलाज बीमारी है। इससे बचाव का एकमात्र प्रभावी उपाय आईडीए अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करना तथा मच्छरों के काटने से बचाव करना है। यदि यह बीमारी हो जाती है तो व्यक्ति शारीरिक रूप से दिव्यांग हो सकता है और मानसिक व आर्थिक रूप से भी कमजोर हो जाता है। उन्होंने शत-प्रतिशत लक्षित जनसंख्या को दवा सेवन सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवा एक साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमारी से पीड़ित को छोड़कर सभी को खानी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फाइलेरिया रोधी दवा सेवन के बाद यदि किसी को उल्टी, जी मिचलाना या चक्कर आने जैसी हल्की प्रतिकूल प्रतिक्रियाएं होती हैं तो घबराने की आवश्यकता नहीं है। यह इस बात का संकेत है कि शरीर में मौजूद फाइलेरिया के परजीवी दवा के प्रभाव से नष्ट हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने अभियान में सीएचओ-पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफॉर्म की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के नेतृत्व में गठित सीएचओ में ग्राम प्रधान, एएनएम, कोटेदार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह सदस्य एवं फाइलेरिया रोगी शामिल हैं, जो अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग करेंगे। बैठक में सभी ग्राम प्रधानों से ग्राम स्तर पर जनजागरूकता के लिए दीवार लेखन एवं अन्य प्रचार गतिविधियों में सहयोग करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, बीसीपीएम इश्हाक अली, आईसीडीएस, बेसिक शिक्षा विभाग, विश्व स्वास्थ्य संगठन, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के प्रतिनिधि तथा ज्योति वर्मा, पारुल वर्मा, जाकिर अली सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अपहरण की घटना का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा किया, दो गिरफ्तार

पुरवा, उन्नाव। पुरवा पुलिस ने एक सनसनीखेज अपहरण मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो अपहृताओं को सकुशल बरामद कर लिया है और दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरवा पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि दिनांक 8 जनवरी को थाना पुरवा पर पंजीकृत मुकदमा धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत दो अपहृताओं को सकुशल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में हिमांशु सोनकर पुत्र सुरेश उम्र 20 वर्ष निवासी मोहल्ला पश्चिम टोला कस्बा व थाना पुरवा जनपद उन्नाव और वीरेन्द्र पुत्र बहादुर उम्र 20 वर्ष निवासी मोहल्ला पश्चिमटोला कस्बा व थाना पुरवा जनपद उन्नाव शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों को गदनखेडा बाई पास के करीब टैम्पो स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अपर जिला जज/सचिव मनीष निगम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

उन्नाव। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की कार्ययोजना वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन के क्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा- के दिशा-निर्देश पर अपर जिला



जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष निगम द्वारा 09 जनवरी को जिला कारागार उन्नाव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने पुरुष एवं महिला बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, रिमांड व जमानत की प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया। बताया कि निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने हेतु बंदी अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना-पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेज सकते हैं। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि ऐसे सभी प्रार्थना-पत्र तत्काल अग्रसारित किए जाएं। इस अवसर पर आगामी ई-जेल लोक अदालत (27 जनवरी 2026) एवं राष्ट्रीय लोक अदालत (14 मार्च 2026) की जानकारी भी दी गई। सचिव ने बंदियों से रहन-सहन, खान-पान एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा बैरकों व जेल चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी चीफ रमेश चंद्र वर्मा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्तिक सिंह, जेलर कृष्ण मोहन चंद्र, डिप्टी जेलर आलोक त्रिवेदी, राहुल श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मीरजापुर में ग्राम पंचायत अधिकारी पर रिश्वत मांगने और मारपीट का आरोप

मीरजापुर। जनपद के सदर तहसील अंतर्गत ग्राम देवापुर पचवल से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक गरीब मजदूर ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर आवास योजना के नाम पर रिश्वत मांगने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित बबलू बिन्द पुत्र तौलन बिन्द, निवासी ग्राम देवापुर पचवल, ने इस संबंध में जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा है। शिकायत के अनुसार बबलू बिन्द एक गरीब मजदूर हैं और अक्सर बीमार रहते हैं। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी 2026 को शाम लगभग 4 बजे ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश कुमार सरोज उनके घर आए और प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम स्वीकृत कराने के बदले 20 हजार रुपये की मांग की। अधिकारी ने आधार कार्ड व पैन कार्ड लेकर प्रधान के घर आने को कहा। इसके बाद पीड़ित अपनी पत्नी के साथ ग्राम प्रधान के घर पहुंचा। आरोप है कि जब पीड़ित निर्धारित राशि नहीं ला पाया और पात्रता सूची की जांच कर आवास पास कराने की बात कही, तो ग्राम पंचायत अधिकारी ने आपा खो दिया। शिकायत के मुताबिक अधिकारी ने पीड़ित के बाल पकड़कर गला दबाया, जमीन पर गिराया और लात-घूंसे से बुरी तरह पीटा। इस दौरान पीड़ित की पत्नी और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे मामला और गंभीर हो गया। पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी ने घटना का वीडियो मोबाइल से रिकॉर्ड किया था, जिसे खंड विकास अधिकारी सिटी को भी भेजा गया, लेकिन वहां से कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि अधिकारी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। विवश होकर पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, आरोपी ग्राम पंचायत अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए तथा एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया जाए। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है।

## कार के धक्के से दो युवक घायल

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के किरतापुर गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। केराकत थाना क्षेत्र के खरहर डगरा निवासी प्रदीप गौतम अपनी बाइक से अपने मित्र विनोद कुमार के साथ बृहस्पतिवार शाम को जौनपुर शहर के तरफ से वापस घर लौट रहे थे तो रात के लगभग दस बजे जौनपुर- केराकत हाईवे पर जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दिया। घटना के फलस्वरूप बाइक सवार प्रदीप गौतम (40) और पीछे बैठा विनोद कुमार (37) घायल हो गए। प्रदीप का सिर फट गया था।

संक्षेप

## खेत में लगे सोलर पैनल चोरी कर ले गये चोर

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम तोर निवासी ओमप्रकाश पुत्र रामसेवक लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह अपने खेत पर फसल की सिंचाई के लिए बोर पर 20 प्लेट का सोलर पैनल लगाये हुये था। आरोप है कि 6 सितम्बर 2025 की रात करीब 11.30 बजे अज्ञात चोर उक्त सोलर पैनल में लगी 7 प्लेट चोरी कर निकाल ले गये। अगले दिन 7 सितम्बर को सुबह 9 बजे जब वह खेत पर गया तो उसने देखा और पड़ौसियों को बताया। बताया कि वह तभी से सोलर पैनलों को खोज रहा है, लेकिन अभी तक पता नहीं चला। पीड़ित किसान की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ट्रॉली से गिरकर वृद्ध की मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम सीपरी के बंदरगुढ़ा में रहने वाले रविन्द्र पुत्र जगन रायकवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते 7 जनवरी को गांव के लोग मेला देखने जाखलौन के गनेशपुरा आये हुये थे। मेला देखकर शाम करीब 5.30 बजे सभी लोग ट्रैक्टर से गांव जा रहे थे। इस समय ट्रैक्टर चालक कुन्दन उर्फ हरनारायण पुत्र नेकपाल झां शराब के नशे में तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर चला रहा था। ट्रैक्टर अनियंत्रित होने के कारण ट्रैक्टर की ट्रॉली में बैठे पिता जगन पुत्र प्यारेलाल रायकवार नीचे गिर पड़े और घायल हो गये। उन्हें घायलावस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गयी थी। पीड़ित ने बताया कि स्वराज 735 ट्रैक्टर के मालिक संतोष पुत्र शिवदयाल हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दवा ले रहे युवक की बाइक को ट्रक ने रौंदा

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला चैबयाना में रहने वाले आकाश जैन पुत्र प्रसन्न कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 5 जनवरी को सुबह 11 बजे वह तहसील के पास स्थित पारस मेडीकल स्टोर पर दवाई लेने के लिए अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 डब्ल्यु 4911 से सड़क किनारे एक साइड से लगाकर दवाई ले रहा था। इसी दौरान ट्रक नं. एम.पी.15 एच.ए. 2052 के चलाक जो काफी तेजी व लापरवाही से गाड़ी लेकर आया और उसकी मोटर साइकिल में टक्कर मारते हुये बाइक पर ही ट्रक चढ़ा दिया, जिससे उसकी मोटर साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बौद्ध धम्म अनुयायियों का पंचशील ध्वज दिवस

**बांदा।** अंबेडकर पार्क में बौद्ध धम्म अनुयायियों ने विश्व धम्म ध्वज पंचशील फ्लग दिवस के अवसर पर 5 धम्म ध्वज लगाए और लहराए। इसदौरान धम्म बंधुओं ने बौद्ध धर्म और विश्व शांति के प्रतीक पंचशील ध्वज के महत्व को बताया। नीला रंग शांति, प्रेम, दया और सार्वभौमिक करूणा, पीला रंग मध्यम मार्ग, शून्यता और स्थिरता, लाल रंग ज्ञापन, सदाचार, भाग्य, गरिमा और बुद्धवत्व की प्राप्ति, सफेद रंग धम्म की शुद्धता, मुक्ति, केसरिया, नारंगी रंग ज्ञान, त्याग, उत्साह और बुद्ध की शिक्षा है। इस दौरान सेवा निवृत्त जेलर शिवशरण, रामखेलावन, हृदयेश बौद्ध, सुखलाल, मोहनलाल खण्डेलवाल, राममिलन वर्मा, सत्यप्रकाश, आनंद कुमार, गोविंद बौद्ध के अलावा बड़ी संख्या में बौद्ध व अंबेडकर अनुयायी मौजूद रहे।

## शाही ने अपना दल (एस) के साथ की बैठक

अयोध्या। सर्किट हाउस में अपना दल एस के जिला अध्यक्ष कृष्णदेव वर्मा, जिला अध्यक्ष विधि मंच एडवोकेट राम प्रकाश वर्मा एवं विधानसभा अध्यक्ष बीकापुर पुष्पेंद्र पटेल द्वारा प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही का स्वागत किया गया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने सहयोगी दल अपना दल (एस) के पदाधिकारियों के साथ अलग से बैठक की। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं प्रभारी मंत्री के समक्ष रखी। जिन्हें उन्होंने गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# वर्तमान में जनपद के 77 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया गतिमान है

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** चकबंदी निदेशालय लखनऊ से जारी जनपदवार रैंकिंग में प्रदेश के 75 जनपदों में 13वां स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हांसिल की है। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के तत्काल बाद से ही चकबंदी जैसे जटिल एवं वर्षों से लंबित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं तथा चकबंदी विभाग के सभी अधिकारियों व

● जनपद ने चकबंदी कार्यों में प्रदेश में प्राप्त किया 13 वां स्थान

कर्मचारी को जमीनी स्तर पर कार्य करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी के सतत अनुश्रवण एवं सख्त प्रशासनिक नियंत्रण के चलते जनपद में चकबंदी कार्यों को नई गति मिली। वर्तमान में जनपद के 77 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया गतिमान है, जिनमें कई ऐसे ग्राम शामिल हैं, जहां वर्षों से कार्य बाधित था। वर्ष 2025-26 के दौरान अनेक ग्रामों में सर्वे/तरमीम, नए चकों का निर्धारण एवं कृषकों को स्थल पर कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही सफलतापूर्वक पूर्ण कराई गई है। इससे न केवल कृषकों को राहत मिली है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में चक मार्गों की बेहतर व्यवस्था भी सुनिश्चित हुई है। जिलाधिकारी के निर्देशन में परिवादों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया यहां तक कि जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में नियमित जनसुनवाई के दौरान एक चकबंदी अधिकारी मसूद शेरवानी को अपने साथ ही बैठा लिया और इस दौरान आने वाली चकबंदी शिकायतों को मौके पर ही निस्तारण कराया इसका परिणाम यह रहा कि चकबंदी से संबंधित 98.28 प्रतिशत परिवादों का संतोषजनक निस्तारण कर जनपद को प्रदेश में 15वां स्थान प्राप्त हुआ, वहीं न्यायिक वादों के निस्तारण में जनपद ने प्रदेश स्तर पर 14वां स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि प्रशासन की कार्यकुशलता एवं जवाबदेही को दशार्ती है। पूर्व में कार्मिकों की कमी के कारण चकबंदी कार्य की गति धीमी देखी गई लेकिन जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के प्रयासों से पर्याप्त संख्या में चकबंदी कार्मिकों की तैनाती कराई गई। इसके फलस्वरूप वर्षों पुराने ग्रामों में अंतिम अभिलेख तैयार कराकर चकबंदी प्रक्रियाओं को पूर्ण कराया गया। बड़े ग्रामों में कब्जा परिवर्तन जैसे संवेदनशील कार्य भी प्रशासनिक समन्वय से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए गए। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में ग्राम सूरीकलां, मऊमाफी, बरोदीनकीब एवं छायन में नवनिर्मित सेक्टर मार्गों को अप्रैल 2026 में मनरेगा योजना से मिट्टी डालकर ऊँचा कराने की योजना भी प्रस्तावित है, जिससे चक मार्गों को अतिक्रमण से सुरक्षित रखा जा सके। प्रदेश के दूरस्थ सीमावर्ती जनपदों में शामिल होने के बावजूद ललितपुर का 13वां स्थान प्राप्त करना यह सिद्ध करता है कि जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के प्रभावी नेतृत्व, स्पष्ट कार्ययोजना और अनुशासित प्रशासनिक नियंत्रण से जनपद में चकबंदी जैसे जटिल कार्यों को भी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ संपादित किया जा सकता है। जिला बंदोबस्त अधिकारी राकेश कुमार सिंह की भी सराहनीय भूमिका रही। उनके द्वारा चकबंदी कार्मिकों पर प्रभावी नियंत्रण रखते हुए जमीनी स्तर पर नियमित निरीक्षण एवं समन्वय से कार्य कराया गया। उन्होंने चकबंदी ग्रामों में जाकर किसानों के बीच चैपाल लगाकर किसानों को जागरूक किया और चकबंदी कार्यों जानकारी देते हुए उन्हें संतुष्ट किया जिससे चकबंदी प्रक्रियाओं को गति मिली और कार्य समयबद्ध रूप से आगे बढ़ा। प्रशासन द्वारा आगामी समय में शेष ग्रामों में भी चकबंदी कार्यों को चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने की योजना है, जिससे कृषकों की जोतों का एकीकरण कर ग्रामीण विकास को और अधिक मजबूती मिल सके।

## ग्राम स्तर पर किसानों से संपर्क कर फार्मर रजिस्ट्री के महत्व की जानकारी दें: डीएम




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश किए कि रोजगार सेवक ग्राम स्तर पर किसानों से सीधा संपर्क स्थापित कर फार्मर रजिस्ट्री के महत्व की जानकारी दें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में आयोजित बैठक में उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि किसानों के फार्मर रजिस्ट्री बनाने के कार्य में ग्राम पंचायत स्तर पर तैनात रोजगार सेवकों को फार्मर रजिस्ट्री कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रोजगार सेवक ग्राम स्तर पर किसानों से सीधा संपर्क स्थापित कर फार्मर रजिस्ट्री के महत्व की जानकारी दें तथा पात्र किसानों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि रोजगार सेवक ग्राम पंचायतों में घर-घर संपर्क कर किसानों का विवरण संकलित करें, आधार, खतौनी एवं बैंक खाते से संबंधित जानकारी का सत्यापन कर पंजीकरण की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें। साथ ही, जिन किसानों का पंजीकरण किसी कारणवश लंबित है, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभाग को अवगत कराएं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तर पर मिलकर काम करें। उन्होंने बताया कि बताया कि जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगा, वे भविष्य में फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी सरकारी योजनाओं से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यूनिक आईडी जेनरेट होने के बाद किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनवाने और बैंकिंग लोन लेने में आसानी होगी और फार्मर रजिस्ट्री होने के उपरांत किसी भी तरह के सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे किसान सरकारी योजनाओं का लाभ तत्काल उठा सकेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ0 घनश्याम वर्मा, जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया, जिला गन्ना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जिला पंचायत सदस्यों का अनशन, काम न मिलने से नाराज




**बांदा।** जिला पंचायत अध्यक्ष की कारगुजारियों को लेकर जिला पंचायत सदस्यों ने अटल वाटिका में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के पश्चात क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। उन्होने जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल पर आरोप लगाते हुए कहा कि निकाले गए टेंडर में उनके क्षेत्र में कोई काम नही कराया जा रहा है। अनशनकारी भरत सिंह ने कहा कि पूर्व में अध्यक्ष जिला पंचायत ने टेंडर निकाले लेकिन इनमें हमारे क्षेत्रों को दरकिनार कर एक भी काम नहीं दिया गया। अनशनकारियों का कहना है कि जिलाधिकारी महोबा की जांच में अध्यक्ष को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है लेकिन इस पर शासन ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की। अनशनकारी सदस्यों ने कहा कि यदि हमारी मांगे पूरी नहीं हुईं तो क्रमिक अनशन के बाद आमरण अनशन पर बैठेंगे। शुक्रवार को अनशन पर बैठने वालों में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि धीरज राजपूत, नीरज प्रजापति व समाजसेवी शामिल हैं। बताते चलें कि जिला पंचायत सदस्य अध्यक्ष सुनील पटेल पर पहले भी भ्रष्टाचार व अधिकांश काम अपने क्षेत्र में कराने का आरोप लगाते रहे हैं।

## विकास परिषद का रक्तदान शिविर 1 फरवरी को




**बांदा।** ऑल अधिकारी कर्मचारी शिक्षक विकास परिषद टीम ने आयुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर संगठन की ओर से नव वर्ष की मंगलकामनाएं दीं। इस दौरान संगठन की संचालित, निमार्णाधीन गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम विद्यालय और कोचिंग संस्थान की प्रगति के बारे में चर्चा की। लोकतांत्रिक न्याय फाउंडेशन एवं संगठन के सयुंक्त तत्वावधान में 1 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में किया जाएगा। इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान महादान अभियान में जुडने का अह्वान किया गया। इस दौरान एम एल वर्मा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, रुवाब आलम, रामकेश, डी के वर्मा, महेश, साहिल, नत्थूराम, संजीव, मोहन, रामबाबू, पुष्प राज सिंह के अलावा संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## बीएलओ शिक्षामित्र हेमलता कुशवाहा के परिजन को मिले नौकरी



**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को सौंपा। ज्ञापन में बीएलओ में कार्यरत शिक्षा मित्र हेमलता के परिजनों को नौकरी दिलाने हेतु आह्वान किया। ज्ञापन में कहा गया कि विगत दिवस 29 नवंबर 2025 को

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

हेमलता कुशवाहा पत्नी जगदीश नारायण कुशवाहा उच्च प्राथमिक विद्यालय टगर ब्लॉक बिरधा ललितपुर की बीएलओ के कार्य के करते समय तबियत खराब हो गई थी, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में इलाज करवाया था।

इसके बाद बीएलओ का कार्य करते समय पुनरू तबियत खराब हो गई थी जिन्हें झांसी भर्ती कराया था। जिन्हें ब्रेन हेमरेज की शिकायत बताई थी। हालात में सुधार न होने पर उन्हें एम्स भोपाल में भर्ती कराया गया था। जहां पर आपरेशन हुआ है जिनकी आपरेशन के बाद 3जनवरी 2026 को आकस्मिक निधन हो गया था। उन्होंने सीएम से मृतक हेमलता कुशवाहा के परिवार के सदस्य को नौकरी एवं आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग उठायी। इस दौरान भगवत सिंह बैस, अशोक परिहार, राजेश पटेरिया, सुदामा प्रसाद दुबे, बृजेश कुमार टोटे, नीतू पटेरिया, धर्मेंद्र सिंह परमार, सूर्यप्रताप सिंह बुंदेला, ज्योतिप्रकाश खरे, हाकिम पाल, भान सिंह सेंगर, जगदीश नारायण कुशवाहा, अटल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय कृषि रक्षा इकाई से रसायन क्रय कर अनुदान का लाभ उठाएं: कृषि अधिकारी

**बिजनौर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसान भाईयों को जानकारी देते हुए बताया कि रबी की मुख्य फसल गेहूँ आलू एवं राई/सरसों में आने वाले रोग एवं कीट के नियंत्राण के लिए जनपद के विकास खण्ड स्थित राजकीय कृषि रक्षा इकाईयों पर विभिन्न पारिस्थिकीय संसाधनों द्वारा कीट/रोग नियंत्रण योजनान्तर्गत जैविक रसायन ट्राइकोडर्मा एवं ब्यूवेरिया बेसियाना पर 75 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है। उक्त जैविक रसायन पर्याप्त मात्रा में राजकीय कृषि रक्षा इकाईयों पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त फसलों पर कीट/रोग के नियंत्रण के लिए कृषि रक्षा रसायन यथा- फफूंदनाशक/कीटनाशक/खरपतवार नाशी इत्यादि पर 50 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है। कृषक भाई राजकीय कृषि रक्षा इकाई से उक्त रसायन क्रय कर अनुदान का लाभ डी०बी०टी० के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि कृषि रक्षा उपकरणों (शक्ति चालित स्प्रेयरपर मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम तीन हजार रुपए तथा मानव बालित स्प्रेयर पर मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम पन्द्रह सौ रुपए एवं अन्न भण्डारण बखारी पर मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम दो हजार रुपए अनुमन्य है। बखारी की अधिकतम क्षमता 5 कुन्टल, 24 गेज एवं आ0एस0आ0 मार्क का होना आवश्यक है। उक्त कृषि निवेश प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर विभिन्न पास्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट रोग योजनान्तर्गत प्राप्त लक्ष्यों के अनुसार टोकन जनरेटकर बुकिंग कर सकते है। जुनदान का लाभसत्यापन उपरान्त डी0बी0टी0 के माध्यम कृषकों के बैंक खाते में हस्तान्तरित किया जायेगा। जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा कृषकों को बताया गया कि फसलों को कीटो से बचाने के लिए रायायनिक कीटनाशक छिड़काव पर अब निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, इसके के लिए कृषि विभाग ने एक अहम पहल करते हुए सोलर लाईट ट्रैप की व्यवस्था की है। खेतों पर लगाने के लिए किसानों को कृषि रक्षा इकाई सेलाईट ट्रैप भी दिये जायेगे। उन्होंने बताया कि बताया गया कि सब्जियों के अलावा दलहनी एवं तिलहनी फसलों में कीटों का प्रभावी नियंत्रण लाईट ट्रैप के द्वारा बिना कीटनाशक रसायनों के किया जा सकता है। लाईट ट्रैप फसलों में कोई हानिकारक रासायनिक अवशेष नही छोड़ते है एवं मित्र कीटों को भी कोई नुकासान नहीं पहुंचाते है। कृषि विभाग की समस्त योजनाओं का लाभ लेने के लिए कृषकों द्वारा कृषक पंजीकरण कराना आवश्यक है। अतः कृषक अपना पंजीकरण जनपद के विकास खण्ड स्तर पर राजकीय कृषि रक्षा इकाई/राजकीय कृषि बीज भण्डार या जिला कृषि रक्षा अधिकारी अथवा स्वयं भी जन सेवा केन्द्र से निःशुल्क करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए कृषक भाई, जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय बिजनौर पहुंचकर सम्पर्क कर विस्तार से जानकारी प्राप्त कर सकते है

## राष्ट्रीय विकलांग पार्टी की तरफ से 17 जनवरी को होगा फ्री उपकरणों का वितरण: पाशा



**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग, वृद्ध, विधवा, युवा गरीब-मजदूर आदि के लिए निःशुल्क उपकरणों के कैम्प का आयोजन 17 जनवरी 2026 को किया जाएगा। कैम्प में निःशुल्क सिलाई मशीन, कंबल, रजाई, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, कैलिपर्स आदि का वितरण कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग, गरीब, जरूरतमंद, वृद्ध, विधवा आदि के लिए किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि हमारा संगठन हर वर्ष जनवरी माह में विशाल कार्यक्रम जैसे सिलाई मशीन, कंबल, लिहाफ,ट्राई साइकिल,व्हीलचेयर, कैलिपर्स, वैशाखी, आदि का निशुल्क वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी विशाल कार्यक्रम का आयोजन 17 जनवरी 2026 को स्योहारा क्षेत्र के पार्क पब्लिक स्कूल बुढ़नपुर में सुबह 10 बजे किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने सभी दिव्यांग, वृद्ध, विधवा, युवा, गरीब-मजदूरों आदि से अपील करते हुए कहा कि सभी जरुरतमंद समय से पहुंच कर निःशुल्क सिलाई मशीन, कंबल, रजाई, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, कैलिपर्स आदि का लाभ उठाए।

# एएचटी और एसजेपीयू टीम की मासिक समन्वय गोष्ठी सम्पन्न



**ललितपुर।** एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी (नोडल अधिकारी) कालू सिंह की उपस्थिति व पर्यवेक्षण में, सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति, मार्गदर्शन में थाना ए.एच.टी.व एस.जे.पी.यू. तथा समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह जनवरी 2026 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आहुत की गयी, जिसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, एस.सी. एस.टी. एक्ट, बाल विवाह मुक्त भारत के बारें में विस्तृत चर्चा करते हुये। इस बात की शपथ ली गयी कि हम अपने अपने कार्य क्षेत्र व पहुंच पर बाल विवाह रोकने का हर सम्भव प्रयास करेंगें, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन पॉस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के नर्देशित किया गया, इस बैठक मे जनपद के सी.डब्लू.सी., श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड, जिला अभियोजन, वन स्टाफ सेन्टर एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण व सभी थानों से सम्बन्धित बाल कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

## पद्म विभूषण श्रीमती जानकीदेवी बजाज की 133वीं जयंती के अवसर दी गई श्रद्धांजलि



**ललितपुर।** देश की स्वतंत्रता, सामाजिक पुनर्जागरण और नैतिक मूल्यों की मजबूत आधारशिला रखने वाली पद्म विभूषण श्रीमती जानकीदेवी बजाज की 133वीं जयंती के अवसर पर बजाज समूह की ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड परिसर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस दौरान श्रीमती जानकीदेवी बजाज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को नमन किया गया। वक्ताओं ने उन्हें सादगी, साहस और निःस्वार्थ राष्ट्रसेवा की जीवंत प्रतिमूर्ति बताते हुए उनके जीवन को भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।कार्यक्रम में कंपनी के सीईओ ए.एन. सार ने कंपनी संरक्षक शिशिर बजाज के जारी संदेश का हवाला देते हुए कहा कि जानकीदेवी बजाज का जीवन गांधीवादी मूल्यों, अनुशासन और करुणा से ओतप्रोत था। उन्होंने स्वदेशी, खादी और सादे जीवन को अपनाकर स्वयं को नारी सशक्तिकरण, ग्रामीण उत्थान और समाजसेवा के लिए समर्पित कर दिया। उनकी नैतिक दृढ़ता आज भी बजाज समूह के ह्यराष्ट्र निर्माणह्ल के दर्शन को दिशा देती है।

7 जनवरी 1893 को मध्य प्रदेश के जावरा में जन्मीं जानकीदेवी बजाज स्वतंत्रता संग्राम से सक्रिय रूप से जुड़ी रहीं। उन्होंने महिला शिक्षा, सामाजिक समानता, पशु कल्याण और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। वे भूदान आंदोलन से भी जुड़ी रहीं तथा अखिल भारतीय गोसेवा संघ की अध्यक्ष रहीं। वर्ष 1956 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी आत्मकथा, मेरी जीवन यात्रा उनके सादे, अनुशासित और मूल्य-आधारित जीवन का सशक्त दस्तावेज है। इस मौके पर मनोज मेहता, आलोक श्रीवास्तव, अखिलेश खुरसवार, राजेश वर्मा, मनोज वर्मा, शुभ्रांसु, अभिमन्यु उपाध्याय, प्रवीण त्रिपाठी, राजीव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संचालन अभिनव भारद्वाज ने किया।

## अन्ना जानवरों से किसान परेशान, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**बांदा।** अन्ना मवेशियों से फसलों से हो रहे नुकसान को लेकर बबेरू तहसील के दर्जनों गांवों के किसानों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नही हुआ तो वह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। ज्ञापन देने वाले किसानों ने बताया कि मिलाथू, बड़ागांव, अहार, पल्हरी, शिव, मवई, आलमपुर, बगेहटा, पंडरी, देवरथा, जुगरेहली और अनौसा सहित दर्जनों गांवों में सैकड़ों की तादाद में अन्ना पशु झुण्ड में घूमकर खेतों में खड़ी फसल को चैपट कर रहे हैं। किसान अपनी खेती का काम छोड़कर रात-दिन फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। किसानों ने कहा कि प्रदेश सरकार अन्ना गौवंश संरक्षण पर अरबों रुपये खर्च कर रही है। बावजूद इसके किसान अन्ना जानवरों की मार से परेशान हैं। उन्होने कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर वह पहले भी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन व शासन को अनेकों बार पत्र भेजकर कार्रवाई की गुहार लगा चुके हैं लेकिन उनकी समस्या की ओर किसी ने ध्यान नही दिया। किसानों ने जिलाधिकारी से अन्ना गौवंश की समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग की है। चेतावनी दी है कि यदि जिम्मेदार अधिकारियों ने अब भी कार्रवाई नही की और कार्यालय में बैठकर फर्जी रिपोर्ट के जरिए समाधान का दावा किया तो वह मजबूर होकर सड़क पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होंगे। किसानों ने कहा कि मिलाथू स्थित कैप्टन बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज के सामने बस स्टैण्ड पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और आमरण अनशन किया जाएगा। इसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में उमादत्त पटेल, मनोज कुमार, हरिप्रसाद, पवन कुमार, प्रदीप पटेल, अमर सिंह, शिवाकांत व बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## बचपन बचाओ आंदोलन को लेकर जागरूकता शिविर

**बांदा।** जनपद न्यायाधीश, अध्यक्षा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्पना के निर्देश पर शुक्रवार को भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह की अध्यक्षता में 12 जनवरी को प्रस्तावित राष्ट्रीय युवा दिवस, बचपन बचाओ आन्दोलन, नशा मुक्त भारत अभियान, मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं उच्च न्यायालय के आदेशों की प्रतियां क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होने को लेकर शिविर का आयोजन हुआ। अपर जिला जज ने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। यह दिन युवाओं को अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी की याद दिलाता है। स्वामी विवेकानन्द कहते थे कि शिक्षा को जानकारी जुटाने का माध्यम नही, बल्कि देश की तरक्की में योगदान समझना चाहिए। उन्होने केन्द्र व राज्य सरकार के संचालित बपचन बचाओं आन्दोल, बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य व शिक्षा के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, मानव तस्करी जैसे अपराधों से बचाव की जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के बारे में जानकारी दी। उन्होने बाल विवाह पर जोर देते हुए कहा कि इस अधिनियम के अनुसार, लड़की की विवाह योग्य न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष है। जो भी बाल विवाह करेगा या उसमें सहायता करेगा, उसे दो साल तक के कठोर कारवास और एक लाख रुपए तक के जुमार्ने से दंडित किया जा सकता है।

## राजस्व लक्ष्य को पूरा करें अधिकारी: नपाध्यक्ष

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली जैन की अध्यक्षता व कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन की उपस्थिति में पालिका सभाकक्ष में राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक की गई।

समीक्षा बैठक के दौरान नपाध्यक्ष ने पूर्व बैठक में दिये गये निदेर्शों के क्रम में जानकारी ली गई व कर संग्रहकताओं द्वारा वितरित किये गये गृहकर के बिलों आदि की भी समीक्षा की गई, जिसमें कर्मचारियों द्वारा अवगत कराया गया कि बिल वितरण का कार्य जारी है। बकाया गृहकर बिल 20 जनवरी तक वितरित कर दिये जायेगें। इसके अलावा नपाध्यक्ष ने राजस्व वसूली के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि वार्डों में कैम्प लगाकर वसूली कराना सुनिश्चित करें व जो भी बड़े-बड़े बकायेदार है।

उन सभी की सूची तैयार कर सभी बकायेदारों के विरुद्ध नोटिस जारी करें। अध्यक्ष ने कर लिपिक को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन वितरित किये गये बिल व वसूली से संबंधित जानकारी से अवगत कराया जाये। उन्होंने कर निर्धारण अधिकारी एवं कर अधीक्षक को निर्देश दिये कि हर हाल में 31 मार्च के अंदर लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जो भी कर्मचारी कार्य में लापरवाही करते हुए पाया जाता है तो उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा, कर लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा सहित कर संग्रहकर्ता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत जीआईसी जखौरा में जागरूकता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में थाना जखौरा पुलिस ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के महत्व, यातायात नियमों का पालन, पैदल और वाहन चालकों की जिम्मेदारियां, तथा सुरक्षित ड्राइविंग नियमों के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही पुलिस ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट और ट्रैफिक नियमों का पालन जैसी बातों पर विशेष जोर दिया। इस पहल का उद्देश्य है कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली हानियों और मृत्यु दर को कम करना तथा युवा पीढ़ी में सुरक्षित यातायात और जिम्मेदार ड्राइविंग की जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और पुलिस अधिकारियों से सड़क सुरक्षा संबंधी सवाल भी पूछे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 मनोज कुमार मौजूद रहे।

# जेएनयू में नफरती नारे

राष्ट्रीय राजधानी नयी दिल्ली में स्थित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की पहचान मानविकी विषयों में उत्कृष्ट शिक्षा और शोध केंद्र के साथ ही विभिन्न विचारधाराओं के संगम के रूप में भी रही है। यहां हर विचारधारा के छात्र हैं और खुली बहस, आधुनिक सोच इसके शैक्षिक संस्कृति में रही है, लेकिन हाल के वर्षों में जिस तरह यहां देश विरोधी नारे लगे, देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक नारा लगाया गया, उससे इस शैक्षिक संस्था की छवि खराब हो रही है। आज जेएनयू नफरत, हिंसा और छद्म वामपंथ का ऐसा अड्डा है, जहां छात्रों की युवा पीढ़ियों को साल-दर-साल, जहरीला और देश-विरोधी बनाया जा रहा है। दुर्भाग्य है कि आतंकवादी अफजल गुरु और उमर खालिद, शरजील इमाम इन छात्रों के आदर्श हैं। पाकिस्तान के लिए वे मर्माहत होते हैं और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अपमान करते हैं। संसद को वे ढकोसला करार देते हैं, लिहाजा अनु. 370 को निरस्त करने के खिलाफ भी आंदोलित होते हैं। अब उन्हीं छात्रों की एक जमात देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की कब्र खोदने के नारे लगा रही है। आखिर प्रधानमंत्री की कब्र क्यों खुदेगी? ऐसे ही नारे कांग्रेस नेताओं ने भी लगाए थे। उन अपराधों की नियति क्या हुई? देश आज भी जानना चाहता है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने जेएनयू के छात्रों के साथ क्या अपराध किया है? भारत सरकार करोड़ों रुपये सालाना का अनुदान देकर ऐसे विश्वविद्यालय को संचालित कर रही है, जहां छद्म वाम पंथ और देशद्रोही प्रवृत्तियां पलती रही हैं। वामपंथ शेष देश में अप्रासंगिक हो चुका है। उसके कुछ अवशेष बचे हैं, लेकिन छात्रों के एक वर्ग में आज भी यह फैशन के तौर पर जिंदा है। कैसी विडंबना और विरोधाभास है? कब्र खुदेगी किसी वैचारिक लड़ाई, संघर्ष का भी हिस्सा नहीं है।




संविधान हम सभी को अधिकार देता है कि हम प्रधानमंत्री और उनकी सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों, राजनीति और विचारधारा का विरोध कर सकते हैं। आंदोलन छेड़ सकते हैं, लेकिन जिस शख्स को देश के लोकतंत्र ने बहुमत देकर प्रधानमंत्री चुना है और उस प्रधानमंत्री ने एक निर्वाचित सांसद को अपना गृहमंत्री चुना है, उनकी 'कब्र खुदेगी' के नारे लगाना, डफली की ताल पर तालियां बजा कर विरोध-प्रदर्शन करना तो 'लोकतांत्रिक मजाक' है। यह देश के कार्यकारी प्रमुख को गालियां देना है, लिहाजा यह असंवैधानिक है और अस्वीकार्य भी है। ऐसे छात्रों को हमेशा के लिए परिसर से बाहर करना चाहिए। ऐसे नफरती छात्रों का शैक्षिक करियर बर्बाद होता है, तो उसकी भी परवाह नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह भड़की, उकसाई गई, उच्छृंखल जमात पढ़ाई के लिए विश्वविद्यालय में नहीं आई है। वे देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की कब्र इसलिए खोदने के उत्तेजक नारे लगा रहे हैं, क्योंकि सर्वोच्च अदालत ने उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं दी है। बल्कि उन्हें 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश का 'मुख्य आरोपी' माना है। वे आगामी एक साल तक जमानत के लिए दोबारा आवेदन भी नहीं कर सकेंगे। दिल्ली दंगों में 53 मासूम मौतें हुई थीं, 581 लोग घायल हुए थे और 1200 से अधिक घर और दुकानें जला दी गयीं या तबाह कर दी गई थीं। कोई सामान्य अपराध नहीं था। उमर और शरजील भी जेएनयू की देश-विरोधी जमात के सदस्य रहे हैं। वे उस कन्हैया कुमार के बगलगीर थे, जो आज कांग्रेस में प्रमुख नेता बन गये हैं। जब आतंकवादी अफजल गुरु को फांसी दी गई, तो उसके कुछ समय बाद, मोदी के प्रधानमंत्री काल में ही, जेएनयू में घोर देशद्रोही नारे लगाए गए थे-भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह। आजादी, आजादी के भी नारे लगाए गये। आखिर किससे चाहिए आजादी? देश तो आजाद है, लिहाजा 'अभिव्यक्ति की आजादी' का मौलिक अधिकार भी हासिल है, लेकिन प्रधानमंत्री की 'कब्र खुदेगी' किसी भी मायने में अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। यह नापाक गाली है और कानून का उल्लंघन भी है। इसलिए ऐसे छात्रों को तत्काल बाहर करना चाहिए।

## विचार

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

व्रत का महात्म्य वहीं तक कल्याणकारी है जहां तक ध्यान और अध्ययन में वह बाधक न हो।

–मुनि गणेश वर्णी.

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

–गुरुनानक.

अतिथि समाज का एक प्रतिनिधि होता है। अतिथि के रूप में समाज हमसे सेवा मांग रहा है, हमारी यह भावना होनी चाहिए।

–विनोबा भावे.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

–ड्रायन एडवर्ड.

# ममता बनर्जी बनाम केंद्र, सियासी दांव-पेच

डॉ. अनिता राठौर

ममता बनर्जी का यह दुस्साहस केवल एक घटना नहीं, बल्कि लोकतंत्र में सत्ता-संघर्ष की गहरी तस्वीर है। एक तरफ कानून और संस्थाओं की विश्वसनीयता का प्रश्न है, दूसरी तरफ चुनी हुई सरकार और केंद्र के बीच टकराव। लोकतंत्र में जांच एजेंसियों को स्वतंत्र और निष्पक्ष होना चाहिए और निर्वाचित नेताओं को कानून के दायरे में रहकर विरोध दर्ज कराना चाहिए।



ईडी की कार्यवाही के बीच ममता बनर्जी ने जिस तरह टीएमसी के आईटी, सेल में घुसकर जरूरी फाइलें पुलिस के संरक्षण में ले गयीं, वह व्यक्तिगत दुस्साहस भर नहीं है, वह प्रदेश के चुनावों में बाजी मारने के लिए येन केन प्रकारेण गढ़ा जा रहा सियासी नैरेटिव है, जिसमें जीत-हार का अनुमान दांव पर है। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर से तीखे टकराव के दौर में आ गयी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आईटी सेल कार्यालय में पहुंचना, पुलिस सुरक्षा में कुछ फाइलों का वहां से हटाया जाना और इसके बाद केंद्र पर ह्लराजनीतिक षड्यंत्रह्व के आरोप–ये घटनाएं महज एक प्रशासनिक या भावनात्मक प्रतिक्रिया भर नहीं हैं। ये सब दांवपेंच आने वाले विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में गढ़े जा रहे एक सुसंगठित राजनीतिक नैरेटिव का हिस्सा हैं, जिसमें टकराव, पीड़ितबोध और अस्मिता की राजनीति एक-दूसरे में घुलती दिखती है। वास्तव में यह लेख इसी सवाल की पड़ताल करता है कि क्या ममता बनर्जी का यह दुस्साहस व्यक्तिगत आवेग है या फिर चुनावी बाजी पलटने के लिए सोची-समझी रणनीति? और क्या केंद्र की एजेंसियों की कार्रवाई केवल कानून के दायरे में हैं या समय और अपने तरीके से वह कोई राजनीतिक संदेश भी देती है?

### ईडी की कार्रवाई और राजनीति का संदर्भ

पिछले कुछ वर्षों में केंद्रीय जांच एजेंसियों–खासकर प्रवर्तन निदेशालय–की सक्रियता विपक्ष-शासित राज्यों में कुछ ज्यादा ही बढ़ी है। पश्चिम बंगाल में भी यह नई बात नहीं है। शिक्षक भर्ती घोटाला, कोयला तस्करी, राशन वितरण से जुड़े आरोप–इन सब मामलों में टीएमसी से जुड़े नेताओं की गिरफ्तारी या पूछताछ हुई है। सत्ता पक्ष का तर्क है कि यह कानून का स्वाभाविक रास्ता है; विपक्ष का आरोप है कि एजेंसियां केंद्र के राजनीतिक दबाव में काम कर रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में जब गुजरी 8 जनवरी 2026 को ईडी की टीम कोलकाता में पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म आई-पैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर में जबरन घुसी, जो कि टीएमसी की आई टीसेल के प्रमुख भी हैं और वहां कथित कोयला घोटाले से जुड़े दस्तावेज तलाशने लगी, तभी राज्य पुलिस के साथ बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वहां पहुंचती हैं तथा ईडी के मुताबिक कई फिजिकल डाक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रानिक डिवाइसेस ले गयीं। इसके बाद ममता आई-पैक के साल्ट लेक स्थित ऑफिस परिसर भी पहुंचती है और वहां से भी कई अहम सबूत पुलिस की मदद से उठा ले गयीं। इससे ममता बनर्जी ने संदेश देने की कोशिश की है, 'मुख्यमंत्री अपने लोगों के साथ खड़ी हैं' और 'केंद्र की एजेंसियां राज्य की स्वायत्तता पर हमला कर रही हैं।' जबकि ईडी ने कोलकाता हाईकोर्ट में ममता बनर्जी की इस हरकत के खिलाफ दरवाजा खटखटाया है, इस आरोप के साथ कि ममता सबूतों से छेंड़छांड कर रही हैं।

सामयिक

### कानून बनाम प्रतीक

राजनीति में प्रतीकों की बड़ी भूमिका होती है। ममता बनर्जी सड़क पर धरना देने वाली नेता रही हैं; मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उन्होंने जनांदोलन की शैली छोड़ी नहीं। आईटी सेल में प्रवेश कर फाइलें हटाने का कदम–कानूनी दृष्टि से भले ही विवादास्पद हो–राजनीतिक दृष्टि से उनके पुराने व्यक्तित्व के अनुरूप है। उनके समर्थकों के लिए यह साहस है, विपक्ष के लिए कानून व्यवस्था में हस्तक्षेप। लेकिन चुनावी राजनीति में संदेश सरल रखा जाता है: 'केंद्र अन्याय कर रहा है, और ममता उसका सामना कर रही हैं।' यह वही नैरेटिव है जिसने 2021 के विधानसभा चुनावों में उन्हें बड़ी जीत दिलाई थी–दिल्ली बनाम कोलकाता, बाहरी ताकत बनाम बंगाल की अस्मिता।

### 'षड्यंत्र' का आरोप और अस्मिता की राजनीति

ममता बनर्जी ने केंद्र पर आरोप लगाया कि ईडी की कार्रवाई चुनाव से पहले राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश है। इस आरोप का तथ्यात्मक मूल्यांकन अलग विषय है, लेकिन राजनीतिक असर स्पष्ट है। बंगाल में 'बाहरी हस्तक्षेप' का विचार ऐतिहासिक रूप से संवेदनशील रहा है–चाहे वह भाषा, संस्कृति या सत्ता का सवाल हो या फिर केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा घोटालों की जांच। ऐसे मौकों में तृणमूल कांग्रेस हमेशा खुद को बंगाल की आवाज के रूप में प्रस्तुत करती है, जबकि भारतीय जनता पार्टी को 'केंद्र की पार्टी' के रूप में। षड्यंत्र का आरोप इसी द्वंद्व को तेज करता है। तथ्य चाहे जो हों, राजनीतिक नैरेटिव भावनाओं पर टिका होता है, और ममता इसे भली-भांति समझती हैं।

### केंद्र की रणनीति

केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों का कहना है कि वे कानून के अनुसार काम कर रही हैं। यह तर्क सैद्धांतिक रूप से सही भी हो सकता है। लेकिन राजनीति में 'कब' और 'कैसे' उतना ही महत्वपूर्ण होता है जितना 'क्या'। चुनाव से ठीक पहले की गई कार्रवाई, बार-बार विपक्षी नेताओं को निशाना बनाना–इनसे संदेह तो पैदा होता ही है कि कानून के साथ-साथ केंद्र द्वारा राजनीतिक लाभ भी साधा जा रहा है। यह स्थिति केंद्र के लिए भी जोखिम भरी है। अगर कार्रवाई ठोस सबूतों और निष्पक्ष प्रक्रिया से जुड़ी दिखे, तो उसका नैतिक बल बढ़ता है। लेकिन यदि वह प्रतिशोध की तरह प्रस्तुत होती है, तो विपक्ष को पीड़ित बनने का मौका मिलता है–और ममता जैसी नेता उस मौके को नैरेटिव में बदलने में माहिर हैं।

### चुनावी गणित और संभावित असर

आगामी विधानसभा चुनावों में बंगाल की राजनीति तीन ध्रुवों में सिमटती दिखती है–टीएमसी, भाजपा और वाम-कांग्रेस गठबंधन। टीएमसी की रणनीति स्पष्ट है: केंद्र के खिलाफ संघर्ष, बंगाल की अस्मिता और ममता की व्यक्तिगत दृढ़ता। ईडी प्रकरण इस रणनीति को धार देता है। भाजपा के लिए चुनौती यह है कि वह भ्रष्टाचार के मुद्दे को कैसे विश्वसनीय बनाए, बिना यह दिखे कि वह केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। अगर मतदाता यह मान लेते हैं कि कार्रवाई राजनीति-प्रेरित है, तो सहानुभूति टीएमसी की ओर जा सकती है।

### अंत में लोकतंत्र की कसौटी

ममता बनर्जी का यह दुस्साहस केवल एक घटना नहीं, बल्कि लोकतंत्र में सत्ता-संघर्ष की गहरी तस्वीर है। एक तरफ कानून और संस्थाओं की विश्वसनीयता का प्रश्न है, दूसरी तरफ चुनी हुई सरकार और केंद्र के बीच टकराव। लोकतंत्र में जांच एजेंसियों को स्वतंत्र और निष्पक्ष होना चाहिए और निर्वाचित नेताओं को कानून के दायरे में रहकर विरोध दर्ज कराना चाहिए। लेकिन राजनीति अक्सर आदर्शों से नहीं, बल्कि यथार्थ से चलती है। बंगाल में यह यथार्थ नैरेटिव की लड़ाई है–जहां हर कार्रवाई, हर बयान और हर प्रतीक चुनावी गणित को प्रभावित करता है। बहरहाल अंतिम फैसला मतदाता करेगा। ऐसे में सवाल यह है क्या वह इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती मानेगा, या बंगाल की अस्मिता पर हमला? यही वह प्रश्न है, जिस पर आगामी चुनावों की दिशा और दशा तय होगी।

## सोशल मीडिया



आज लखनऊ में अशोक लीलैंड के आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के उद्घाटन में सम्मिलित हुआ, लखनऊ में इसकी शुरूआत उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर है। राजनाथ सिंह.

# इंद्रियों पर नियंत्रण

वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के र ाज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

अंतर्दृष्टि

# कहीं साहित्य को मशीनी न बना दे एआई

**बाजार के लिए इन दिनों एआई और डिजिटल तकनीक की तीव्रता से कहानियां या जो कंटेंट निर्मित हो रहा है, वह अपनी पकड़ साहित्य के तौर पर नहीं, बाजार के लिए साहित्य के नाम पर अनुमानित शब्द रचनाओं तक सीमित है।**




संभावना-2026 ● लोकमित्र

यह आशंका है और सवाल भी जो अकसर सोशल मीडिया से लेकर साहित्य प्रेमियों के बीच आपसी बातचीत में हर दिन उठता है। लेकिन कोई भी अंतिम जवाब दिये बिना आशंकाओं के बादल उमड़ा-घुमड़ाकर आगे बढ़ जाता है। लेकिन आज एक बात बहुत संक्षिप्त में सुन लीजिए कि एआई और डिजिटल तकनीक कुछ करे, साल 2026 में कम से कम साहित्य को निरानिर मशीनी तो नहीं बना पायेंगी। लेकिन हां, इस बात में कोई दो राय नहीं है कि उसके गठन, उसकी बनावट और उसके मिजाज में बहुत सारे मशीनी तत्व दिखेंगे बल्कि कहना चाहिए दिखने शुरू भी हो चुके हैं और साल 2026 में यह और गहरे होंगे। पूछिये कैसे? आइये इन्हें इन तर्कों से समझते हैं-

- एआई भाषा तो बना सकती है, शैली की नकल भी कर सकती है, लेकिन अनुभव कहां से लायेगी। इसलिए यह अनुभव नहीं जीती। आप अगर साहित्य पढ़ते हैं, साहित्य की समझ रखते हैं, तो एक पल में बता देंगे कि यह किसी इंसान की लिखी रचना है और यह जनरेटिव एआई की मशीनी कोशिश है। जी हां, जब भी एआई यानी आर्टिफिशियल इंटलीजेंस किसी घटना, किसी कल्पना पर कोई कथा, कोई संवाद या कोई दृश्य बुनती है, तो उसमें सब कुछ होता है, लेकिन उसकी ग्रैविटी यानी गुरुत्वाकर्षण नहीं होता। क्योंकि वह अनुभव से निकली हुई, क्योंकि वह एहसास से घनीभूत हुई रचना नहीं होती। वह मशीन का उपक्रम होती है, जो कहीं भी कभी भी इतने सपाट अंदाज में गिर जाती है कि आप टूट जाते हैं। यकीन मानिए चाहे तकनीक जितनी भी माहिर हो गई हो, चाहे जितनी भी तेजतर्रार हो गई हो, लेकिन कोई दृश्य, कोई घटना बुनने में वह ऐसी फूहड़ गलतियां करती है जैसी कोई नौसिखिया लेखक भी नहीं कर सकता और यही बात इस दावे का सबूत है कि फिलहाल तो एआई या डिजिटल तकनीक के वश में साहित्य को मशीनी बना देना नहीं है।

- आखिर ये तकनीकें साहित्य को ऐसा कर भी कैसे सकती हैं? जो दुख भोगा नहीं जाता, जिस सुख की उपस्थिति से कोई रोमांचित नहीं होता, वह साहित्य कोई हरकत कैसे पैदा कर सकता है और साहित्य का असली काम ही झकझोरना है। चाहे दुख में, चाहे सुख में, चाहे दहशत में, चाहे रोमांच में और मशीन यही नहीं कर सकती। क्योंकि मशीन भावुक नहीं होती और जो चीज भावुक नहीं होती, उसमें भावनाओं का उतार-चढ़ाव, ज्वार-भाटा या उबाल नहीं आता और बिना ऐसे उबाल के कोई साहित्य दूसरे को झकझोर नहीं सकता। सिर्फ इतना ही नहीं, कंप्यूटर या कहें कृत्रिम बुद्धि, स्मृति की आख्यानिक जटिलता को नहीं समझती। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अपराधबोध की पीड़ा नहीं महसूस करता। उसके आरपार प्रेम का तूफान नहीं गुजरता और पश्चाताप की टीस उसे कभी परेशान नहीं करती, तो फिर ये तकनीकी या ये मशीनी खूबी इंसान को क्यों और कैसे चुनौती दे सकती है? एआई या डिजिटल तकनीक साहित्य को मशीनी तभी बना सकते हैं या साहित्यकार के अवतार में तभी खुद उतर सकते हैं, जब ऊपर की सभी भावनाएं वह इंसानों की तरह जीने और महसूसने लगें, जो होता संभव नहीं दिख रहा। इसलिए इस बात से बेफिक्र रहिए कि साहित्य इस साल या आने वाले कई सालों में भी पूरी तरह से मशीनी हो जायेगा।




हां, लेकिन ये तय है एआई और डिजिटल तकनीक साहित्य की गतिविधियों को यानी लिखने और सोचने के उपक्रम को मशीनों की तरह तेज और भावहीन कर सकती हैं, लेकिन वो साहित्य की आत्मा नहीं बदल सकतीं। इन तकनीकों के जरिये साहित्य को ज्यादा बेहतर, ज्यादा गहराई से लिया जा सकता है, लेकिन इसमें इन तकनीकों की अपने आपमें कोई भूमिका नहीं होगी बल्कि साहित्य को जीने वाला, साहित्य को रचने वाला इन तकनीकों को खुद में कितना आत्मसात करता है, इस बात पर निर्भर करेगा और इंसान जब भी किसी से कुछ लेता है, तो अपना सब कुछ देकर नहीं लेता, उसका जो कुछ अपना है, वह हमेशा उसमें बरकरार रहता है। इसलिए वह चाहे किसी से कितना ले ले, लिया हुआ मूल नहीं बन पाता। यह लेखक के रचनाकर्म के 'निज' में समाहित हो जाता है। इसलिए दुनिया में कोई साहित्यकार कितना भी नकल का दावा करे, वह किसी भी रचना की हूबहू नकल नहीं कर सकता। वह किसी रचना को आत्मसात करके, अपनी नई रचना में उसके प्रभाव का रंग तो बिखेर सकता है, उसकी मौजूदगी की तासीर तो पैदा कर सकता है, लेकिन खुद कोई चीज हूबहू नहीं रख सकता। क्योंकि इंसान अपने आपमें रचनाकार है। चाहे वो साहित्यकार हो या न हो। क्या कभी आपको कोई ऐसा आदमी मिला, जिसने जिस बात को जैसे सुना हो, वैसे ही आपको सुनायी हो? ऐसा कभी नहीं होगा।

ऐसा कोई व्यक्ति आपको नहीं मिला होगा, जो किसी से जितना सुनता है, उतना ही आगे सुना देता है। नहीं। वह हर सुने, हर समझे और हर देखे क्षण में अपने कुछ एहसास, अपने कुछ अनुभव और अपनी कुछ कल्पनाएं भी जोड़ता है। क्योंकि हर इंसान मूलतः रचनाकार है। इसलिए कभी इंसानों की रचनाएं मशीनों की रचनाओं के जैसी 'प्रतिलिपि' की माफिक नहीं हो सकतीं। इसलिए साल 2026 में कतई गुमान नहीं है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस या कि डिजिटल तकनीक, समूची लेखन, दुनिया को मशीनी बना दे। कंप्यूटर चाहे जितना महंगा, चाहे जितना उन्नत और चाहे जितना फ्यूचरिस्टिक हो जाए, लेकिन वह कभी किसी लेखक का विकल्प नहीं बन सकता। पर यह भी नहीं कहा जा सकता कि मशीनीपन की आशंका निरानिर गलतफहमी है या निरानिर नामझी है। ऐसा नहीं है। न ही ऐसी आंशका पूरी तरह से निर्मूल है। यह इस डर में कुछ ठोस सच्चाईयां हैं। जिस तरह की इन दिनों फैक्टरी निर्मित कहानियां थोक के भाव आ रही हैं, उन्हें देखकर इस तरह का डर पैदा होना स्वभाविक है। लेकिन जरा सोचिए, क्या लाखों की तादाद में जैसे कथनकों की सपाट कहानियां अपनी कहीं जगह बना पाती हैं? दरअसल ये फैक्टरियों की उत्पाद जैसी कहानियां बस संख्या और मात्रा में ही अपनी मौजूदगी दर्ज कराती हैं। जब इनके प्रभाव और प्रबोध की बात आती है तो ये कहीं नहीं टिकतीं। एक सपाट, सुरक्षित और तर्कों से अनुमानित टेक्स्ट किसी को झकझोर नहीं सकता, किसी को कुछ सोचने पर मजबूर नहीं कर सकता और न ही मुड़-मुड़कर देखने या रह-रहकर सोचने के लिए बाध्य कर सकता है।

बाजार के लिए इन दिनों एआई और डिजिटल तकनीक की तीव्रता से कहानियां या जो कंटेंट निर्मित हो रहा है, वह अपनी पकड़ साहित्य के तौरपर नहीं, बाजार के लिए साहित्य के नाम पर अनुमानित शब्द रचनाओं तक सीमित है। इतिहास गवाह है कि तकनीक से साहित्य मरा नहीं करता। अगर ऐसे मरता होता या मशीनी होता होता, तो तभी हो चुका होता, जब इंसान ने कागज, कलम की बजाय छापेखाने से अपनी छपी हुई रचनाओं का जलवा बिखेरना शुरू किया। न टाइपराइटर के आने से लिखित ब्योरों की गरिमा या संवेदना कम हुई और न ही इंटरनेट के असीम गुंफित परिदृश्य या नैरेटिव से उपन्यास खत्म हुए या उनकी जरूरत खत्म हुई। ..तो एआई और डिजिटल तकनीक भी साहित्य को खत्म नहीं कर सकतीं, न ही साल 2026 में ये इंसानी अभिव्यक्ति और शाब्दिक संपदा को मशीनी पूंजी बना सकती हैं।

## आप की बात

### आर्थिक समृद्धि का दौर

देश में आर्थिक प्रगति से लोगों की समृद्धि में इजाफा हो रहा है यह बहुत उत्साह का विषय है। रोजगार की प्रवृत्ति में व्यापक बदलाव आया, सेवा क्षेत्र के विस्तार, स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी आधारित विकास के कारण कुछ क्षेत्रों और लोगों की आर्थिक समृद्धि तेजी से बढ़ी लेकिन बहुत से लोग और सेक्टर ऐसे भी रहे जो कोरोना के पहले वाली चमक दुबारा हासिल नहीं कर सके। इस कारण आर्थिक प्रगति तो हुई लेकिन संसाधनों का वितरण बहुत ही असमतल हुआ, जिसके कारण देश में आय असमानता जैसी स्थिति बढ़ती गयी। तेज प्रगति के करण 2014-15 में जो प्रति व्यक्ति आय 86,647 रुपये सालाना थी, वो 2022-23 में बढ़कर लगभग दुगुनी 1,72,000 हो जाने का अनुमान है। प्रति व्यक्ति आय जीडीपी से जनसंख्या को भाग देकर निकाला जाता है। इस तरह पर कैपिटा इन्कम का अर्थ यह है कि देश में प्रति व्यक्ति औसत आय 1,72,000 रुपये है। मोदी सरकार के आठ वर्ष के कार्यकाल के दौरान प्रति व्यक्ति आय डबल होने का मतलब है कि बीते आठ वर्षों के दौरान कोरोना महामारी और इसके कारण अर्थव्यवस्था में आयी तेज गिरावट के बावजूद अगर चालू कीमतों पर प्रति आय दुगुनी हो गयी है और स्थिर कीमतों पर भी इसमें करीब 35 फीसद की वृद्धि हुई है, तो इससे स्पष्ट है कि विकास हुआ है और महामारी के बावजूद विकास हुआ है, लेकिन संसाधनों के असमान वितरण के कारण शायद इसका लाभ सबको नहीं मिला। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार जहां एक तरफ आर्थिक प्रगति को उच्चतम दर तक ले जाने का प्रयास करे वहीं प्रभावी करारोपण व सामाजिक सुरक्षा भी विकसित करे।

**सत्य प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

### कैसे खत्म होगी बेरोजगारी

शहरों का विकास रोजगारकी समस्या को हल करने में बड़ा मददगार साबित हो सकता है। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया है।

**मनीष कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## किशोरी का दुपट्टे से लटकता मिला शव

सोहवल-अयोध्या । रौनाही थाना क्षेत्र के देवराकोट गांव में एक किशोरी ने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। इसका शव घर में लटकता मिला और परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान मनोज सिंह ने मामले की सूचना सत्तीचैरा चैकी पुलिस को दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताते हैं कि बुधवार की रात देवराकोट के मजरे देवरा गांव निवासी शुशील पासी परिवार के साथ भोजन कर सो गया, उसकी 17 वर्षीय लड़की प्रियंका अपनी छोटी बहन के कमरे में सोने गई रात लगभग 3 बजे छोटी बहन की नींद खुली तो उसने अपनी बड़ी बहन को दुपट्टे के सहारे लटकता पाया गया। जिससे वह अंदर से शोर मचाने और चिल्लाने लगी परिवार के लोग जब उठे तो किशोरी का शव कमरे में लटक रहा था।सत्तीचैरा चैकी प्रभारी सत्यम अग्रवाल ने बताया कि फारेंसिक टीम ने प्रधान मनोज सिह के साथ पहुंचकर शव को उतरवाया।

शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# नगर निगम व सरकार की उपलब्धियां जन- जन तक पहुंचाने का आह्वान



**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अयोध्या क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों ने शुक्रवार को दोपहर तीन बजे महापौर महंत गिरीपति त्रिपाठी के नेतृत्व में श्रीरामजन्मभूमि का दर्शन किया। दर्शन के उपरांत बूथ अध्यक्षों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान महापौर ने उनसे केंद्र एवं प्रदेश सरकार के साथ नगर निगम की उपलब्धियों एवं कल्याणकारी

**● महापौर ने भाजपा बूथ अध्यक्षों को कराया श्रीरामजन्मभूमि का दर्शन**

योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की मजबूती में बूथ अध्यक्षों की अहम भूमिका रही है।

बूथ अध्यक्षों की मेहनत के परिणाम स्वरूप भाजपा जन-जन के बीच लोकप्रिय है। उन्होंने एसआईआर को गंभीरता से लेकर बूथ स्तर पर छूटे मतदाताओं का नाम बढ़ाने, 18 साल की आयु पूरी कर चुके नवयुवकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने नगर निगम की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं, पेयजल व्यवस्था एवं स्वच्छता संबंधी खूबियों से बूथ अध्यक्षों को परिचित कराया और कहा कि यदि कोई गड़बड़ी दिखाई पड़े तो उन्हें तत्काल अवगत कराएं। समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

इस मौके पर निषाद चैराहा स्थित सबरी रसोई होटल में बैठक कर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी के आगामी 12 जनवरी को आगमन पर स्वागत का खाका खींचा गया। इस दौरान बूथ तथा शक्ति केंद्र अध्यक्षों को अंग वस्त्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक एवं दर्शन कार्यक्रम में भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष डॉ. राकेशमणि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, रवि सोनकर, पार्षद दीप कुमार, रमाशंकर निषाद, राजकरण, प्रांशु अग्रवाल, पूर्व पार्षद अशोका द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, विनोद श्रीवास्तव, किशन मौर्य, सुबोध चतुवेर्दी, सरदार जसवीर सिंह, दुर्गा प्रसाद, श्रीनिवास शास्त्री आदि शामिल थे।

## आईजीआरएस मासिक रैंकिंग में रेंज व सभी पांच जिलों को मिला प्रथम स्थान

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के नेतृत्व में पुलिस विभाग की सुदृढ़ व्यवस्था और प्रभावी कार्यप्रणाली से दिव्य और भव्य अयोध्या में एक बार फिर सुशासन, सुरक्षा और मयादर्ा का वातावरण स्थापित होता दिखाई दे रहा है। वहीं प्रदेश पुलिस की जन शिकायत

**● मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति पर तेजी से हो रहा है आईजीआरएस पर समाधान**

निस्तारण प्रणाली( आईजीआरएस ) में एक बार फिर अयोध्या परिक्षेत्र ने शानदार प्रदर्शन किया हैं। एडीजी/आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार के कुशल निर्देशन और आईजीआरएस टीम की अथक मेहनत से परिक्षेत्र को मासिक रैंकिंग में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। सबसे खास बात यह है कि परिक्षेत्र के सभी पांच जिलों अयोध्या, अम्बेडकरनगर, अमेठी, बाराबंकी और सुल्तानपुर को भी अलग-अलग प्रथम रैंक मिली है। यह उपलब्धि पुलिस की जनता के प्रति संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति और जन शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर देने के कारण प्रदेश भर में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का तेजी से समाधान हो रहा है। अयोध्या परिक्षेत्र में यह सफलता लगातार टीम वर्क और अधिकारियों की सक्रियता का नतीजा हैं।शिकायतकताओं से संतुष्टि फीडबैक लेने और डिफॉल्ट मामलों को न्यूनतम रखने में टीम ने उत्कृष्ट कार्य किया। एडीजी/आईजी प्रवीण कुमार ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह सफलता हमारी आईजीआरएस टीम की मेहनत और सभी जिलों के पुलिस कप्तानों व थाना प्रभारियों की समर्पण भावना का परिणाम है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है कि जनता की हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। हमारा प्रयास रहेगा कि अयोध्या परिक्षेत्र हर महीने इसी तरह अव्वल रहे और जनता का विश्वास पुलिस पर और मजबूत हो।

इस रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने से परिक्षेत्र के पुलिसकर्मियों का मनोबल ऊंचा हुआ है। जिलों में थानों पर शिकायतों का त्वरित समाधान, फॉलो-अप और शिकायतकताओं से फीडबैक लेने की प्रक्रिया को और मजबूत किया गया है।

## मेला में स्वदेशी उत्पादों और हस्तशिल्प उत्पाद लोगों को कर रहे आकर्षित



**बाराबंकी।** बाराबंकी महोत्सव 2026 के अन्तर्गत जीआईसी मैदान मे चल रहे स्वदेशी हस्तशिल्प एंव हैण्ड़लूम मेला मे गर्म कपड़ो के स्टालो पर भारी डिस्काउट के चलते जनपद समेत आस-पास गांवों के लोगों द्वारा जाकेट, मफलर, टोपिया, कम्बल समेत प्लास्टिक के सामानो आदि जमकर खरीदारी की जा रही है। महोत्सव में नामचीन जनपदो से आए स्वदेशी उत्पादों और हस्तशिल्प उत्पाद लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। तो वही हर एक माल 100, 60, 20, 10 स्टाल पर प्लास्टिक सामान, घरेलू उपयोगी वस्तुओ व खिलौने आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आयोजक मो0 सलमान सल्लू ने बताया कि मेला परिसर मे मुख्य आकर्षण के रुप मे चादर, लेदर जैकेट, कश्मीरी शाल, सदरी बंडी, बेडशीट, कंबल, रजाईयां, दिल्ली की आर्टीफिशियल ज्वैलरी, किचन वेयर कटलरी, बच्चों के खिलौने, खादी वस्त्र, राजस्थानी अचार, लुधियाना ऊलेन वस्त्र, कश्मीरी ड्राई फ्रूट, आयुवेर्दिक दवाइयों और खान-पान के स्टाल शामिल हैं। मेले का आयोजन न केवल स्थानीय हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करेगा। बल्कि विभिन्न राज्यों की संस्कृति और कला का भी प्रदर्शन करता है। महोत्सव हस्तशिल्प मेला एक महत्वपूर्ण मंच है। जो भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

## डीएम ने किया संचालित अस्थायी रैन बसेरों और अलाव स्थलों का निरीक्षण



**बाराबंकी।** भीषण शीतलहरी, ठंड एवं पाले को लेकर निराश्रित, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को सुरक्षित रखने को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने देर रात्रि नगर क्षेत्रों में संचालित रैन बसेरों एवं अलाव स्थलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अलाव स्थलों पर उपस्थित लोगों से अलाव के जलने की स्थिति, व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। साथ ही रैन बसेरों में ठहरे लोगों से उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। तथा विभिन्न स्थलों पर जल रहे अलावों का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि सभी रैन बसेरों में स्वच्छता, प्रकाश, पेयजल एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा अलाव स्थलों पर नियमित रूप से जलावन की उपलब्धता बनी रहे। कोई भी व्यक्ति खुले में, फुटपाथ अथवा पटरियों पर न सोए तथा सभी जरूरतमंदों को रैन बसेरों में सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाए।

## निरीक्षण में मिलीं खामिया, बंकी अधिशासी अधिकारी ने दी नोटिस



**बाराबंकी।** ठेकेदारो की मनमानी और विकास निर्माण कार्यो मे बरती जा रही अनियमितता के खिलाफ अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बंकी का सख्त रुख देखने को मिल रहा है। विकास कार्यो मे हीला हवाली व निर्धारित अवधि मे कार्यो को पूरा न करने वाले ठेकेदारो के खिलाफ नोटिस कार्यवाही भी शुरू हो चुकी है।

**● निर्धारित अवधि में कार्य पूरा करने के दिये सख्त निर्देश**

नगर पंचायत बंकी की अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी की तैनाती के बाद से पंचायत मे विकास कार्यो की गति मे तेजी साफ देखने को मिल रही है। जबकि इसके विपरीत कमिया पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करते हुये विलम्ब शुल्क मे बिल से धनराशि की कटौती की कार्यवाही की जा रही है। शुक्रवार को किये गये निरीक्षण मे अधिशासी अधिकारी बंकी ने सामुदायिक केन्द्र पानी की टंकी के सामने चल रहे निर्माण कार्य मे शिथिलता पाये जाने पर तत्काल निर्माण कार्य शुरू किये जाने की कार्यवाही भी अमल मे लाई गई। उन्होने अपने सख्त निर्देश मे कार्यदायी संस्था फर्म व ठेकेदारो को निर्धारित अवधि मे कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। और हीला हवाली पाये जाने पर सम्बन्धित कार्य की लागत के सापेक्ष विलम्ब शुल्क के रूप में बिल से धनराशि की कटौती किये जाने की बात कही है।

# अयोध्या कचहरी में बढ़ी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश चुनाव की गहमागहमी

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** फैजाबाद बार एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात अब बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश की गहमागहमी अयोध्या कचहरी परिसर में बढ़ गयी है। अभी

**● पांच साल के लिए होगा 25 सदस्यों का चुनाव, 333 प्रत्याशी मैदान में**

तक बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश का चुनाव लड़ रहे सैकड़ो प्रत्याशी अयोध्या कचेहरी के अलावां कमिश्नरी व चार तहसीलों रूदौली, बीकापुर, सोहावल, मिल्कीपुर व सदर में आकर चुनाव प्रचार कर चुके हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य रह चुके प्रत्याशी जय नारायण पाण्डेय अपने समर्थकों मोहम्मद आरिफ के अलावां दर्जनों अधिवक्ताओं के साथ डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार किया। साथ ही चुनाव में विजयी बनाने के लिए वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ताओं के आशीर्वाद ग्रहण किया। जबकि अयोध्या के सिविल कोर्ट में वकालत कर रहे योगेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ पप्पू व सुधांशू बाजपेयी भी प्रत्याशी हैं और चुनाव प्रचार तेज किये हुए हैं।

इन प्रत्याशियों ने अभी तक प्रदेश के जिला व तहसील बार एसोसिएशनों में जाकर अधिवक्ताओं के बींच जनसम्पर्क किया है। प्रत्याशी जय नारायण पाण्डेय ने बताया कि उन्हें प्रदेश के सभी जिले व तहसील बार एसोसिएशनों के अधिवक्ताओं के बींच जाकर वोट मांगकर जिताने का आग्रह किया है। यहां की कचेहरी में वकालत कर रहे बार काउंसिल के प्रत्याशी योगेन्द्र प्रताप सिंह पप्पू जहां तीन बार चुनाव लड़कर रनर रह चुके हैं इसबार फिर मैदान में हैं और यहां के अधिवक्ताओं का ज्यादातर समर्थन उन्हें मिल रहा है। जबकि सुधांशू बाजपेयी पहलीबार चुनाव मैदान में हैं। श्री बाजपेयी फैजाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व में उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं उन्हें भी अधिवक्ताओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। बताते चलें कि पंचवर्षीय बार कांउसिल ऑफ उत्तर प्रदेश का चुनाव इसी माह में होने जा रहा है। यह चुनाव 25 सदस्यों का होगा। यह चुनाव चार चरणों में उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में होने जा रहा है जिसमें 333 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यह चुनाव जिला मुख्यालय पर सम्पन्न होंगे। अयोध्या की कचहरी व चारों तहसीलों में मतदाताओं की संख्या 3300 है। जबकि पूरे प्रदेश के मतदाताओं की संख्या ढ़ाई लाख के करीब है। उत्तर प्रदेश बार कांसिल के अनुशासन समिति के सदस्य मोहम्मद आरिफ ने बताया कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल का चुनाव जनवरी माह में चार चरणों में होगा। पहले चरण का चुनाव 16 व 17 जनवरी 2026 को अयोध्या, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, बहराइच, बस्ती, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बिजनौर समेत 23 जिलों में होगा। दूसरा चरण 20 व 21 जनवरी को देवरिया, गाजियाबाद, झांसी, गोरखपुर, गाजीपुर, गोण्डा, गौतमबुद्धनगर, हमीरपुर, हापुड़ समेत 17 जनपदों में होगा।

## अंधविश्वास के चलते युवक ने चचेरे भाई की हत्या की थी, अदालत ने आरोपी को सुनायी फांसी

**बहराइच ।** जिले की अदालत ने एक युवक को अंधविश्वास के चलते अपने ही चचेरे नाबालिग भाई की हत्या करने के आरोप में दोषसिद्ध मानते हुए फांसी की सजा सुनाई है । कोर्ट ने आरोपी पर जुमार्ना भी लगाया है ।नानपारा कोतवाली इलाके में स्थित आगैया ग्राम में 23 मार्च 2023 को दस साल के मासूम विवेक वर्मा का खेत में छत विक्षत शव मिला था । परिजनों की तहरीर पर नानपारा पुलिस ने मुकदमा दर्जकर मृतक के चचेरे भाई अनूप वर्मा को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा था । पूछताछ में आरोपी अनूप वर्मा ने बताया था कि उसका बेटा सत्यम बीमार रहता था । इसी दौरान एक तांत्रिक ने उससे अपने परिवार के किसी बच्चे की बलि देने को कहा था जिससे उसका बीमार बेटा सही हो जायेगा। इसी के बाद उसने अपने दस साल के चचेरे भाई विवेक को खेत में पानी देने के बहाने बुलाकर उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था । शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश सुनील की कोर्ट पर आरोपी की सजा पर बहस हुई । इस दौरान शासकीय अधिवक्ता सुनील कुमार जायसवाल ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की । दोनो पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने आरोपी को दोषसिद्ध मानते फांसी की सजा सुनाई है । सजा के साथ ही कोर्ट ने एक लाख का जुमार्ना भी लगाया है ।वही दो अन्य आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया है ।

## कंडे पर गिरा लकड़ी का बोझ, दो पक्ष आपस में भिड़े



**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के करेरु के मजरे बड़का मिझौड़ा में कंडे पर लकड़ी का बोझ गिर जाने से विवाद खड़ा हुआ। दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिनके बीच जमकर हाथा पाई हुई लाठी डंडे चले। जिसमें दर्जन भर लोग चोटहिल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोटहिल का सीएचसी में इलाज कराया। इनमें राम सुमिरन, राम लोटन, राम प्रकाश, और दयाराम आदि सहित लगभग दर्जन भर लोग शामिल है। मौके पर पहुंचे निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि केस दर्ज कर दोनों पक्षों से पांच पांच लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जाँच पड़ताल की जा रही है।

# प्रशासनिक अमले की देख-रेख में हुआ मदिरा दुकानों का निरीक्षण



**बाराबंकी।** अवैध शराब तस्करो व राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले नशा तिजातियो के खिलाफ शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत सर्किल फतेहपुर में प्रशासनिक अमले की देख-रेख मे

**● एसडीएम, सीओ और आबकारी निरीक्षक की टीम ने कई दुकानों की देखी गुणवत्ता**

मदिरा दुकानो का निरीक्षण अभियान चलाया गया। उपजिलाधिकारी फतेहपुर व क्षेत्राधिकारी फतेहपुर की संयुक्त टीम ने सर्किल क्षेत्रान्तर्गत संचालित शराब दुकानों का औचक निरीक्षण करते हुये लाइसेन्सियो को सख्त निर्देश भी दिये। अभियान की जानकारी देते हुए जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि एसडीएम व सीओ फतेहपुर के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक सर्किल फतेहपुर गजेन्द्र प्रसाद ने सर्किल अन्तर्गत माड़ल शाप फतेहपुर, देशी शराब दुकान फतेहपुर नम्बर 3 व कसियापुर 5सीसी मदिरा दुकानो का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इसके बाद रीवा-सीवा, शेखपुर, मखदूमपुर, हैदरगंज चैराहा, औझियापुर मोड़ मे संचालित देशी मदिरा दुकान व शेखपुर, मखदूमपुर, संगम चैराहा व रीवा-सीवा स्थित कम्पोजिट मदिरा दुकानो का टीम द्वारा निरीक्षण करते हुये ब्रिकी-स्टाक रजिस्टर, पीओएस मशीन, रेट लिस्ट, साफ-सफाई, सीसीटीवी सुचारु रुप से संचालित रखने के निर्देश दिये गये।

# निर्माणाधीन साइबर थाना का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण



**बहराइच ।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ पुलिस लाईन परिसर में रू. 361.68 लाख की धनराशि से निमार्णाधीन साईबर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद निर्माण इकाई के सहायक अभियन्ता अशीष श्रीवास्तव ने बताया कि 02 मंजिला प्रशासनिक भवन के साथ-साथ सी.सी. रोड, इण्टरलाकिंग रोड, ड्रेनेज, बाउण्ड्रीवाल, गेट, रेन हार्वेस्टिंग इत्यादि का निर्माण कराया जाना है। सहायक अभियन्ता ने बताया कि परियोजना पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2026 निर्धारित है। उन्होंने बताया कि सब स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो गया है तथा सुपर स्ट्रक्चर का कार्य प्रगति पर है। परियोजना को निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण कर लिया जायेगा। डीएम ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की गति को बनाये रखते हुए पूर्णता तिथि को लक्ष्य न मानते हुए जल्द से जल्द परियोजना को पूर्ण करायें। डीएम ने कार्यदायी संस्था को यह भी निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को पूरा किया जाय।

# उच्चाधिकारियों को हुई शिकायत! हरकत में आई थाना नगर कोतवाली पुलिस






**बाराबंकी।** 20 वर्षीय छात्र अनन्य वर्मा हत्याकाण्ड का मामला सुर्खियो मे आने के बाद हरकत में आये

**● शुक्रवार को पीड़ित परिवार के दर्ज किये बयान, घटनास्थल का किया निरीक्षण**

**● 20 वर्षीय अनन्य वर्मा हत्याकाण्ड मामले में टूटी कोतवाली नगर पुलिस की नींद**

उच्च अधिकारियो की फटकार के बाद थाना नगर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित परिवार के बयान दर्ज करने की कार्यवाही आज शुक्रवार को शुरू की। घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस ने पीड़ित व मुकदमे के वादी विशेष लोक अभियोजक एडवोकेट रमेश चन्द्र वर्मा के बयान दर्ज किये। गौरतलब है कि पीड़ित को इंसाफ दिलाये जाने के मामले में लीपापोती कर रही थाना नगर कोतवाली पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ पीड़ित परिवार ने उच्च अधिकारियो को बृहस्पतिवार को सूचना दी। और हत्या से सम्बधित मामले मे पुलिस की विधि विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के खिलाफ अधिकारियो से न्याय की गुहार लगाई थी।

जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित उच्च अधिकारियो को भेजे गये संदेश के बाद थाना नगर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित परिवार से सम्पर्क साधा, और बयान दर्ज करने की कार्यवाही अमल मे लाई गई। आपको बता दे कि पीड़ित रमेश चन्द्र वर्मा एडवोकेट सिविल कोर्ट मे विशेष लोक अभियोजक गैगेस्टर एक्ट के पद पर तैनात है।

बीती दिनांक 1 दिसम्बर 2025 को मृतक अनन्य वर्मा का शव घर के आंगन मे छत के लोहे के जाल से लटकता हुआ पाया गया था। पोस्टमार्टम पश्चात हत्या से सम्बधित साक्ष्य होने पर पीड़ित पिता ने पुलिस से फरियाद लगाई थी। साथ ही आरोपियो पर मृतक के लैपटाप व मोबाइल से छेडछाड़ करने व सबूत मिटाये जाने के भी आरोप लगाये थे। लेकिन पुलिस ने मामले को दबाने की दिशा मे कोई कार्यवाही नही की। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। लेकिन मामले मे शिथिलता बरतते हुये पीड़ित परिवार के बयान तक दर्ज नही किये। उच्च अधिकारियो को शिकायत के बाद हरकत मे आई थाना नगर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को बयान दर्ज करने की कार्यवाही शुरू की। जबकि पीडित परिवार द्वारा पुनः न्यायालय मे गुहार लगाते हुये पुलिस के शिथिल रवैये के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर न्यायालय के पर्यवेक्षण मे विवेचना कराये जाने की फरियाद भी लगाई है।

## वेटनरी प्रीमियर लीग में इंटर्नशिप की टीम विजेता

मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर में वेटनरी प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया।

विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच पशु चिकित्सा महाविद्यालय के शिक्षकों एवं इंटर्नशिप छात्रों के बीच में जिसमें इंटर्नशिप छात्रों ने सात विकेट से मैच को जीत लिया। फैकल्टी की टीम ने आठ ओवर खेलकर 59 रन बनाया। रन का पीछा करने उतरी इंटर्नशिप की टीम ने सातवें ओवर में ही 60 रन बनाकर जीत हासिल कर लिया।

विजेता टीम की तरफ से महेंद्र ने सबसे अधिक 41 रन बनाए। वहीं दूसरी तरफ प्रतियोगिता का दूसरा मैच वेटनरी प्रथम वर्ष एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चतुर्थ वर्ष के छात्रों की टीम ने आठ ओवर के मैच में 69 रन बनाया।

# अभियान में प्रवर्तन दल के साथ मैदान में उतरे उप परिवहन आयुक्त अयोध्या



**बाराबंकी।** सड़क सुरक्षा बढ़ाने व नियमो का पालन करवाये जाने की दिशा मे परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत उप परिवहन आयुक्त अयोध्या जोन राजकुमार सिंह के

**● दुर्घटना से बचाव व जीवन रक्षा हेतु हेलमेट-सीटबेल्ट करे प्रयोगः**

**राजकुमार सिंह**

**● अल्कोहल स्तर निर्धारित क्षमता से अधिक मिलने पर बाइक सवार का चालान**

**● बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, ब्लैक फिल्म पर 96 वाहन चालको का हुआ चालान**

नेतृत्व मे सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या विश्वजीत सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी, यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने पटेल चैराहे पर बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, ब्लैक फिल्म के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुये कार्यवाही की। इस दौरान शराब पीकर दो पहिया वाहन चलाते मिले चालक की ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने पर अल्कोहल स्तर निर्धारित क्षमता से अधिक पाये जाने पर चालान किया गया। तो वही बीच सड़क पर सवारी बैठाने वाले परिवहन निगम के बस चालक व कंडक्टर को फटकार लगाते हुये चालान किया गया। आज शुक्रवार को उप परिवहन आयुक्त अयोध्या के नेतृत्व मे प्रवर्तन टीमो द्वारा ब्लैक फिल्म, बिना हेलमेट-सीटबेल्ट का उल्लंघन मिलने पर 96 वाहन चालको को चालान किये। चेकिंग के दौरान उप परिवहन आयुक्त अयोध्या श्री सिंह ने लोगो से सड़क पर वाहन चलाते समय रोड़ सेफ्टी नियम पालन करने, दुर्घटना से बचाव व जीवन रक्षा के लिए हेलमेट-सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कभी न करने की अपील भी की।

संक्षेप

## दुकान का शटर तोड़कर अस्सी हजार की चोरी

**सलोन, रायबरेली।** सलोन-मानिकपुर मार्ग स्थित रस्सी विक्रेता के होलसेल दुकान का शटर तोड़कर अस्सी हजार रुपये की नगदी चोरी कर फरार हो गए। घटना की सूचना पीड़ित को होते ही हड़कम्प मच गया। चोरी गई रकम दस और पांच का सिक्का बताया गया है। भारी भरकम सिक्कों से भरी बोरी चोर किस रास्ते से ले गए क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध दुकान का शटर तोड़े जाने का मुकदमा दर्ज किया है। सलोन कोतवाली अंतर्गत कस्बा सलोन निवासी दिनेश कुमार अग्रहरी ने मानिकपुर मार्ग स्थित यूको बैंक के समीप होलसेल में रस्सी दोना पत्तल के थोक दुकान खोल रखी है। व्यवसाई ने बताया कि गुरुवार की रात दुकान बन्द करके घर वह चला गया था। देर रात अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़ा, इसके बाद अंदर घुस गए। आरोप लगाया है कि इसके बाद अज्ञात चोर कैस काउंटर में दाखिल हुए। कैस काउंटर में रखा दस और पांच रुपये का अस्सी हजार का सिक्का चोरी कर फरार हो गए। शुक्रवार तड़के जब घटना की सूचना पीड़ित को हुई तो हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना पर पहुची कोतवाली और पीआरवी पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया। कोतवाल राघवन कुमार सिंह ने बताया की अज्ञात चोरो ने शटर तोड़ा है। कुछ भी चोरी नही हुआ। अज्ञात के विरुद्ध शटर तोड़े जाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। बाकी घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## किसान पर हमले के मामले में दो गिरफ्तार

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के हिलहा गांव में घर में घुसकर किसान पर हुए हमले के मामले में कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफलता। घायल किसान की पत्नी ने गांव के ही बृजेश कुमार पाण्डे व उनके बेटे अनुज व अभिषेक पाण्डे समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की थी। शुक्रवार सुबह कोतवाली पुलिस को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर पता चला कि घटना के दो आरोपी लालगंज मजरे मोन गांव के पास खड़े हैं। उपनिरीक्षक त्रियुगीनारायण तिवारी, उपनिरीक्षक रोहित व हमराही पिंटू यादव, कांस्टेबल गौरव कुमार की टीम ने पहुंच कर। दो आरोपी बृजेश कुमार पाण्डे व उनके बेटे अनुज कुमार पाण्डे को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को नियमानुसार जेल भेजा गया है। अन्य की भी तलाश जारी है। जल्द ही अन्य अभियुक्तों को भी चाहे जहां भी छुपे हुए हो सर्विलांस सहित सारी टीमें लगाई गई हैं।

## किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म केस में बहस जारी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मुसाफिरखाना के एक गांव से वर्ष 2018 में छात्रा के अपहरण व दुष्कर्म मामले में बहस जारी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने स्पेशल जज पाक्सो एक्ट नीरज कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में बहस की। मुसाफिरखाना क्षेत्र की एक महिला ने 26 सितंबर 2018 को अपनी 15 वर्षीय पुत्री के लापता होने की तहरीर दी थी। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग न मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। तहरीर में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों पर संदेह जताया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी दीपक केसरवानी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

# विश्वकर्मा योजना प्रशिक्षण शुरू, एमएलसी ने बांटी किट

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण शुरू



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** सुलतानपुर में कौशल एवं उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 10 दिवसीय कौशल एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार दोपहर बाद एनपीएस लॉ कॉलेज, द्वारिकागंज, कूरेभार में शुरू हुआ। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार के उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, कानपुर द्वारा प्रायोजित है। कार्यक्रम का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य सुलतानपुर शैलेन्द्र प्रताप सिंह और जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक नेहा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के अवसर पर दर्जी व हेलवाई के 7 बैचों में कुल 175 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत चयनित प्रशिक्षार्थियों को किट भी वितरित की। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह योजना पारंपरिक कारीगरों, श्रमिकों और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को तकनीकी दक्षता मिलेगी और रोजगार व स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। प्रदेश सरकार कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देकर युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त कर रही है। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, सुलतानपुर द्वारा किया गया है। यूपी इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड, लखनऊ कार्यदायी संस्था के रूप में सहयोग कर रही है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कौशल विकास, उद्यम स्थापना, सरकारी योजनाओं, ऋण सुविधाओं और बाजार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी, ताकि वे भविष्य में अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। उद्घाटन समारोह में भोला सिंह, कुलदीप यादव, प्रतीक सिंह, सुनीता मौर्य, धीरेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी, प्रशिक्षणार्थी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत शुक्ला ने किया।

# नीलगाय के झुंड से उजड़ रहे खेत, किसान परेशान

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र में नीलगाय और अन्य छुट्टा पशु किसानों के लिए बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं। खेतों में खड़ी और तैयार फसलों को नीलगाय के झुंड बनाकर नुकसान पहुंचा रही हैं। रामपुर, बेलहरी, बरौंसा, राहिलपारा, जयसिंहपुर, आयुपुर सहित अन्य गांवों में गेहूं, चना, सरसों और अरहर समेत रबी-खरीफ की फसलें सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही हैं। किसानों का कहना है कि महीनों की मेहनत कुछ ही घंटों में बर्बाद हो जा रही है। ग्रामीण इलाकों में नीलगाय की संख्या लगातार बढ़ रही है। सुबह और शाम के समय खेतों में इनके झुंड खुलेआम घूमते नजर आते हैं। फसल बचाने के लिए किसानों को रात-रात भर खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है, लेकिन इसके बावजूद नुकसान नहीं रुक रहा। इससे खेती की लागत बढ़ गई है और उत्पादन पर भी असर पड़ रहा है।

● लागत और मेहनत पर भारी पड़ रहा नुकसान

किसानों का आरोप है कि नीलगाय से फसल नुकसान को लेकर वन विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। कई बार शिकायत के बावजूद न तो मुआवजे की प्रक्रिया स्पष्ट हो पाई है और न ही कोई स्थायी समाधान निकला है। खेतों की घेराबंदी, सोलर फेंसिंग जैसे उपाय छोटे और सीमांत किसानों के लिए महंगे साबित हो रहे हैं।

### बढ़ता आर्थिक दबाव

नीलगाय के कारण फसल बर्बाद होने से किसानों का आर्थिक संतुलन बिगड़ता जा रहा है। बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी पर किया गया खर्च निकालना मुश्किल हो गया है। सीमांत किसानों के लिए यह संकट और गंभीर है, क्योंकि उनके पास अतिरिक्त संसाधन नहीं हैं।

### प्रशासन से समाधान की मांग

किसानों ने प्रशासन से नीलगाय नियंत्रण के लिए प्रभावी योजना लागू करने, फसल नुकसान का त्वरित सर्वे कराने और मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो खेती से लोगों का भरोसा उठ सकता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसका सीधा असर पड़ेगा। कुल मिलाकर नीलगाय का बढ़ता आतंक खेती के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। किसानों को राहत देने के लिए प्रशासन, वन विभाग और कृषि विभाग को मिलकर जल्द ठोस और व्यावहारिक समाधान निकालना होगा।

## बाबूगंज नहर में मिला अज्ञात महिला का शव

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर बाबूगंज के पास शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब शारदा सहायक खंड-16 नहर में एक अज्ञात महिला का सड़ा-गला शव पानी में उतराता हुआ लोगो को दिखाई दिया। जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई खेड़ी डोडापुर के प्रधान प्रतिनिधि इकलाख अहमद की सूचना पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतका की उम्र करीब 50 वर्ष आंकी जा रही है। महिला ने साड़ी, ब्लाउज और चूड़ियां पहन रखी थीं। दाहिने हाथ की कलाई पर राम राम लिखा हुआ पाया गया है, जिससे प्रथम दृष्टया महिला के हिंदू समुदाय से होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज द्विवेश त्रिवेदी और थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय मौके पर पहुंचे। उनकी मौजूदगी में पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव को फिलहाल मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। चौकी इंचार्ज का कहना है कि मृतका की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## अमेठी की पूर्व नपं अध्यक्ष की अग्रिम जमानत पर सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** धोखाधड़ी कर व्यापारी नेता का मकान दूसरे के नाम दर्ज करने के मामले में आरोपी बनाई गईं अमेठी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी का अग्रिम जमानत अर्जी पर गुरुवार को बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह ने मौका ले लिया। एडीजे द्वितीय राकेश पांडेय ने जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तिथि नियत कर दी है। अमेठी के उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने चंद्रमा देवी, मुहल्ले के ही लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष रहने के दौरान चंद्रमा देवी ने धोखाधड़ी कर घनश्याम का मकान उक्त लोगों के नाम दर्ज कर दिया था। परिवादी के वकील अनिल दुबे ने बताया 8 फरवरी 2024 को कोर्ट ने आरोपितों को विचारण के लिए तलब किया था।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी छह से अधिक लोग ठगी के शिकार



**नसीराबाद, रायबरेली।** विदेश भेजने के नाम पर आधा दर्जन से अधिक लोगों से लाखों रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे सराय मजरे बिरनावा थाना नसीराबाद निवासी राजेश वर्मा पुत्र बाबूलाल ने सात लोगों को साजिश का शिकार बनाया और विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये वसूल लिए। शुक्रवार को जालसाजी के शिकार सातो लोगों ने नसीराबाद थाने में एक साथ तहरीर देकर पैसा वापस दिलाने और कार्यवाही की मांग की। फूलकली पत्नी गेंदालाल निवासी ग्राम सराय मजरे बिरनावा ने उसके पुत्र रामदेव को सऊदी अरब भेजने के लिए 65 हजार नकद और 70 हजार अकाउंट में, दिये इसी प्रकार रामप्रकाश पुत्र सोभई पासी निवासी पूरे खुशहाल मजरे बरुआ थाना डीह ने पुत्र अमित पासी को विदेश भेजने हेतु 80 हजार नकद और 60 हजार अकाउंट में श्रीमती सजन पत्नी वेदराम निवासी संजय कैंप, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली ने पुत्र राम को 65 हजार नकद 35 हजार एकाउंट में, माधव पुत्र स्वर्गीय श्रीपाल निवासी सराय बिरनाव से पुत्र सूरज को विदेश भेजने के लिए 90 हजार रूपए नकद और 60 हजार अकाउंट में, जमुना प्रसाद पुत्र पंचम निवासी सराय मजरे बिरनाव से उसके पुत्र कुलदीप पासी को विदेश भेजने के लिए 60 हजार नकद और 35 हजार अकाउंट में, ललित पत्नी नंदू निवासी कटरा बहादुरपुर थाना सांगीपुर प्रतापगढ़ से उसके पति नंदू को विदेश भेजने के नाम पर 65 हजार नकद और रुपए 35 हजार अकाउंट में, तिनहिन पत्नी मुनेश्वर प्रसाद पासी निवासी तिवराइन का पुरवा पहाड़पुर थाना सांगीपुर से पुत्र दीपक को विदेश भेजने के लिए 65 हजार नकद और रुपए 35 हजार खाते में ले लिया। सात लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि राजेश वर्मा ने न तो किसी को विदेश भेजा और न पैसा वापस दिया। जब पीड़ित लोग पैसा मांगने उसके पास जाते हैं तो वह और उसका पुत्र आर्यन जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट पर आमादा हो जाता है।

# सोमपुर मनकंठ में राधा फाउंडेशन ने विविध कार्यक्रम किये आयोजित



**अमेठी।** स्थानीय ब्लॉक के ग्राम पंचायत लोहरता की पूर्व प्रधान स्वर्गीय राधा श्रीवास्तव की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को सोमपुर मनकंठ गांव में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राधा फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और ग्रामीणों ने स्वर्गीय पूर्व प्रधान राधा श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पुण्यतिथि के अवसर पर फाउंडेशन की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए भाषण और निबंध प्रतियोगिता समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में लक्ष्मी ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य से सभी का मन मोह लिया और प्रथम स्थान प्राप्त कर अव्वल रहीं। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को सामाजिक विषयों पर अपनी बात रखने का मंच मिला। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले अनूप, आदर्श, आलोक, लाडो, लक्ष्मी, रौनक, शिवांगी, राधा, रामबाबू, विद्योतमा आदि दर्जनों बच्चो को फाउंडेशन की ओर से पठन पाठन सामग्री देकर उनका उत्साह वर्धन किया 'कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर की प्रधानाध्यापक रेनू श्रीवास्तव ने कहा कि, ₹गरीबों और असहायों की सेवा करना ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। स्वर्गीय राधा श्रीवास्तव ने जनसेवा का जो मार्ग दिखाया था, उस पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।₹ उन्होंने समय-समय पर ऐसे सामाजिक और सेवाभावी आयोजन करने पर जोर दिया। वहीं सीएचओ शिवांगी ने मौजूद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी दी इसके साथ ही ठंड के मौसम में होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक भी किया। वहीं अन्य वक्ताओं ने वक्ताओं ने स्वर्गीय राधा श्रीवास्तव के व्यक्तित्व और उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों को याद किया। कार्यक्रम के दौरान राधा फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए ऐसे ही निरंतर समाज सेवा करने का संकल्पलिया। इस मौके पर हरिकेश श्रीवास्तव, कमला प्रसाद मिश्र, पवन तिवारी पूर्व प्रधान रीता श्रीवास्तव, विपिन श्रीवास्तव, रामसुख मिश्रा, कालिका प्रसाद शुक्ल, जय प्रकाश यादव कृष्ण कुमार अग्रहरि, सुरेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## सांसद का चार दिवसीय दौरा आज से

**अमेठी।** संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा का 4 दिवसीय 9 जनवरी से 12 जनवरी तक अमेठीझरायबरेली क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम जनसेवा, विकास और भावनात्मक जुड़ाव का सशक्त उदाहरण है। अपने 4 दिवसीय दौरे के दौरान सांसद शर्मा ने जनसमस्याओं के समाधान, विकास कार्यों के निरीक्षण और जनसंवाद को प्राथमिकता देते हुए यह स्पष्ट किया कि वे जनता के सुख-दुख के सच्चे सहभागी हैं। इसी क्रम में सांसद शर्मा द्वारा सांसद विकास निधि से सलोन विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर प्रदान किए जाने की घोषणा क्षेत्र के लिए बड़ी राहत है। इससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ होगी और आम जनजीवन को सीधा लाभ मिलेगा। यह निर्णय उनकी विकासोन्मुख सोच और संवेदनशील नेतृत्व को दशार्ता है। अमेठी और रायबरेली का गांधी परिवार से ऐतिहासिक, वैचारिक और भावनात्मक रिश्ता रहा है। सांसद के. एल. शर्मा इस रिश्ते को पूरी निष्ठा और सम्मान के साथ निभा रहे हैं। जनसंपर्क, सामाजिक सहभागिता और विकास कार्यों के माध्यम से वे गांधी परिवार की सेवा-परंपरा को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र की जनता के विश्वास को मजबूत कर रहे हैं। यह प्रवास कार्यक्रम केवल प्रशासनिक सक्रियता तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेठीझरायबरेली की जनता के प्रति गहरे भावनात्मक जुड़ाव और निरंतर संवाद का जीवंत प्रमाण है। सांसद किशोरी लाल शर्मा का यह जनसेवामय दौरा क्षेत्र की जनता के विश्वास, आशा और आत्मीय संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हो रहा है।

## सीएचसी पर एक्स-रे टेक्नीशियन व रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती को लेकर महिला किसानों का प्रदर्शन



**गौरीगंज, अमेठी।** जिले में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक्स-रे टेक्नीशियन सहित रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की मांग को लेकर शुक्रवार को रीता सिंह जनकल्याण समिति की महिला नेता जिला अध्यक्ष रीता सिंह के नेतृत्व में महिला किसानो ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिला जिलाध्यक्ष रीता सिंह ने कहा कि जिले के कई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक्स-रे मशीनें तो उपलब्ध हैं, लेकिन वहां पर टेक्नीशियन की तैनाती न होने के कारण मरीजों की जांच नहीं हो पा रही है। ऐसे में मरीजों को मजबूरन निजी एक्स-रे केन्द्रों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में रेडियोलॉजिस्ट की भारी कमी के चलते अल्ट्रासाउंड सेवाएं भी नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगियों पर पड़ रहा है, जिन्हें समय पर जांच न मिलने से कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के माध्यम से रीता सिंह जनकल्याण समिति संगठन ने प्रशासन से मांग की कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर शीघ्र एक्स-रे टेक्नीशियन की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा रेडियोलॉजिस्ट की संख्या बढ़ाकर अल्ट्रासाउंड सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित किया जाए। महिला किसान नेता रीता सिंह ने प्रशासन से जनहित में इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किए जाने की अपील की।

# 'हिंदी हमारी पहचान' विषय पर निबंध प्रतियोगिता, 17 छात्रों ने लिया भाग



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** विश्व हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर आरएवीडी स्पेक्ट्रम एकेडमी, मूँगर-जयसिंहपुर में हिंदी हमारी पहचान विषय पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शीतकालीन अवकाश के चलते यह प्रतियोगिता ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुई।

प्रतियोगिता में विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के कुल 17 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। निर्णायकों के मूल्यांकन के बाद संस्कार वर्मा को प्रथम, अभिनव मिश्रा को द्वितीय तथा अवीर सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा साध्वी वर्मा, अनुभव विक्रम सिंह, सोनाक्षी सिंह, अर्पित वर्मा, कार्तिक पांडेय, अभिनव अग्रहरि, आंचल यादव, आनंद सिंह, अनन्या वर्मा, समर प्रताप सिंह सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पाठ्य-पुस्तक लेखक, कवि एवं साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ह्यसरलह्व ने विद्यार्थियों की भाषा शैली, विचारों की स्पष्टता और प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने बताया कि निर्णय में सरल भाषा, मौलिक सोच और विषय की स्पष्टता को मुख्य आधार बनाया गया। द्वितीय निर्णायक विद्यालय की हिंदी अध्यापिका एवं साहित्यकार अमिता सिंह ने विद्यार्थियों को लेखन के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित रूप से पढ़ने-लिखने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यार्थियों को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# रामलीला में धनुष यज्ञ व परशुराम-लक्ष्मण संवाद का हुआ मंचन

**महराजगंज, रायबरेली।** विकासखंड क्षेत्र के हलोर स्थित बाबा श्री ब्रह्मचारी जी महाराज की कुटी में चल रहे पांच दिवसीय मेला के अन्तिम दिन रामलीला में धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन हुआ। जिसकी दर्शकों ने प्रशंसा करते हुए कलाकारों की मुक्तकंठ से सराहना की। मंचन में सीता स्वयंवर के लिए आए भिन्न-भिन्न वीरों और राजकुमार द्वारा धनुष उठाने का सुंदर मंचन करने के साथ-साथ भगवान श्रीराम द्वारा धनुष तोड़ने तक के कार्यक्रम का मंचन किया गया। इस दौरान मंच पर राजा जनक का भव्य दरबार सजा हुआ है। एक ओर सिंहासन है और दूसरी ओर एक विशाल और अलंकृत धनुष रखा हुआ है, जिसे उठाने का प्रयास कर रहे कई राजा और राजकुमार असफल होकर थक चुके हैं। धनुष के पास ही एक ऊँचा मंच बना था जहाँ सीता अपनी सखियों के साथ बैठी हुई थी। जब सभी वीर असफल हो जाते हैं, तो सभा में सन्नाटा छा जाता है। राजा जनक निराश होकर कहते हैं, ष्क्या यह पृथ्वी वीरों से खाली हो गई, क्या कोई भी ऐसा वीर नहीं जो मेरी पुत्री के योग्य हो। उनकी यह बात सुनकर सभा में बैठे सभी राजा और राजकुमार अपमानित महसूस करते हैं। तब गुरु विश्वामित्र के आदेश पर भगवान श्रीराम उस शक्तिशाली धनुष को एक हाथ से ही उठाकर तोड़ देते हैं तथा रामलीला मंचन के दौरान उपस्थित भीड़ तालिया के साथ कलाकारों का उत्साह वर्धन करती है। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि रिंकू चैधरी, मंदिर के पुजारी अशोक मिश्रा, जमुना प्रसाद मिश्रा, उमाकांत पांडेय, युगल किशोर बाजपेई, सूर्यनारायन शुक्ला, सुरेश द्विवेदी, राजकुमार शर्मा, रामचंद्र मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप पटेल, मनोज मिश्रा, संजय मिश्रा, शिव प्रसाद पांडेय, दीपक चंद्र मिश्रा, शिव शंकर यादव, धनंजय मिश्रा, पिंटू चैधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

## मूंज क्राफ्ट आधारित एक माह की डिजाइन और तकनीकी कार्यशाला का हुआ समापन

**शुकुल बाजार, अमेठी।** कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से अमेठी हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, जगदीशपुर द्वारा आयोजित मूंज क्राफ्ट आधारित एक माह की डिजाइन एवं तकनीकी विकास कार्यशाला का समापन आर.आलम सहायक निदेशक कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), लखनऊ द्वारा किया गया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के चेयरमैन इंजी. संजय सिंह, पदाधिकारी राकेश शुक्ला, डिजाइनर आयुषी श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, उदयनाथ सहित 30 मूंज शिल्पकार महिलाएं उपस्थित रहीं। यह डिजाइन वर्कशाप 10 दिसम्बर 2025से 9 जनवरी 2026 तक आयोजित की गयी। समापन सत्र को संबोधित करते हुए आर.आलम सहायक निदेशक ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागी महिलाओं के लिए नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। अपनी विजिट के दौरान विभिन्न प्रकार के मूंज उत्पादों को देखा, परखा एवं सभी प्रतिभागियों को उत्साहित करते हुए कहा कि आप अब हुनरमंद हो गयी है आपने बहुत ही सुन्दर उत्पाद बनाये है जिसकी बाजार में बहुत डिमाण्ड हैं। लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष इंजी संजय सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं में स्वावलंबन एवं कार्यकुशलता बढ़ाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने बताया कि मूंज आधारित उत्पादों की बड़े शहरों में काफी मांग है, जिन्हें मेलों, प्रदर्शनियों तथा बाजारों में आसानी से बेचा जा सकता है। संस्था के पदाधिकारी राकेश शुक्ला ने हस्तशिल्प विकास से आए अधिकारी आर.आलम को प्रशिक्षण रूपरेखा प्रस्तुत की और बताया कि प्रशिक्षण के दौरान 19 प्रकार के प्रोटोटाइप जैसे मूंज से डलिया, मोढ़ा, डिब्बा, ज्वेलरी, डेकोरेटिव आइटम आदि प्रतिभागियों द्वारा बनाए गयें है।

# गरीब और जरूरतमंदों को कम्बल बांटे

**रायबरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पिछले कई दिनों निरंतर कम्बल वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इसी क्रम में आज लालगंज व रोहनियां ब्लाक में गरीब और जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि इस कड़कडाती ठंड में लगभग 10 हजार कम्बल का वितरण किया जा रहा है। सांसद अमेठी के.एल षर्मा के निर्देषन में जनपद के सभी ब्लाकों व षहरी क्षेत्र के सभी वार्डो में कम्बल वितरण किया जा रहा है। सोनिया गांधी व सांसद राहुल गांधी द्वारा भेजे गए कम्बलों को जिला व षहर कांग्रेस कमेटी के माध्यम से जरूरतमंदों को पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अषोक सिंह, प्रत्याषी विधानसभा सरेनी सरिता गुप्ता, संतोष त्रिवेदी, महेष प्रसाद षर्मा, प्रमेन्द्र पाल सिंह, ऊंचाहार विधानसभा समन्वयक छत्रेष कुमार, रणजीत प्रताप सिंह, अजय प्रताप सिंह, कामता प्रसाद गौड़, सतीष पासी, राघवेन्द्र सिंह पंकज, षम्भूषरण पाल, ज्योति प्रसाद पासी, राजेन्द्र सिंह, केदारनाथ सिंह, अनंत प्रकाष, राम मिलन पटेल, फूलचन्द्र मौर्या सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा

● सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी परीक्षा शुचिता पूर्वक संपन्न करायी जाये : डीएम



**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर व एसपी डॉ. यशवीर सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित की जाने वाली सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष/महिला शाखा) (प्रा.) परीक्षा-2025 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट/केंद्र व्यवस्थापक व सह केंद्र व्यवस्थापकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई।

बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पेपर की गोपनीयता, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, बिजली, पेयजल, स्वच्छता व चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। आयोग द्वारा प्रतिबन्धित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में लेकर न जाने पाये। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी, कुशलता व शुचिता पूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दियें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएँ ताकि परीक्षार्थियों को कोई असुविधा न हो।

डीएम ने कहा परीक्षा को शुचितापूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सह केन्द्र व्यवस्थापक व प्रत्येक सत्र हेतु अलग-अलग सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनात रहेंगे। तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सह केंद्र व्यवस्थापक, तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर ले यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर निर्देश पुस्तिका के अनुरूप व्यवस्थापन में कोई कमी परिलक्षित होती है तो केंद्र व्यवस्थापक के ससमय पूर्ण करा लें, समस्त तैनात अधिकारी/कर्मचारी आपस में समन्वय स्थापित कर प्रशगत परीक्षा को शुचितापूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा संपन्न होगी। लोक सेवा आयोग मयंक मिश्रा ने बताया कि जनपद रायबरेली में 11 परीक्षा केन्द्रों पर पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज, पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज, फिरोज गांधी कॉलेज, फिरोज गांधी पॉलीटेक्निक कॉलेज, महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज, देदौर इण्टर कॉलेज, भारतीय शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज खागीपुर सड़वा, लाल ऋषि कन्या इण्टर कॉलेज, फिरोज गांधी इण्टर कॉलेज, राजर्षि राजपाल सिंह वैदिक इण्टर कॉलेज एवं आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज) आयोजित की जायेगी।

संक्षेप

## पूर्व सैनिकों ने अग्निवीर को दी श्रद्धांजलि

**फिरोजाबाद।** संविधानवादी सैनिक समाज सेवा संगठन फिरोजाबाद के पदाधिकारियों ने अग्निवीर सूरज सिंह पुत्र श्री गंगा सिंह निवासी ठार दंगल सिंह गुढाऊ पश्चिमी बंगाल पानागढ़ ड्यूटी के दौरान शहीद होने पर संगठन ने दुख जताया है। ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। जवान का शव आते ही परिवार में कोहराम मच गया। इस दौरान सैनिक समाज सेवा संगठन के पदाधिकारियों ने शहीद जवान की अंतिम यात्रा में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विशेष कुमार, कोषाध्यक्ष फौजी ध्रुवजीत सिंह, मीडिया प्रभारी अवधेश कुमार, श्यामवीर सिंह, योगेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, प्रेम बाबू, शिवनाथ सिंह, दरवान सिंह, मनोज कुमार, वीरेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, संरक्षक इंजीनियर रामब्रेश यादव मौजूद रहे।

## जुआ खेलते 2 गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस ने 2 अभियुक्तों को जुआ खेलते समय गिरफ्तार किया है, एसएसपी के निर्देशन में जनपद में अवैध जुआ सट्टा की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में शुक्रवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र रामदयाल निवासी ग्राम बासदानी, रवि कुमार पुत्र महाराज सिंह निवासी बासदानी थाना नगला सिंघी को बासदानी रोड से धीरपुरा को जाने वाले कच्चे रास्ते पर से ताश पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए 100 रुपये जामातलाशी व 530 रुपये मालफड़ व 52 ताश पत्ते सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## बांकेबिहारी मंदिर में रेलिंग व्यवस्था लागू

**मथुरा।** वृंदावन प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए नई रेलिंग व्यवस्था लागू कर दी है। अब श्रद्धालु गेट नंबर 3 और 5 से कतारबद्ध होकर सुव्यवस्थित ढंग से दर्शन कर सकेंगे। उच्चाधिकार प्राप्त समिति के सदस्य दिनेश गोस्वामी ने बताया कि सुरक्षा और सुविधा के मद्देनजर मेरठ की कंपनी द्वारा विशेष डिजाइन की मजबूत रेलिंग तैयार कराई गई है। इस पहल से धक्का-मुक्की थमेगी और बुजुर्गों व महिलाओं को सुलभ दर्शन होंगे। हाल ही में उच्चाधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अशोक कुमार सेवानिवृत्त जिला जज मुकेश मिश्र ने मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतोष जताया है।

## अंबेडकर की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

**मथुरा।** राया कस्बा के हाथरस मार्ग पर असामाजिक तत्वों ने बीतीरात डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ दिया। शुक्रवार सुबह लोगो को घटना की जानकारी हुयी तो अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब की मूर्ति तीन भागों में टूटी हुयी पड़ी थी जिसे देखकर समाज के लोगो भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। प्रतिमा को तोड़े जाने की घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में समाज के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। सूचना पर थाना राया प्रभारी निरीक्षक रविभूषण शर्मा मय पुलिस बल के मौके पर पहुंच गये। जानकारी मिलते ही बसपा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल अंबेडकर समाज सुधार समिति के अध्यक्ष गुलाब चौधरी अरविंद शर्मा राकेश बंसल अभिषेक पाराशर आदि पहुच गये।

# बेल्जियम और ऑस्ट्रिया में भी होगा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति का आंदोलन

## बंगाल से वृंदावन पहुंची हिंदू गर्जना यात्रा



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण से जुड़े श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में शुक्रवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। हिंदू पक्षकार एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट की अगुवाई में चल रहे आंदोलन को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती मिलने लगी है। बेल्जियम व ऑस्ट्रिया से आए संतों ने श्रीधाम वृंदावन में शपथ लेकर अपने-अपने देशों में श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए आंदोलन खड़ा करने का संकल्प लिया। वहीं, बंगाल से वृंदावन पहुंची हिंदू गर्जना यात्रा के यात्रियों ने बंगाल में हिंदुओं को जागरूक व एकजुट करने का प्रण लिया।

वृंदावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीराधाकृष्ण कृपा धाम में आयोजित कार्यक्रम में बंगाल से आई हिंदू चेतना यात्रा का स्वागत किया गया। यह यात्रा स्पेन के संत स्वामी उमेश योगी जी महाराज के संरक्षकत्व में तथा बेल्जियम से आए संत अनूपजी महाराज के सानिध्य में पहुंची थी। इस अवसर पर महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान में एक दर्जन से अधिक देशों में श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए आंदोलन चल रहा है और अब बेल्जियम तथा ऑस्ट्रिया के संतों के जुड़ने से न्यास के संघर्ष को नई शक्ति मिली है। महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने यात्रियों को संबोधित करते हुए श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को तोड़े जाने और उसके स्थान पर निर्माण के ऐतिहासिक घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बंगाल में बढ़ती घुसपैठ और उसकी कार्यप्रणाली पर चिंता व्यक्त करते हुए वहां के हिंदुओं को संगठित कर सनातन को सशक्त करने का आह्वान किया। उन्होंने दोहराया कि ईदगाह मस्जिद हटेगी और भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य स्थल, मूल गर्भगृह पर भव्य मंदिर का निर्माण होकर रहेगा। स्पेन के संत स्वामी उमेश योगी ने कहा कि वह महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट के साथ हैं और श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराकर रहेंगे। बेल्जियम से आए संत अनूप जी महाराज ने कहा कि वे विशेष रूप से इस आंदोलन को समर्थन देने के लिए भारत आए हैं और बेल्जियम में भी एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। ऑस्ट्रिया के संत भुवन जी महाराज ने भी आश्वस्त किया कि ऑस्ट्रिया से इस संघर्ष में सक्रिय भागीदारी की जाएगी।

# मुंबई के कपड़ा कारोबारी की फर्जी किडनैपिंग का खुलासा

**आगरा।** आगरा के थाना एत्माद्दौला क्षेत्र स्थित रामबाग चौराहे से बुधवार दोपहर एक कथित अपहरण और फिरौती वसूली की सूचना से हड़कंप मच गया था। मुंबई के कपड़ा कारोबारी सतीश अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उन्हें कार सवार बदमाशों ने अगवा कर हाथरस की ओर ले जाकर मारपीट की और ऑनलाइन फिरौती लेने के बाद छोड़ दिया। हालांकि पुलिस जांच में यह पूरी कहानी झूठी और मनगढ़ंत निकली। महज 5 घंटे में पुलिस ने मामले का पर्दाफाश कर दिया। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई निवासी सतीश अग्रवाल, जिनकी सुचिता फेब्रीक्रेट्स नाम से फर्म है, मंगलवार को आगरा आए थे और दरेसी स्थित एक होटल में ठहरे थे। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे उन्हें दिल्ली के एक परिचित कारोबारी विकास अग्रवाल का फोन आया, जिसने रामबाग पर मिलने के लिए बुलाया। सतीश ऑटो से रामबाग पहुंचे और एक दुकान के पास खड़े होकर इंतजार करने लगे। इसी दौरान नीले रंग की एक कार आई, जिसमें सवार दो लोगों ने उन्हें जबरन बैठा लिया, ऐसा दावा उन्होंने पुलिस से किया था। कारोबारी के अनुसार, कुछ देर बाद उन्हें होश आया तो वह किसी खेत में थे, जहां 7झ8 लोग मौजूद थे। आरोपियों ने मारपीट की, पैसे मांगे और परिजनों से फिरौती दिलाने का दबाव बनाया। सतीश ने बताया कि एजेंट के जरिए आरोपियों के बताए खाते में 1 लाख रुपये और बाद में 20 हजार रुपये और ट्रांसफर कराए गए, तब जाकर उन्हें सादाबाद (हाथरस) के पास छोड़ दिया गया। वह राहगीरों की मदद से बस स्टैंड पहुंचे और 50 रुपये मांगकर दरेसी लौटे, जहां व्यापारियों को घटना बताई। इसके बाद व्यापारी नेता टीपन अग्रवाल के साथ वह थाना एत्माद्दौला पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी सिटी सैय्यद अली अब्बास ने कई टीमें गठित कीं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन ट्रेसिंग के जरिए जब जांच की, तो कारोबारी की कहानी में कई विरोधाभास सामने आए। जांच में खुलासा हुआ कि यह कोई अपहरण या लूट नहीं, बल्कि समलैंगिक रिलेशनशिप और पैसों के लेन-देन से जुड़ा पुराना विवाद था। उसी विवाद को छिपाने के लिए सतीश अग्रवाल ने अपहरण और लूट की झूठी कहानी रची थी। पुलिस ने महज पांच घंटे में पूरे मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी सिटी के मुताबिक 1.20 लाख रुपये, मोबाइल और अंगूठी छीने जाने का दावा फर्जी निकला।

# एसडीएम ने एसआईआर के नेक्स्ट फेज को लेकर बीएलओ सुपरवाइजरों संग की बैठक




**टूंडला।** तहसील टूंडला में उपजिलाधिकारी अंकित वर्मा की अध्यक्षता में एसआईआर के नेक्स्ट फेज को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएलओ सुपरवाइजरों को आगामी चरण के कार्यों के संबंध में उपजिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर के अगले चरण में मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सर्वोपरि है। उन्होंने निर्देश दिए कि घर-घर सत्यापन कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया नियमों के अनुसार की जाए। बैठक में बीएलओ सुपरवाइजरों को फॉर्मों की जांच ऑनलाइन एंट्री दस्तावेजों के सत्यापन और शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी ने यह भी कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस अवसर पर संबंधित सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ठंड में सिकुड़ीं नसें, हार्टअटैक-लकवा के तीन गुना मरीज बढ़े

**आगरा।** गिरता पारा हृदय, उच्च रक्तचाप मरीजों की मुसीबत बढ़ा रहा है। इमरजेंसी में हृदय और लकवा के तीन गुना मरीज बढ़ गए हैं। इनमें से 35-50 की उम्र के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है। इनमें 15 फीसदी की हालत गंभीर मिल रही है। 10 फीसदी मरीजों का ऑपरेशन करना पड़ रहा है। न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ. मयंक अग्रवाल ने बताया कि ठंड में नसें सिकुड़ जाती हैं और रक्तचाप बढ़ने पर मरीजों को लकवा मार रहा है। इमरजेंसी में रोजाना 20-25 मरीज लकवा के भर्ती हो रहे हैं। इनमें 30 फीसदी को किडनी, लिवर और मधुमेह की भी दिक्कत है। 15-20 फीसदी की हालत गंभीर मिल रही है। 10 फीसदी मरीजों की सर्जरी की जा रही है। बीते 30 दिनों में मरीजों की संख्या तीन गुना तक बढ़ गई है। हृदय रोग विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत गुप्ता ने बताया कि ठंड में रक्तसंचार प्रभावित होने से हार्टअटैक आ रहा है। इमरजेंसी में ऐसे 25-30 मरीज हैं। इनमें 35 से 50 साल की उम्र के करीब 50 फीसदी मरीज हैं। इनकी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी भी कर रहे हैं। बीते महीने से मरीजों की संख्या तीन गुना तक बढ़ने के कारण कैथ लैब में भी ऑपरेशन के लिए महीने भर की वेटिंग चल रही है।

# आगरा में कुत्तों का आतंक, 500 लोगों को रोज काट रहे श्वान

**आगरा।** सुप्रीम कोर्ट ने लावारिस कुत्तों के काटने पर चिंता जताते हुए इनको सड़कों से हटाने के आदेश दिए हैं। आगरा में भी कुत्ते लोगों पर हमला कर घायल कर रहे हैं। रोजाना 500 से अधिक लोगों को यह काटकर जख्मी कर रहे हैं। अस्पतालों में एंटी रैबीज वैक्सीन (एआरवी) लगवाने आ रहे लोगों में बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा है। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि जिला अस्पताल और 18 सीएचसी पर रोजाना करीब 500 मरीजों को एआरवी लगाए जा रहे हैं। इनमें 35-40 फीसदी 10 साल तक के बच्चे हैं। मरीजों से पूछताछ में 95 फीसदी को गली के कुत्तों ने सार्वजनिक स्थानों पर काटा। हाथ, पैर, कमर पर ज्यादा घाव मिल रहे हैं। इनमें 5 फीसदी के गंभीर घाव पाए जा रहे हैं। इनको सीरम लगाने की जरूरत पड़ती है। कुत्ता काटने पर मरीज को 24 घंटे में चिकित्सक को दिखाकर एआरवी लगवाना जरूरी है। मरीज को काटने वाले दिन, इसके तीसरे दिन, सातवें दिन, 14 वें दिन और 28 वें दिन इंजेक्शन लगता है। जिला अस्पताल के एआरवी ओपीडी प्रभारी डॉ. मोहित बंसल ने बताया कि कुत्ता-बंदर के काटने पर घाव पर मिर्च समेत अन्य कोई सामग्री न लगाएं। मिर्च लगाने से रक्तसंचार तेज होने पर वायरस तेजी से प्रभावी होने लगता है। ऐसे में जख्म को नल के नीचे पानी की तेज धार में साबुन से 10 मिनट तक अच्छी तरह से धोएं। काटने वाले कुत्ते की 7-10 दिन निगरानी करें। अगर कुत्ता मर जाता है तो चिकित्सक को जरूर बताएं। जिला अस्पताल में आए मरीजों की स्थितिः 3590ः नए मरीज महीने में आए, 2655ः को गली के कुत्तों ने काटा, 516ः को पालतू कुत्ते ने काटा। 227ः को बंदर ने काटा, 164ः को बिल्ली ने काटा, 28ः को सियार, चूहा, छछूंदर ने काटा। नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीते एक साल में करीब 80 हजार कुत्तों को सड़कों से पकड़कर एनिमल वेलफेयर सेंटर भेजा गया है। 16 हजार कुत्तों की नसबंदी भी की है। इनको पकड़ने का अभियान चल रहा है।

# संदिग्ध मांस कटान की सूचना के बाद कबाड़ गोदामों में लगी आग, 45 किलो मांस बरामद

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** जनपद के हाईवे थाना क्षेत्र की अजय नगर कॉलोनी में संदिग्ध मांस कटान की सूचना मिलते ही इलाके में जबरदस्त हंगामा मच गया। सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और हालात तनावपूर्ण हो गए। इसी दौरान कॉलोनी में स्थित तीन कबाड़ गोदामों में आग लग गई जिससे अफरा तफ्ती मच गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से करीब 45 किलो संदिग्ध मांस बरामद कर उसे जांच के लिए वेटनरी कॉलेज भेज दिया। मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आग पर दमकल विभाग ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। थाना हाईवे अंतर्गत गोवर्धन रोड स्थित अजय नगर कॉलौनी में आज सुबह गो मांस की सूचना पर हिंदू संगठनों ने हंगामा कर दिया। इस दौरान कबाड़ के तीन गोदाम में आग लगा दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने हालात पर बमुश्किल काबू पाया है। दमकलों की गाड़ियों से बताया जाता आग पर काबू पाया गया। जाता है कि गोवर्धन रोड के अजय नगर एक इंटर कालेज के समीप गो मांस कटान की सूचना पर गौ रक्षक दल व हिंदू संगठनों ने हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब 45 किलो मांस बरामद किया है। हाईवे पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध मांस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। इधर हिंदू संगठनों के आक्रोश के बाद आरोपियों ने तीन कबाड़ दाम में आग लगा दी। फायर कर्मियों ने करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया। कॉलोनी में तनाव को देखते हुए कई थानों का फोर्स तैनात किया गया। एसपी सिटी राजीव कुमार और सीओ रिफाइनरी अनिल सहित तीन थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा घेरा बनाकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इसी बीच हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया कि जब पुलिस मांस की तलाशी के लिए कॉलोनी में सर्च ऑपरेशन चला रही थी तब एक विशेष समुदाय के कुछ लोगों ने अपने ही कबाड़ के गोदामों में आग लगा दी। बताया गया कि यह आगजनी तीन अलग.अलग स्थानों पर की गई। हिंदू संगठनों का कहना है कि आग प्रशासन का ध्यान भटकाने और कथित साक्ष्यों को नष्ट करने के उद्देश्य से लगाई गई थी। आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# जिला संयुक्त अस्पताल में आशा ने महिला के परिजनों से ऑपरेशन के लिए मांगे 5 हजार



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद जिला संयुक्त चिकित्सालय में भारत सरकार की राष्ट्रीय टीम इंकवास की तीन सदस्य डॉक्टरो की टीम अस्पताल में निरीक्षण करने पहुंची। शुक्रवार को इंक्वास की टीम अस्पताल में निरीक्षण कर रही थी तो दूसरी तरफ महिला वार्ड में डिलीवरी के दौरान महिला के परिजन से डॉक्टर और आशा द्वारा 5 हजार रुपए मांगे जा रहे थे इस दौरान परिजन द्वारा आशा को अस्पताल के बाहर परिजनों ने घेर लिया सीएमएस के मामला संज्ञान में आते ही सीएमएस ने डॉक्टर वआशा को नोटिस देने की बात कही है।

भारत सरकार की राष्ट्रीय इंक्वास की तीन सदस्यीय टीम सोनीपत हरियाणा से विमला रानी, देहरादून से गरिमा पंत और जयपुर डॉक्टर महेंद्र कुमार की तीन सदस्यीय राष्ट्रीय टीम जिला संघ चिकित्सालय में तीन दिवसीय निरीक्षण करने पहुंची है। शुक्रवार को तीन सदस्य डॉक्टर की टीम अस्पताल में निरीक्षण कर रही थी तो वहीं दूसरी तरफ खेड़ा मोहल्ला निवासी अनु यादव पत्नी आकाश यादव की ऑपरेशन के द्वारा बेटी को जन्म दिया था इस दौरान वहां डॉक्टर और आशा द्वारा परिजनों से पांच हजार रुपए मांगे और उसके बाद बच्चा देने की बात कही। जब महिला के देवर बंटी ने मीडिया के सामने आशा से पांच हजार रुपए देने की बात पूछी तो आशा वहां से भागने लगी इसी दौरान बंटी ने दौड़कर भाग रही आशा को पकड़ लिया और उसे पड़कर महिला वार्ड में डॉक्टर के पास ले गया लेकिन ऑपरेशन थिएटर में मौजूद डॉक्टर बाहर नहीं निकली बंटी का आरोप था की सुबह अपनी भाभी को आशा के द्वारा डिलीवरी के लिए भर्ती कराया था उस दौरान आशा ने कहा ऑपरेशन जब होगा जब आप पांच हजार रुपए दे दोगे पर परिजनों ने ऑपरेशन होने के बाद पैसे देने की बात कही इसके बाद महिला का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान महिला ने बच्ची को जन्म दिया जिसके बाद आशा फिर से उन परिजनों के पास पहुंची और बोली के डॉक्टर को पांच हजार देने हैं पांच हजार दोगे तभी महिला और बच्चा ऑपरेशन थिएटर से बाहर आएंगे। कई घंटे बीतने के बाद भी महिला डॉक्टर मीडिया के सामने नहीं आई। सीएमएस के मामला संज्ञान में आते ही उन्होंने डॉक्टर और आशा को नोटिस देने की बात कही।

# एडीएम ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन के निर्देशन में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत निजी आवासों में सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना के संबंध में एडीएम नमामि गंगे मोहन लाल गुप्ता ने कलेक्टेट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की। एडीएम नमामि गंगे नोडल अधिकारी ने समीक्षा बैठक में अवगत कराया कि गत आयोजित बैठक में दिये गये निदेर्शों का अनुपालन सम्बन्धित द्वारा नहीं किया जा रहा है, इस तथ्य पर नाराजगी व्यक्त की गयी। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं वेण्डरों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की स्थापना हेतु पुनः एडीएम नमामी गंगे द्वारा परियोजना अधिकारी यूपीनेडा को निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनान्तर्गत विद्युत विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग तथा समस्त वेण्डरों से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनांतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष कराये गये रजिस्ट्रेशन एवं स्थापित संयंत्र व लाभार्थियों की दैनिक अद्यतन प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर प्राप्त कर अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को इसके अतिरिक्त निर्देश दिये गये कि बीइओ नारखी नगर क्षेत्र फिरोजाबाद को चेतावनी देते हुये निर्देश दिये गये कि अपने विकास खण्डों पर अधिक से अधिक संख्या में आवेदन रजिस्ट्रेशन कराये। जनपद फिरोजाबाद के शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए प्रथम स्तर पर उनके घरों पर सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित कराया जाय तथा अद्यतन प्रगति विवरण निर्धारित प्रारूप पर यूपीनेडा कार्यालय को उपलब्ध कराये। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये गये कि निर्धारित लक्ष्य अनुरूप अद्यतन प्रगति रिपोर्ट नेडा विभाग को समय से उपलब्ध करायें। सचिव ग्राम प्रधानों को प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक रजिस्टेशन आवेदन कराये तथा घरों पर सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित कराया जाय एवं ग्रामवासियों में प्रचार-प्रसार कराते हुए घरों पर सोलर पावर प्लाण्ट के लाभ समझाते हुए प्रोत्साहित करें। जनपद के सभी ग्राम पंचायत की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर यूपीनेडा कार्यालय को उपलब्ध कराये। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये गये कि सभी एआरओ को निर्देश जारी करें कि उक्त योजनान्तर्गत लाभार्थियों के रजिस्टेशन आवेदन अधिक से अधिक संख्या में करवायें। कोटेदारों को प्रोत्साहित करें कि घरों में सोलर पावर प्लाण्ट अधिक से अधिक संख्या में स्थापित कराया जाय एवं ग्रामवासियों को उक्त योजना के लाभ से जागरूक करें तथा जिन लाभार्थियों का पोर्टल पर पंजीकरण करा दिया गया है उन लाभार्थियों से समन्वय कर सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना का कार्य कराये तथा ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जायें। अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये गये कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सभी आवेदनों की सूची यूपीनेडा कार्यालय को दैनिक प्रगति रिपोर्ट के साथ निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराये, प्रतिदिन आ रहे आवेदनों का निरीक्षण कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिये गये समस्त खाताधारक एवं बैंक में आने वाले आगन्तुकों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली के लाभों के प्रति प्रचार-प्रसार एवं जागरूक करें, तथा लाभार्थियों को बैंक ऋण से सम्बन्धित आ रहे आवेदनों को अनावश्यक रिजेक्ट न किया जाय तथा बैंक ऋण में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में शीघ्रातिशीघ्र नियमनुसार कार्यवाही कर अद्यतन प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर यूपीनेडा कार्यालय को उपलब्ध कराये। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनोतर्गत वेडरों द्वारा किये आवेदनों के सापेक्ष शेष स्थापना हेतु सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित कराये। वेण्डर्स द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरती जा रही है, ऐसे वैण्डरों को कारण बताओ नोटिस के साथ ब्लैक लिस्टेड घोषित कर, नये वेण्डरों को चयन किया जाये।

# धार्मिक स्थलों पर अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं : लक्ष्मी एन



**मथुरा।** मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की नवनियुक्त उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन ने पदभार संभालते ही कड़े तेवर दिखाए हैं। गुरुवार को उन्होंने आस्था के प्रमुख केंद्र गोवर्धन पहुंचकर विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने जमनावता चैराहा से डीग अड्डा तक के पूरे क्षेत्र का सघन भ्रमण किया। उन्होंने केवल फाइलों में नहीं बल्कि जमीन पर उतरकर व्यवस्थाओं को परखा। उनके रडार पर प्रकाश व्यवस्थाः विभागीय लाइटों की स्थिति। स्वच्छताः सड़कों और परिक्रमा मार्ग की साफ सफाई। पार्किंग, मल्टीलेवल पार्किंग की उपयोगिता और सुगमता मुख्य रूप ये बिंदु रहे। निरीक्षण के दौरान आईएएस लक्ष्मी एन ने विभागीय अधिकारियों की क्लास लगाते हुए स्पष्ट किया कि गोवर्धन में अव्यवस्था के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए कि गोवर्धन आस्था का केंद्र है यहाँ देश-दुनिया से श्रद्धालु आते हैं। उनकी सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्याओं को चिह्नित कर उनका बिंदुवार समाधान सुनिश्चित करें। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष के साथ एमवीडीए सचिव आशीष कुमार सिंह अधिशासी अभियंता अमर दीप सिंह और नगर पंचायत ईओ चैतन्य कृष्ण भी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाओं में तत्काल सुधार नजर आना चाहिए।

# आगरा में ज्वेलर से 6.75 करोड़ की ठगी फर्जी प्लॉट एग्रीमेंट से दिया झांसा

**आगरा।** आगरा में भरोसे और दोस्ती की आड़ में करोड़ों की ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कमला नगर थाना क्षेत्र में एक ज्वेलर से उसकी पत्नी की करीबी सहेली ने ऐसा जाल बिछाया कि व्यापारिक लेन-देन के नाम पर 6.75 करोड़ रुपये हड़प लिए। इतना ही नहीं, बकाया चुकाने के नाम पर दिया गया प्लॉट का एग्रीमेंट भी फर्जी निकला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला और उसके आठ परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कमला नगर निवासी गौरव पोद्दार ने पुलिस को बताया कि मोती कटरा में उनकी फर्म शिव शक्ति ट्रेडर्स है, जिसका संचालन उनकी पत्नी संगीता के नाम से होता है। संगीता की फ्रेंड पिंकी झा, जो सिकंदरा क्षेत्र की ईंट की मंडी स्थित वीएस टॉवर की रहने वाली है, ने अपने पति के कारोबार के लिए उधारी में ज्वेलरी देने का लगातार दबाव बनाया। पीड़ित के अनुसार 17 अक्टूबर 2025 को पत्नी के कहने पर उन्होंने पिंकी झा की फर्म एए इंटरप्राइजेज (किनारी बाजार) को करीब 11.58 करोड़ की ज्वेलरी दे दी। इसके एवज में 4.83 करोड़ का भुगतान तो कर दिया गया, लेकिन 6.75 करोड़ रुपये बकाया रह गए। जब रकम की मांग की गई तो आरोपियों की ओर से बार-बार बहाने बनाए जाते रहे। कुछ समय बाद पिंकी झा, उसकी सास उमा रानी और ननद कंचन झा ने बकाया रकम चुकाने के लिए एक प्लॉट का मूल बैनामा और एग्रीमेंट सौंपा। भरोसा दिलाया गया कि जल्द ही भुगतान हो जाएगा। लेकिन जब ज्वेलर ने दस्तावेजों की जांच कराई तो खुलासा हुआ कि दिया गया एग्रीमेंट पूरी तरह फर्जी है। इस धोखाधड़ी का पता चलने पर जब ज्वेलर ने कानूनी कार्रवाई की बात कही, तो आरोपियों ने कथित तौर पर उसे झूठे मामलों में फंसाने और पूरी रकम हड़प लेने की धमकी दी। मामला यहीं नहीं रुका। 31 अक्टूबर को जब ज्वेलर बकाया रकम मांगने आरोपियों की दुकान पर पहुंचा, तो पिंकी झा के पति रोहित झा, देवर मोहित झा और ननद कंचन झा सहित अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# यातायात व्यवस्था को लेकर डीएम ने की बैठक



**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जनपद की यातायात व्यवस्था के संबंध में बैठक हुई संपन्न। बैठक का उद्देश्य जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने तथा विभिन्न प्रकार के आवश्यक सुझावों पर विचार-विमर्श करना था। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि मथुरा वृंदावन क्षेत्र में मार्ग प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा रूट निर्धारण के लिए नए यातायात नियम लागू किए जाए। नियमों के क्रियान्वयन से पूर्व जनसामान्य को प्रस्तावित परिवर्तनों के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक किया जाए। उन्होंने चिन्हित सर्वाधिक जाम वाले स्थलों पर तत्काल एवं प्रभावी कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान मथुरा शहर के गोवर्धन चौराहा, मंडी चौराहा, छटीकरा चैराहा एवं नरहौली तिराहा पर लगने वाले यातायात जाम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा वैकल्पिक व्यवस्थाओं के सुझाव आमंत्रित किए गए। गहन समीक्षा के उपरांत नरहौली तिराहे को सबसे जटिल व तात्कालिक ध्यान देने योग्य जाम बिंदु के रूप में चिन्हित किया गया। इस संबंध में सहमति बनी कि नरहौली तिराहे की समस्या के निराकरण हेतु यातायात पुलिस, पुलिस विभाग, नगर निगम, एनएचएआई, विद्युत विभाग सहित संबंधित सभी एजेंसियां समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगी। गोवर्धन चैराहा, छटीकरा चौराहा एवं मंडी चौराहा को त्वरित कार्यवाही हेतु अधिक उपयुक्त बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अंतर्गत चौराहों के निकट स्थित पुलिस चौकी को शिफ्ट किया जाना, वृक्षों की ट्रिमिंग, मार्गों पर लाइन मार्किंग, गोवर्धन चौराहे के निकट हाई-मास्ट को डिवाइडर पर स्थानांतरित करना, भारी वाहनों के आवागमन हेतु समय निर्धारण तथा सर्विस लेन के चौड़ीकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही छटीकरा चौराहा, मंडी चौराहा एवं गोवर्धन चौराहे पर पर्व के दौरान किए गए अतिक्रमण को हटाने तथा ई-रिक्शा के संचालन पर तत्काल सख्ती किए जाने की समीक्षा की गई। नगर आयुक्त व एसपी यातायात द्वारा अवगत कराया गया कि यातायात में सबसे बड़ी बाधा ई-रिक्शा के कारण उत्पन्न हो रही है। इसके निवारण हेतु ई-रिक्शा मालिकों को तत्काल नोटिस जारी कर वाहन का पंजीकरण अनिवार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि यात्रियों का चढ़ना एवं उतरना एक ही दिशा से अनुमन्य होगा। इसके लिए ई-रिक्शा के एक ओर स्थायी रूप से रॉड वेल्ड कर या स्थायी दरवाजा लगाकर फैब्रिकेशन कराना अनिवार्य किया जाएगा। बैठक में एसएसपी श्लोक कुमार, उपाध्यक्ष मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण लक्ष्मी एन, नगर आयुक्त जग प्रवेश, मुख्य कार्यपालक अधिकारी उप्रब्रज तीर्थ विकास परिषद सूरज पटेल, सीडीओ आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर एआरटीओ कर रहा है जागरूक

**मथुरा।** मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 31.01.2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त माह को जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाने के निर्देश दिये गये हैं, उक्त के क्रम जनपद में जिला पूर्ति अधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नो हेल्मेट-नो फ्यूल अभियान को प्रभावी बनाने हेतु मै० जय गुरुदेव पेट्रोल पम्प एनएच-19 के मीटिंग हॉल में सुश्री पूजा सिंह यात्री/मालकर अधिकारी की उपस्थिति में बैठक आहूत की गयी जिसमें जनपद के समस्त पेट्रोल/डीजल पम्प संचालक उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी पैट्रोल पम्प संचालकों को दो पहिया वाहन स्वामियों/चालकों जिसके द्वारा हेल्मेट का उपयोग न किया जा रहा हो तथा चार पहिया वाहन स्वामी/चालक जिसके द्वारा सीट बेल्ट का प्रयोग न किया जा रहा हो, को पेट्रोल व डीजल न देने तथा अपने पेट्रोल पम्पो के सीसीटीवी कैमरों तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम्स को चालू रखने तथा पेट्रोल पम्पों पर नो हेल्मेट, नो फ्यूल अभियान के बैनर लगाने के निर्देश दिये हैं। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत द्वारा जनपद के समस्त यात्री/माल वाहन स्वामी/चालकों को वाहनों के क्लिच, स्टेयरिंग, ब्रेक सिस्टम को दुरुस्त रखने के साथ सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों का पालन करने के निर्देश दिये हैं।

संक्षेप

## विदेशी मुद्रा भंडार 9.81 अरब डॉलर घटकर 686.80 अरब डॉलर पर

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि दो जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9.81 अरब डॉलर घटकर 686.80 अरब डॉलर पर रहा। इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 3.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.61 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.62 अरब डॉलर घटकर 551.99 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त ये परिसंपत्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक हैं और इनमें यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि इस दौरान सोने के भंडार का मूल्य 2.06 अरब डॉलर घटकर 111.26 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.78 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित भंडार भी आलोच्य सप्ताह में 10.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.77 अरब डॉलर रहा।

## पूरे भारत में बाजार विस्तार को मजबूती देगी निप्पॉन पेंट इंडिया

चेन्नई। निप्पॉन पेंट इंडिया ने भारत केंद्रित वृद्धि रणनीति की घोषणा की है। यह नेतृत्व परिवर्तन के बाद भारत को लेकर कंपनी की योजनाओं का पहला विस्तृत विवरण है। यह रणनीति भारत केंद्रित परिचालन मॉडल को मजबूती देने, एक एकीकृत दृष्टिकोण के जरिए पूरे भारत में बाजार विस्तार में तेजी लाने और निप्पॉन पेंट के भारत पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए अधिग्रहण एवं विलय के अवसरों की तलाश करने पर आधारित है। देशभर में सात विनिर्माण संयंत्रों, जापान में विकसित गहरी तकनीकी विशेषज्ञता और एक मजबूत मेक इन इंडिया नीव के साथ निप्पॉन पेंट एक ऐसा मजबूत, आत्मनिर्भर भारतीय प्लेटफॉर्म तैयार करने की प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है जो विनिर्माण उत्कृष्टता और गुणवत्ता पर आधारित हो एवं स्थानीय बाजार के लिए प्रासंगिक हो। यह कंपनी मुख्य क्षेत्रों में अपनी अग्रणी स्थिति मजबूत करते हुए और पूरे भारत में वितरण का दायरा बढ़ाते हुए अपने परंपरागत रूप से मजबूत दक्षिणी बाजारों से परे विस्तार में निवेश बढ़ाएगी, बाजार विभाजन में तेजी लाएगी और उच्च वृद्धि वाले शहरी एवं अर्ध-शहरी केंद्रों में पैठ बढ़ाएगी।

## जीआई टैग हासिल करने के प्रयास तेज

गुवाहाटी। पूर्वोत्तर के 33 बेजोड़ उत्पादों के लिए जीआई (भौगोलिक संकेतक) टैग हासिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं और इस संबंध में गुवाहाटी में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार यह समझौता कपड़ा मंत्रालय के अधीन कपड़ा समिति और उत्तर पूर्वी हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास निगम (एनईएचएचडीसी) के बीच हुआ। इन उत्पादों में 18 नगालैंड के और 15 मेघालय के हैं। हालांकि, तत्काल यह जानकारी नहीं मिल सकी कि ये उत्पाद कौन से हैं। जीआई टैग एक ऐसा नाम या चिन्ह होता है जो किसी उत्पाद की पहचान उसके एक विशिष्ट स्थान से तैयार होने के रूप में करता है। इसमें उस स्थान से जुड़ी अद्वितीय गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या विशेषताएं समाहित होती हैं।

## भारत के लिए प्रमुख निर्यात गंतव्य बनकर उभर रहा चीन

नयी दिल्ली। भारत के लिए चीन एक प्रमुख निर्यात गंतव्य के रूप में उभरा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान निर्यात 33 प्रतिशत बढ़कर 12.22 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। ये आंकड़े द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में संरचनात्मक बदलाव का संकेत दे रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, निर्यात में वृद्धि तेल खली, समुद्री उत्पाद, दूरसंचार उपकरण और मसालों जैसे उत्पादों के कारण हुई है। भारत ने अप्रैल-नवंबर 2024-25 के दौरान 9.2 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का सामान निर्यात किया। अप्रैल-नवंबर 2022-23 में यह 9.89 अरब अमेरिकी डॉलर और 2023-24 में 10.28 अरब अमेरिकी डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 में 12.22 अरब अमेरिकी डॉलर तक की तीव्र वृद्धि न केवल पिछले वर्ष की गिरावट के उलट है बल्कि पिछले चार वर्ष में सर्वाधिक भी है।

# रुपया 26 पैसे गिरकर बंद



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को 26 पैसे टूटकर 90.16 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के कारण रुपये में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार मजबूत अमेरिकी डॉलर और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर धारणा भी रुपये पर दबाव डाल रही है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 89.88 प्रति डॉलर पर मजबूत खुला, लेकिन कारोबार के दौरान इसमें गिरावट आई और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.16 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 26 पैसे की गिरावट है। कारोबार के दौरान मुद्रा का मूल्य 89.88 और 90.25 के बीच रहा। रुपया बृहस्पतिवार को तीन पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.90 पर बंद हुआ था। रुपया 89.88 पर उच्च स्तर पर खुला, लेकिन शेयर बाजारों में फिर से गिरावट शुरू होने के कारण यह टूटकर 90.25 पर आ गया। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय का शुल्क पर फैसला आज आने वाला है और हम उस फैसले का इंतजार कर रहे हैं, जिसका असर सोमवार को भारतीय शेयरों और रुपये पर पड़ सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत बढ़कर 99.04 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 62.34 डॉलर प्रति बैरल रहा। हम उम्मीद करते हैं कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपया कमजोर रुख के साथ कारोबार करेगा। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेजी भी रुपया पर दबाव डाल सकती है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों (एफआईआई) का पैसा बाहर निकलना भी रुपया कमजोर होने का कारण बन सकता है। हालांकि, केंद्रीय बैंक द्वारा हस्तक्षेप रुपया को निचले स्तर पर सहारा दे सकता है। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 604.72 अंक टूटकर 83,576.24 अंक जबकि निफ्टी 193.55 अंक फिसलकर 25,683.30 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 3,367.12 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।


# सेंसेक्स में 600 अंकों की गिरावट



मुंबई। शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 605 अंक नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 193 अंक की गिरावट आई। अमेरिकी शुल्क बढ़ने की चिंताओं और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। कारोबारियों ने कहा कि भारतीय बाजारों से विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया है।

शुरुआती कारोबार में मामूली सुधार के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अपनी गति बरकरार रखने में विफल रहा और 604.72 अंक यानी 0.72 प्रतिशत गिरकर 83,576.24 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 778.68 अंक यानी 0.92 प्रतिशत गिरकर 83,402.28 तक चला गया था। दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 193.55 अंक यानी 0.75 प्रतिशत टूटकर 25,683.30 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मा और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज लाभ में रहे। इससे पहले बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 780.18 अंक यानी 0.92 प्रतिशत गिरकर 84,180.96 पर और निफ्टी 263.90 अंक यानी 1.01 प्रतिशत गिरकर 25,876.85 पर बंद हुआ था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 3,367.12 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। दूसरी ओर घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,701.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। अमेरिका-भारत शुल्क वार्ता को लेकर अनिश्चितता और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच घरेलू बाजार में जोखिम से बचने की धारणा तेज हो गई है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत बढ़कर 62.10 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

# भारत- ईयू के बीच एफटीए वार्ता पर चर्चा



नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने शुक्रवार को ब्रसेल्स में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने एक नियम-आधारित व्यापार ढांचे और एक आधुनिक आर्थिक साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जो किसानों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा करेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस वार्ता के लिए यूरोपीय संघ मुख्यालय की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं।

उन्होंने एक पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए सुनिश्चित करने के लिए ईयू के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविच के साथ उच्च स्तरीय चर्चा की। गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा, इस वार्ता के दौरान हमने प्रस्तावित समझौते के प्रमुख क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया। हमने एक नियम-आधारित व्यापार ढांचे और एक आधुनिक आर्थिक साझेदारी के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो भारतीय उद्योगों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोड़ते हुए किसानों और एमएसएमई के हितों की रक्षा करती है। यह मंत्री-स्तरीय वार्ता ब्रसेल्स में एक सप्ताह के गहन विचार-विमर्श के बाद हो रही है। इसकी आधारशिला इस सप्ताह की शुरुआत में (6-7 जनवरी) भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और यूरोपीय आयोग के व्यापार महानिदेशक सबाइन वेयंड के बीच हुई उच्च स्तरीय चर्चा के दौरान रखी गई थी। ये वार्ताएं महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि दोनों पक्ष जल्द से जल्द बातचीत को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन 27 जनवरी को यहां होने की संभावना है, और यूरोपीय संघ का शीर्ष नेतृत्व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगा। अग्रवाल ने 15 दिसंबर को कहा था कि भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के बीच बातचीत निर्णायक चरण में पहुंच गई है।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र में तेजी से मिट रहा वर्ग-भेद
## कुशल श्रमिक अब विमान से जा रहे काम पर



बेंगलुरु। श्रमिक लव कुश अपने कार्यस्थल पर पहुंचने के लिए दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाले विमान में अपने स्मार्टफोन के साथ व्यस्त दिखे। यह उनके जीवन की दूसरी हवाई यात्रा थी।

आमतौर पर ट्रेन या सड़क मार्ग से यात्रा करने वाले कुश की कहानी भारत की अर्थव्यवस्था में आ रहे बदलाव का प्रतीक है। यहां विशेष ब्लू-कॉलर (शारीरिक श्रम से जुड़े कार्य) कौशल की मांग इतनी अधिक हो गई है कि कंपनियां अब श्रमिकों को देश के एक कोने से दूसरे कोने तक विमान से भेज रही हैं। यह बदलाव पारंपरिक वर्गीय सीमाओं को मिटा रहा है। कक्षा आठ के बाद पढ़ाई छोड़ देने वाले एक किसान के बेटे कुश पिछले एक साल से एकेजी शटरिंग के साथ काम कर रहे हैं और प्रति माह 15,000 रुपये कमाते हैं। शटरिंग (छत की ढलाई से पहले तैयार अस्थायी ढांचा) के काम में उनके विशेष कौशल ने उन्हें इतना मूल्यवान बना दिया है कि उनके नियोक्ता उन्हें देश भर के विभिन्न स्थलों पर तैनात करने के लिए हवाई टिकट एवं आवास का खर्च भी वहन करते हैं। यह रुझान अर्थव्यवस्था में हो रहे व्यापक बदलावों को दर्शाता है, जहां अवसंरचना पर खर्च और तेजी से होते शहरीकरण ने कुशल श्रमिकों की भारी कमी उत्पन्न कर दी है। निर्माण श्रमिक, जो कभी खचाखच भरे ट्रेन के डिब्बों में यात्रा करते थे, अब हाथ में स्मार्टफोन लिए विमानों में कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों के साथ बैठते हैं। कुश के साथ उनके नौ सहकर्मी भी थे, जो सभी पहली बार हवाई यात्रा कर रहे थे। वे एक परियोजना स्थल पर जा रहे थे, जहां वे साढ़े तीन महीने तक काम करेंगे। पत्रकार बेंगलुरु जाने वाली इस उड़ान में कुश के साथ वाली सीट पर ही बैठी थीं। इन श्रमिकों का आत्मविश्वास स्पष्ट था, लेकिन हवाई यात्रा के नियमों और शिष्टाचार से उनकी अनभिज्ञता भी झलक रही थी। पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के एक किसान के पुत्र अशोक दीप शर्मा ने कहा, पहले हम रेलगाड़ी से यात्रा करते थे।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश घटा, एसआईपी में बढ़ा

नयी दिल्ली। इक्विटी म्यूचुअल फंड में दिसंबर में निवेश मासिक आधार पर छह प्रतिशत घटकर 28,054 करोड़ रुपये रहा। उद्योग निकाय एम्फी ने इस संबंध में शुक्रवार को आंकड़े जारी किए। इक्विटी निवेश में कमी के साथ-साथ म्यूचुअल फंड उद्योग के समग्र परिसंपत्ति आधार में मामूली गिरावट आई। इससे प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) नवंबर के 80.80 लाख करोड़ रुपये से घटकर दिसंबर में 80.23 लाख करोड़ रुपये रह गई। यह ऋण योजनाओं से भारी निकासी के प्रभाव को दर्शाता है।

उद्योग के एयूएम में आई कमी मुख्य रूप से नगदी प्रबंधन के लिए बॉन्ड यानी निश्चित आय वाले कोष से निकासी और सीमित बाजार-संबंधित मूल्य परिवर्तनों के कारण हुई। एम्फी के आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड उद्योग ने दिसंबर में 66,591 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की जानकारी दी। इसका मुख्य कारण निश्चित आय वाली योजनाओं से भारी मात्रा में निकासी थी जबकि इक्विटी एवं गोल्ड फंड निवेशकों को आकर्षित करते रहे। इक्विटी निवेश में हालांकि नवंबर के 29,911 करोड़ रुपये की तुलना में क्रमिक रूप से नरमी आई, फिर भी यह अक्टूबर के 24,690 करोड़ रुपये से अधिक रहा। सितंबर में इक्विटी में शुद्ध निवेश 30,421 करोड़ रुपये और अगस्त में 33,430 करोड़ रुपये था। बाजार में बीच-बीच में आने वाली अस्थिरता के बावजूद, इक्विटी में प्रवाह स्थिर बना रहा। इसे व्यवस्थित निवेश योजनाएं (एसआईपी) के स्थिर योगदान और भारत के दीर्घकालिक वृद्धि दृष्टिकोण में निरंतर विश्वास का समर्थन मिला। एसआईपी के माध्यम से खुदरा निवेशकों की भागीदारी नवंबर में 29,445 करोड़ रुपये से बढ़कर दिसंबर में रिकॉर्ड 31,000 करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह अनुशासित और दीर्घकालिक धन सृजन रणनीतियों के प्रति उनकी प्राथमिकता को दर्शाता है। आंकड़ों से पता चलता है कि निवेशकों ने बाजार में आई गिरावट को लगातार अधिक निवेश करने के अवसर के रूप में इस्तेमाल किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल एसआईपी योगदान 3.34 लाख करोड़ रुपये रहा जो अल्पकालिक अटकलों के बजाय दीर्घकालिक इरादे एवं विश्वास को दर्शाता है। समीक्षाधीन माह के दौरान लाभांश प्रतिफल और इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम कोष के अलावा अधिकतर उप-श्रेणियों में दिसंबर में सकारात्मक रुझान देखने को मिला। फ्लेक्सी-कैप फंड सबसे पसंदीदा विकल्प बने रहे। इसमें 10,019 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ जो नवंबर के 8,135 करोड़ रुपये से अधिक है। यह अनिश्चित बाजार स्थितियों में इनकी बढ़ती अपील को दर्शाता है। इसके बाद मिड-कैप फंड में 4,176 करोड़ रुपये, लार्ज एवं मिड-कैप फंड में 4,094 करोड़ रुपये और स्मॉल-कैप फंड में 3,824 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इसके अलावा लार्ज-कैप फंड में l,567 करोड़ रुपये का निवेश आया। इसके विपरीत, ईएलएसएस और लाभांश प्रतिफल फंड में क्रमशः 718 करोड़ रुपये और 254 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई। दूसरी ओर, निश्चित आय वाले म्यूचुअल फंड ने दिसंबर में 1.32 लाख करोड़ रुपये की भारी निकासी देखी जबकि नवंबर में शुद्ध निकासी 25,693 करोड़ रुपये थी। इससे समग्र उद्योग नकारात्मक क्षेत्र में चला गया।

# भारत की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान : संयुक्त राष्ट्र




संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने 2026 में भारत की वृद्धि दर के 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक तथा सामाजिक मामलों के विभाग की ओर से विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2026 रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गई। इसमें कहा गया है कि भारत चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में असाधारण रूप से उच्च वृद्धि दर्ज करेगा। मजबूत निजी उपभोग एवं मजबूत सार्वजनिक निवेश से अमेरिकी शुल्क के उच्च प्रभाव की काफी हद तक भरपाई हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में आर्थिक वृद्धि दर 2025 में अनुमानित 7.4 प्रतिशत से घटकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। विभाग ने साथ ही कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इसमें कहा गया है, निजी उपभोग में मजबूती, सार्वजनिक निवेश में वृद्धि, हालिया कर सुधार एवं कम ब्याज दरों से निकट भविष्य में वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद है। हालांकि, यदि मौजूदा दरें बनी रहती हैं तो अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क 2026 में निर्यात प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं क्योंकि भारत से होने वाले कुल निर्यात में अमेरिकी बाजार की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत है। संयुक्त राष्ट्र विकास एजेंसी (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषक तथा नीति प्रभाग की वैश्विक आर्थिक निगरानी इकाई के वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं प्रभारी अधिकारी इंगो पिटर्ले ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दक्षिण एशिया दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र बना रहेगा जिसकी दर 5.6 प्रतिशत रहेगी। इस वृद्धि में सबसे अधिक योगदान भारत का रहेगा जहां मजबूत घरेलू मांग, अच्छी फसल से समर्थित मुद्रास्फीति में कमी और निरंतर नीतिगत समर्थन वृद्धि को गति दे रहे हैं। भारत के निर्यात बाजारों का यूरोपीय संघ और पश्चिम एशिया की ओर विविधीकरण हुआ है।

पेज एक का शेष

### लव जिहाद

भेजा है। इससे पहले दिन में केजीएमयू में शादी का झांसा देकर यौन शोषण, गर्भपात कराने के आरोपी जूनियर रेजिडेंट डॉ. रमीज उद्दीन नायक पर ऐक्शन हुआ। डॉक्टर रमीज का दाखिला रद होगा, वह आगे की पढ़ाई नहीं कर पाएगा। इसके लिए केजीएमयू प्रशासन की तरफ से डीजीएमई को आज पत्र भेजा जाएगा। यह जानकारी केजीएमयू की कुलपति प्रो, सोनिया नित्यानंद ने दी है। हालांकि केजीएमयू में धर्मांतरण के प्रयास के आरोपी पैथोलॉजी विभाग के रेजिडेंट डॉक्टर को कथित रूप से बचाने वाले मददगारों की जानकारी सामने नहीं आ सकी है। जांच के दौरान दो प्रोफेसरों की भूमिका संदेह के घेरे में बताई जा रही थी, उस पर भी केजीएमयू प्रशासन की तरफ से अभी कुछ कहा नहीं गया है और न ही उन्हें क्लीनचिट दी गई। प्रवक्ता केके सिंह ने कहा है कि इस मामले में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। आरोप है कि पैथोलॉजी विभाग के रेजिडेंट डॉक्टर रमीज ने एक महिला रेजिडेंट डॉक्टर को प्रेमजाल में फंसाया। शादी की बात सामने आने पर आरोपी ने महिला डॉक्टर पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाना शुरू कर दिया। पीड़िता के विरोध करने पर उसे धमकाया गया, जिससे मानसिक रूप से परेशान होकर महिला डॉक्टर ने नींद की गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उसकी स्थिति में सुधार हुआ। घटना के बाद पीड़िता ने केजीएमयू प्रशासन, पुलिस, मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल और राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई। मामला सामने आने पर प्रशासन और जांच एजेंसियां सक्रिय हुईं। इसमें केजीएमयू में दो कमेटियां मामले की जांच कर रही थीं। यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच विशाखा कमेटी कर रही है, जबकि धर्मांतरण प्रकरण की जांच सात सदस्यीय कमेटी को सौंपी गई है, जिसमें एक सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक भी शामिल हैं। विशाखा कमेटी की जांच रिपोर्ट गुरुवार को सौंपी गई है।

### ईडी ने ममता

उन्होंने ऐसा ही किया। ईडी ने याचिका में दावा किया कि पश्चिम बंगाल में कोयले की कथित चोरी से प्राप्त हवाला राशि के लगभग 20 करोड़ रुपये आई-पैक तक पहुंचे। यह संगठन 2021 से तृणमूल कांग्रेस और राज्य सरकार को राजनीतिक परामर्श सेवाएं प्रदान कर रहा है। इसमें कहा गया है, जांच के दौरान मिले ठोस सबूतों से पता चलता है कि हवाला चैनलों के माध्यम से आई-पैक को कम से कम 20 करोड़ रुपये की आपराधिक आय हस्तांतरित की गई थी। याचिका में कहा गया है, जांच को जारी रखते हुए और अपराध से प्राप्त धनराशि और उसके उपयोग का पता लगाने के लिए, कोयला तस्करी मामले के संबंध में आई-पैक और कुछ अन्य संस्थाओं के खिलाफ तलाश अभियान शुरू किया गया था। इसमें कहा गया पीएमएलए के तहत जारी तलाशी अभियान में हस्तक्षेप न करने के लिए (ईडी अधिकारियों द्वारा) स्पष्ट अनुरोध किए जाने के बावजूद मुख्यमंत्री ने परिसर में प्रवेश किया। याचिका में कहा गया है, कानून-व्यवस्था से जुड़े सभी नियमों का उल्लंघन करते हुए, सुश्री ममता बनर्जी ने पुलिसकर्मियों की सहायता से अधिकृत अधिकारी के कब्जे से सभी डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ महत्वपूर्ण आपत्तिजनक दस्तावेजों को जबरन अपने कब्जे में ले लिया और दोपहर लगभग 12:15 बजे परिसर से चली गईं। ईडी के अधिकारियों ने दावा किया कि 20 करोड़ रुपये की यह हवाला राशि मुंबई स्थित अंगड़िया फर्म द्वारा स्थानांतरित किये गये थे, जो आम आदमी पार्टी से जुड़े दिल्ली शराब घोटाले मामले की जांच के दौरान एजेंसी के निशाने पर आ गई थी।

### रक्षा विनिर्माण

हैं। उन्होंने कहा लखनऊ में तो ब्रह्मोस एयरोस्पेस की फैक्टरी भी स्थापित की गयी है, जहां ब्रह्मोस मिसाइल बनायी जा रही है। अब यह मिसाइल बाहर से बनकर नहीं आती, हमारे अपने देश में, हमारे अपने उत्तर प्रदेश में बनती है। सरकार ने यहां रक्षा गलियारा बनाया है। इसका मतलब सेनाओं के लिए हथियार, गोला-बारूद और लड़ाकू जहाजों से जुड़ा सामान अब हमारे ही प्रदेश में बनेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास के इस काम को और तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक नयी नीति बनाई है। उन्होंने कहा, सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच साल में यहां हज़ारों करोड़ रुपये का नया काम आए और हमारे लाखों नौजवानों को सीधा रोज़गार मिले।

### 2017 के पहले

प्रतिवर्ष तक बढ़ाना है। यह परियोजना यूपी के औद्योगिक विकास व पर्यावरण संरक्षण के प्रति पीएम की प्रतिबद्धता और हम सभी के दृढ़ विश्वास का प्रतीक भी है। जब दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग व ग्लोबल कूलिंग से त्रस्त है। तमाम आपदाएं चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। उन स्थितियों में हम सब भी अपने आप को तैयार कर सकें, यह इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट इस दिशा में किए जाने वाला प्रयास का एक हिस्सा है। इसमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए नौकरी व रोजगार की संभावनाएं भी विकसित हुई हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी के सभी 75 जनपदों में निवेश हो रहा है। सीएम ने बेहतर कनेक्टिविटी का जिक्र किया। कहा कि देश में पहली रैपिड रेल व वाटर वे का संचालन भी यूपी में हो चुका है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले यूपी पहचान का मोहताज और उपद्रव से ग्रसित था, लेकिन आज यूपी उत्सव का प्रदेश है। यूपी अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि इसने खुद को रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित किया है। दृढ़ निश्चय से लिए गए फैसले, साफ नीयत व स्पष्ट सोच के कारण फियरलेस बिजनेस, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस नए यूपी की पहचान बन चुके हैं। यहां पर कोई निवेशक पॉलिसी पैरालिसिस का शिकार नहीं हो सकता। यूपी में अब 34 सेक्टरियल पॉलिसी हैं, जिनके माध्यम से निवेशक किसी भी सेक्टर में निवेश करके यूपी की विकास यात्रा में योगदान दे सकते हैं। सीएम योगी ने पीएम मोदी के विजन-2047 का जिक्र किया और कहा कि हर देशवासी ने भारत को विकसित-आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। यह प्लांट मेक इन इंडिया के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के पीएम मोदी के संकल्प को बढ़ाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। यूपी आज इंडस्ट्री फर्स्ट, इन्वेस्टर्स फर्स्ट के दृष्टिकोण से देश-दुनिया के हर निवेशक का महत्वपूर्ण पसंदीदा स्थल बन चुका है। पिछले 8-9 वर्ष में यूपी में 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए। इसमें से 15 लाख करोड़ के प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। अगले महीने छह लाख करोड़ के अन्य निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग की जाएगी। पांच लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव अभी पाइपलाइन में और हैं, जिनकी यूपी में ग्राउंड ब्रेकिंग कराई जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी देश की जीडीपी में 9.5 प्रतिशत का योगदान कर रहा है। यूपी की जीएसडीपी इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 36 लाख करोड़ की हो जाएगी। वित्तीय अनुशासन व बेहतर वित्तीय प्रबंधन के साथ यूपी एक लक्ष्य लेकर चला है। प्रधानमंत्री जी ने 2027 में भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के रूप में बदलने को कहा है तो हमने भी लक्ष्य तय किया है कि 2029-30 में यूपी वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि यूपी अब ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक व आईटी हब बनने की राह पर तेजी से बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अशोका लेलैंड का ईवी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट एफडीआई व फॉर्चून-500 पॉलिसी का हिस्सा है। 2017 के पहले यूपी में एफडीआई का अंश ऊंट के मुंह में जीरा जैसा था, लेकिन आज यूपी ने अपनी पॉलिसी के माध्यम से एफडीआई व फॉर्चून-500 को आकर्षित किया है।

### राम मंदिर और

डिलीवरी कंपनियों को इस आदेश की जानकारी दे दी गई है। प्रशासन इस आदेश का सख्ती से पालन कराएगा, नियमित मॉनीटरिंग की जाएगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### हिमाचल : खाई

ददाहू, संगड़ाह और नाहन के अस्पतालों में चिकित्सा दल तैयार हैं। विधायक ने कहा कि दुर्घटना का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों को संदेह है कि बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और इस वजह से सड़क से फिसलकर वह खाई में जा गिरी। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में बड़ी संख्या में लोगों को बचाव कार्य में मदद करते और बस के मलबे से घायलों को निकालने की कोशिश करते देखा जा सकता है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग बचाव कार्य में जुट गए और पुलिस को सूचना दी। जिला प्रशासन, पुलिस और अन्य अधिकारी भी बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। हरिपुरधार निवासी और भाजपा राज्य कार्य समिति के सदस्य बलबीर चौहान ने कहा कि स्थानीय लोगों ने कठिन परिस्थितियों में गहरी खाई से यात्रियों को बचाने का सराहनीय कार्य किया है।

### अंकिता भंडारी

न्याय सुनिश्चित किया है। हाल में सोशल मीडिया पर प्रसारित ऑडियो क्लिप का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं और उनकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा पूरी तरह स्पष्ट है और किसी भी तथ्य या साक्ष्य की अनदेखी नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अंकिता केवल एक पीड़िता नहीं थी, बल्कि वह हमारी भी बहन और बेटी थी।

### लालू यादव

प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों समेत आरोपियों द्वारा बरी किये जाने की याचिका को भी अनुचित बताते हुए खारिज कर दिया और इस बात पर जोर दिया कि पूर्व रेल मंत्री और अन्य लोग भूमि हड़पने के लिए एक संगठित आपराधिक समूह की तरह काम कर रहे थे। न्यायाधीश ने रेलवे अधिकारियों द्वारा निर्णय लेने के अधिकार के दुरुपयोग पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, आरोप-पत्र का विवरण वर्णित अपराध का मूल तत्व और सार है। अदालत ने इस मामले में 41 लोगों के खिलाफ आरोप तय किये और रेलवे अधिकारियों समेत 52 लोगों को बरी कर दिया।

### सिविल अस्पताल

गरीबों को सर्दी से बचाया जा सके और उन्हें राहत पहुंचाई जा सके। उनका मानना है कि चाय व्यक्ति को जाड़े से लड़ने की ताकत देती हैं। समय-समय पर चाय मिलती रहे तो सर्दी से लड़ना आसान हो जाता है। अस्पताल में तीमारदार दूर-दराज क्षेत्रों से आते हैं। प्रायः मध्यम वर्ग और गरीब पृष्ठभूमि के होते हैं। अस्पतालों में उनके ठहरने की भी समुचित व्यवस्था नहीं होती। ऐसे में जाड़े से निपटने के लिए उन्हें बार-बार चाय पीने की इच्छा होती है लेकिन मरीज के इलाज के खर्च से ही परेशान तीमारदारों के लिए समय-समय पर चाय का सेवन करना भारी पड़ता है। फाउंडेशन उनकी इस परेशानी को समझता है। इसीलिए उसने कड़ाके की इस सर्दी को देखते हुए मरीजों व उनके तीमारदारों के लिए चाय की निःशुल्क व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि उनके पिता डॉ. अखिलेश दास गुप्ता एक प्रसिद्ध राजनेता, शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता थे, जिन्होंने लखनऊ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर विभिन्न सामाजिक सेवा के कार्य किए जाते हैं, जैसे कि गरीबों को भोजन और गर्म कपड़े वितरित करना, अस्पतालों में मरीजों की सेवा करना, और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना। यह सिलसिला निरंतर चलता रहता है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा उन्हें विरासत में मिली है और वे समाजसेवा के अपने दायित्व को पूरा करने के लिए हमेशा तत्पर और कृत संकल्प हैं।




# यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स की नजरें डब्ल्यूपीएल में शुरुआती लय हासिल करने पर



नवी मुंबई। यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स की टीम शनिवार को यहां अपने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) अभियान की शुरुआत करेंगी और पिछले सत्र में विपरीत प्रदर्शन के बाद दोनों टीमें पहले खिताब की तलाश में होंगी। यूपी वॉरियर्स नयी कप्तान मेग लैनिंग पर बहुत अधिक निर्भर रहेगी क्योंकि उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीन फाइनल में पहुंची थी। टीम पिछले तीन सत्र में तीसरे, चौथे और फिर तालिका में निचले स्थान पर रही थी और उसकी निगाहें इस लगातार गिरावट को रोकने की है। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज के आने से टीम में स्पष्टता आने की उम्मीद है। टीम पिछले साल कप्तान एलिसा हीली की गैरमौजूदगी में संतुलन और निरंतरता के लिए संघर्ष कर रही थी। हालांकि वॉरियर्स के टीम संयोजन को लेकर सवाल बने हुए हैं, विशेषकर विकेटकीपिंग विभाग में जिसमें शिप्रा गिरी एकमात्र विशेषज्ञ विकल्प हैं। शीर्ष पर फोबे लिचफील्ड लचीलापन प्रदान करती हैं और उनके किरण नवगिरे के साथ साझेदारी करने की संभावना है। लैनिंग और हरलीन देओल की मौजूदगी वाला मध्यक्रम प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में महत्वपूर्ण होगा। सोफी एक्लेस्टोन, दीप्ति शर्मा और अनुभवी शिखा पांडे और क्रांति गौड़ जैसी खिलाड़ियों के साथ वॉरियर्स के पास ताकतवर गेंदबाजी आक्रमण है जिसमें विश्व स्तरीय स्पिन, नयी गेंद से गेंदबाजी का अनुभव और अंतिम ओवरों में विशेज्ञता का मिश्रण है। दूसरी ओर गुजरात जायंट्स दो निराशाजनक सत्र के बाद पिछली बार प्लेऑफ में पहुंची थी और उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। एशले गार्डनर की अगुवाई वाली जायंट्स के पास मजबूत विदेशी खिलाड़ियों का कोर है लेकिन एक प्रमुख भारतीय बल्लेबाज की कमी है। स्टंप के पीछे और शीर्ष क्रम में बेथ मूनी होंगी जबकि सोफी डिवाइन 2025 सत्र से चूकने के बाद डब्ल्यूपीएल में वापसी कर रही हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण रेणुका सिंह ठाकुर के नेतृत्व में काफी संतुलित दिखता है जिन्हें किम गार्थ और काश्वी गौतम का सहयोग मिलेगा। गार्डनर, जॉर्जिया वारेहम, राजेश्वरी गायकवाड़ और तनुजा कंवर के रूप में स्पिन के कई विकल्प मौजूद हैं। दोनों टीम बदलाव के दौर से गुजर रही हैं इसलिए शनिवार का मुकाबला उनके अभियानों की लय तय कर सकता है।

संभावित टीम :

**यूपी वारियर्स:** श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन, मेग लैनिंग (कप्तान), फोबे लिचफील्ड, किरण नवगिरे, हरलीन देयोल, क्रांति गौड़, आशा शोभना, डायंड्रा डॉटिन, शिखा पांडे, शिप्रा गिरी, सिमरन शेख, चार्ली नॉट, क्लो ट्रायोन, सुमन मीना, जी त्रिशा, प्रतिका रावल।

**गुजरात जायंट्स:** एशले गार्डनर (कप्तान), बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, रेणुका सिंह ठाकुर, भारती फूलमाली, टिटास साधु, काशवी गौतम, कनिका आहुजा, तनुजा कंवर, जॉर्जिया वारेहम, अनुष्का शर्मा, हैप्पी कुमारी, किम गार्थ, शिवानी सिंह, डानी वाट हॉज, राजेश्वरी गायकवाड़, आयुषी सोनी।

# महिला हॉकी इंडिया लीग फाइनल में आमने सामने होंगे एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स



रांची। एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स दो हफ्तों तक चले 12 मुकाबलों के बाद शनिवार को यहां होने वाले महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के फाइनल में आमने सामने होंगी।

लीग जीतने वाली टीम को 1.50 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी जबकि उप विजेता को एक करोड़ रुपये दिए जाएंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाली रांची रॉयल्स को 50 लाख रुपये मिलेंगे। फाइनल में पहुंची इन दोनों टीमों ने इस सत्र में अपना दबदबा बनाए रखा और दोनों का खेलने का तरीका काफी हद तक एक जैसा ही रहा है। एसजी पाइपर्स ने तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि श्राची बंगाल टाइगर्स ने दूसरा स्थान पक्का किया। दोनों टीमें लीग चरण में दो बार आमने-सामने हुईं और दोनों ही मौकों पर श्राची बंगाल टाइगर्स ने पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की। पहले मैच में 3-3 की बराबरी के बाद श्राची बंगाल टाइगर्स ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। दूसरे मैच में गोल रहित बराबरी के बाद उन्होंने शूटआउट में 7-6 से जीत हासिल की।

हालांकि लीग के पूरे चरण के आंकड़े एसजी पाइपर्स के पक्ष में हैं। वह टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा गोल करने वाली टीम हैं जिसने 11 गोल किए हैं। उनसे बेहतर सिर्फ रांची रॉयल्स ने 13 गोल किए। और उनकी कप्तान नवनीत कौर ने अब तक टूर्नामेंट में चार गोल दाग दिए हैं। लोला रिएरा (तीन गोल) और सुनेलिता टोप्पो (दो गोल) ने भी योगदान दिया है, जबकि ज्योति सिंह और मारिया टेरेसा वियानाचे ने भी गोल किए हैं। पाइपर्स का लीग में डिफेंस में दूसरा सबसे अच्छा रिकॉर्ड भी है और उन्होंने ग्रुप चरण में सिर्फ नौ गोल खाए हैं। नवनीत कौर ने कहा कि यह हमारे लिए शानदार अभियान रहा है और फाइनल में पहुंचना हर खिलाड़ी की कड़ी मेहनत का नतीजा है। पिछले सत्र में तालिका में सबसे नीचे रहने से लेकर इस साल तालिका में शीर्ष तक पहुंचने तक, यह वापसी बहुत खास रही है। हमने इस दौरान साहसिक हॉकी खेली है और अब लक्ष्य यही है कि शानदार तरीके से टूर्नामेंट खत्म किया जाए। श्राची बंगाल टाइगर्स ने अब तक टूर्नामेंट में सिर्फ सात गोल किए हैं जिनमें से पांच पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ ऑगस्टिना गोरजेलानी ने किए हैं। वंदना कटारिया टीम की कप्तान हैं और टीम में इस बड़े मुकाबले के लिए काफी अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं।

## संक्षेप

### अमेरिका में फ्रांस और क्रोएशिया से मैत्री मैच खेलेगा ब्राजील

साओ पाउलो। ब्राजील फुटबॉल टीम इस साल होने वाले विश्व कप की तैयारी के अंतर्गत अमेरिका में फ्रांस और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी। पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील 11 जून से 19 जुलाई के बीच होने वाले विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत 13 जून को मोरक्को के खिलाफ करेगी। फिर टीम का सामना छह दिन बाद फिलेडेल्फिया में हैती से होगा। ब्राजील 24 जून को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण का समापन करेगी। प्रमोटरों ने घोषणा की कि ब्राजील की टीम 26 मार्च को मैसाचुसेट्स के फॉक्सबोरो में फ्रांस से भिड़ेगी और फिर पांच दिन बाद फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में क्रोएशिया से दोस्ताना मैच खेलेगी। इसके अलावा क्रोएशिया 26 मार्च को ऑरलैंडो में कोलंबिया से भिड़ेगा और कोलंबिया 29 मार्च को मैरीलैंड के लैंडोवर में फ्रांस का सामना करेगा।

### स्वितोलिना ने ऑकलैंड डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी

ऑकलैंड। शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने शुक्रवार को सोने कार्टल को तीन सेट में हराकर ऑकलैंड में चल रहे डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मेलबर्न में 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारियों के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में अब स्वितोलिना की भिड़ंत शनिवार को अमेरिका की इवा जोविच से होगी। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज स्वितोलिना तीसरे सेट में 53 से पिछड़ रही थीं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 64, 67 (2), 76 (5) से जीत दर्ज की।

### दुनिया के सबसे उम्रदराज पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी काजुयोशी

तोक्यो। दुनिया के सबसे उम्रदराज पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी जापान के काजुयोशी मियूरा का मानना है कि बढ़ती उम्र के साथ उनका खेल और बेहतर होता जा रहा है। किंग काजू के नाम से पहचाने वाले मियूरा अगले महीने 59 बरस के हो जायेंगे। उन्होंने शुक्रवार को तोक्यो में जे-लीग (जापान की घरेलू फुटबॉल लीग) की तीसरी डिवीजन क्लब फुकुशिमा यूनाइटेड एफसी से जुड़ने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं जितना ज्यादा अपने जुनून का पीछा करता हूं, वह उतना ही वह बढ़ता जाता है। भले ही मेरी उम्र बढ़ रही है लेकिन मुझे लगता है कि मेरा जोश पहले से भी जूयादा बढ़ रहा है। वह पिछले सत्र में चौथी डिवीजन क्लब एटलेटिको सुजुका के लिए लोन पर खेले थे।

# भावनाओं में बहकर नहीं, भविष्य को ध्यान में रखकर फैसला लें: तमीम इकबाल



ढाका। पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से अपील की है कि अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में टीम की भागीदारी के बारे में फैसला लोगों की भावनाओं से प्रभावित नहीं हों क्योंकि ऐसे किसी भी निर्णय का असर अगले 10 साल तक पड़ सकता है।

बांग्लादेश ने सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप के लिए सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत का दौरा करने में हिचकिचाहट दिखाई है और अपने मैच सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग की है। यह तब हुआ जब हिंदुओं पर हमलों के बीच बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देश पर आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया। तमीम इकबाल ने क्रिकबज से कहा कि स्थिति फिलहाल थोड़ी गंभीर है और अभी अचानक कोई बयान देना मुश्किल है। लेकिन यह ध्यान में रखना चाहिए कि अगर सब मिलकर काम करें तो कई समस्याएं संवाद के माध्यम से हल हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि आपको यह देखना होगा कि बांग्लादेश विश्व क्रिकेट में कहां खड़ा है और बांग्लादेश क्रिकेट का भविष्य क्या हो सकता है। फिर उसी आधार पर निर्णय लेना चाहिए। बांग्लादेश के खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरुल ने स्थल बदलने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने राष्ट्रीय गौरव का हवाला दिया और सरकारी गलियारों में भारत विरोधी बढ़ती भावना को जारी रखा। बीसीबी और सरकार के बीच इस मुद्दे पर मतभेद दिखाई दे रहे हैं। अमिनुल इस्लाम बुलबुल के नेतृत्व वाला बीसीबी इस दृष्टिकोण से पूरी तरह सहमत नहीं है। तमीम ने स्पष्ट किया, हम बीसीबी को एक स्वतंत्र संस्था मानते हैं। निश्चित रूप से सरकार बड़ी भूमिका जरूर निभाती है और उसके साथ चर्चा जरूरी है, लेकिन अगर हम बीसीबी को स्वतंत्र मानते हैं तो इसे अपने निर्णय लेने का अधिकार भी होना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर बोर्ड किसी फैसले को सही मानता है तो उसे वह निर्णय लेना चाहिए। सार्वजनिक राय हमेशा अलग-अलग होगी। जब हम खेलते हैं, दर्शक भावनाओं से प्रभावित होकर कई बातें कहते हैं। लेकिन अगर आप उन सब के आधार पर निर्णय लेने लगेंगे तो इतनी बड़ी संस्था नहीं चला पाएंगे। तमीम ने कहा, आज के फैसले का असर अगले दस साल तक पड़ेगा इसलिए निर्णय बांग्लादेश क्रिकेट और खिलाड़ियों के हित में लिया जाना चाहिए। यही मेरा व्यक्तिगत विचार है। छत्तीस वर्षीय तमीम ने अपने करियर में 70 टेस्ट, 243 वनडे और 78 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने बीसीबी और सरकार द्वारा हर दिन जारी बयानों की भी आलोचना की। अंतिम फैसला लेने और आंतरिक चर्चा पूरी करने के बाद ही उसे सार्वजनिक रूप से बताया जाना चाहिए। हर कदम सार्वजनिक रूप से बताने से अनावश्यक अस्थिरता पैदा होती है जो अभी हो रही है। अगर फैसला कल या एक हफ्ते बाद बदल जाता है तो आप अपने पहले दिए गए बयान कैसे समझाएंगे?

# पीडब्ल्यूएल की चुनौती के लिए तैयारी में जुटी अंतिम पंघाल



नयी दिल्ली। प्रो कुश्ती लीग (पीडब्ल्यूएल) की तैयारियों में जुटी भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल दो बार की ओलंपिक पदक विजेता युई सुसाकी के मैच रोज फोन पर देख रहीं हैं ताकि उन्हें रणनीति बनाने में मदद मिल सके। अंतिम का पीडब्ल्यूएल में जापानी पहलवान से भिड़ना तय है जिन्हें दुनिया की सबसे दमदार पहलवान माना जाता है।

अंतिम ने पीटीआई से बातचीत में कहा कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ पहलवान हैं। उनके पास मुझसे ज्यादा अनुभव है लेकिन वह 50 किग्रा वर्ग की हैं और मैं 53 किग्रा वर्ग की हूं। मैं उनसे छोटी हूं। इसलिए मैं उनके मुकाबले बहुत ध्यान से देख रही हूं कि वह कैसे खेलती हैं, कैसे बचाव करती हैं, किस तरह की गलतियां नहीं करती। चार बार की विश्व चैंपियन सुसाकी को महिला 53 किग्रा वर्ग में हरियाणा थंडर ने 60 लाख रुपये में खरीदा जिससे वह हाल में हुई पीडब्ल्यूएल नीलामी में बिकने वाली सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं। यूपी डोमिनेटर्स ने अंतिम को 52 लाख रुपये में खरीदा था और 21 साल की भारतीय पहलवान जानती हैं कि इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीतना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उनका डिफेंस बहुत मजबूत है। वह आसानी से पैर से मिलने वाले अंक नहीं देतीं। ज्यादातर वह हमला करती हैं और इंतजार करती हैं। इसलिए मुझे अच्छा बचाव करना होगा और ज्यादा हमले करने होंगे। मुझे पक्का करना होगा कि उन्हें मुझ पर हावी होने का मौका नहीं मिले। सुसाकी का दबदबा सीनियर स्तर पर सिर्फ एक बार 2024 पेरिस ओलंपिक के दौरान विनेश फोगाट के खिलाफ कम हुआ और अंतिम ने उस मुकाबले को फ्रेम दर फ्रेम देखा है। अंतिम ने कहा कि वह शानदार मुकाबला था। मैं उससे सीख रही हूं कि विनेश ने कैसे बचाव किया और उन्होंने आखिरी हमला कैसे किया। फिर भी अंतिम जानती हैं कि पीडब्ल्यूएल समीकरण बदल देता है। आखिरी एक मिनट के राउंड में डबल अंक के साथ निष्क्रिय कुश्ती महंगी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि आप इस लीग में ज्यादा देर तक शांत नहीं रह सकते। अगर आपके दो या चार अंक हैं तो विरोधी को सिर्फ एक चाल की जरूरत होती है। इसलिए रणनीति अलग होनी चाहिए। भारतीय पहलवान मानती हैं कि नीलामी में मिली रकम उनकी कल्पना से कहीं ज्यादा थी। यूपी डोमिनेटर्स का मालिकाना हक रूबिक्स ग्रुप के पास है। उन्होंने कहा कि मुझे इतनी उम्मीद नहीं थी। मुझे लगा था कि यह करीब 30 लाख रुपये होगी। मुझे लगा था कि यह उससे थोड़ा ऊपर जा सकती है, लेकिन इतनी ज्यादा नहीं। जब बोली लग रही थी, तब अंतिम एक मंदिर से घर लौट रही थीं। उन्होंने कहा, बोली करीब सात बजे शुरू हुई। मैं खाटू श्याम मंदिर से घर लौटी थी। किसी ने नहीं सोचा था कि मेरे लिए इतनी ज्यादा बोली लगेगी। विनेश ने हाल में संन्यास से वापसी की घोषणा की है और जब बात सीनियर पहलवान की आती है तो अंतिम प्रतिद्वंद्विता के बजाय सहानुभूति से बात करती हैं। विनेश सबसे सफल भारतीय पहलवानों में से एक हैं। उन्हें पेरिस ओलंपिक में 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के कारण 50 किग्रा फाइनल से डिस्क्वालिफाई कर दिया गया था। विनेश के पास मुझसे कहीं ज्यादा अनुभव है। अगर वह वापसी कर रही हैं तो इसका मतलब है कि वह बहुत कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार हैं। जब कोई खिलाड़ी इस मानसिकता के साथ वापसी करता है।

# यामागुची के रिटायर होने के बाद सिंधू मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में



कुआलालंपुर। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने शुक्रवार को यहां जापान की अकाने यामागुची के चोट के कारण क्वार्टरफाइनल से रिटायर होने के बाद मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली।

सिंधू ने पहला गेम 2111 से जीत लिया था लेकिन इसके बाद तीन बार की विश्व चैंपियन और तीसरी वरीय यामागुची ने मैच से हटने का फैसला किया। वह घुटने में ब्रेस पहने हुए थीं। इससे विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सिंधू का यामागुची के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 1512 हो गया। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद सिंधू अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं। अब सेमीफाइनल में उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी और इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल की विजेता से होगा।

# खेल आयोजनों में खिलाड़ियों के लिए हमेशा मौजूद रहें, सरकार ने खेल प्रशासकों से कहा




अहमदाबाद। भारत के खेल प्रशासकों को यहां खेल प्रशासन कांक्लेव के दौरान शुक्रवार को कहा गया कि बहु - खेल आयोजनों को परिवार के साथ छुट्टियों की तरह नहीं समझे और खिलाड़ियों के लिये हमेशा उपलब्ध रहें। उन्हें एशियाई खेलों के दल के लिये नाम भी 15 जनवरी तक देने के लिये कहा गया है।

कांक्लेव में खेलमंत्री मनसुख मांडविया, भारतीय ओलंपिक संघ और राष्ट्रीय खेल महासंघों के शीर्ष अधिकारी, गुजरात के उप मुख्यमंत्री और खेल मंत्री हर्ष सांघवी और खेल सचिव हरि रंजन राव मौजूद थे। राव ने देश की दस साल की पदक रणनीति का ब्यौरा देते हुए कहा कि यह शर्मनाक होगा कि अधिकारियों का बड़ा दल जाये और खिलाड़ी के लिये जरूरत के समय कोई भी उपलब्ध नहीं हो। उन्हें खिलाड़ियों के लिये सौ फीसदी उपलब्ध रहना होगा। अगर आप इसे रिश्तेदारों के साथ छुट्टियों की तरह ले रहे हैं तो कृपया मत जाइये। हमें आपकी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिये चयन के मानदंड पहले ही दे दिये गए हैं। जापान में होने वाले एशियाई खेलों की आयोजन समिति ने नाम देने के लिये 30 जनवरी की समय सीमा दी है। राव ने कहा कि आईओए ने आपसे कहा होगा कि 15 जनवरी तक नाम देने हैं। क्या आप सभी तैयार हैं। अगर आप नाम नहीं देते हैं तो खेलों से बाहर रहना होगा। नाम देने पर, उसमें बदलाव नहीं होगा। जापानी सुनने वाले नहीं हैं। भारतीय अधिकारियों की अक्सर खिलाड़ी आलोचना करते हैं कि बड़े टूर्नामेंटों में जरूरत के समय वे उपलब्ध नहीं होते जबकि प्रशासकों का बड़ा दल खिलाड़ियों के साथ जाता है। एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर के बीच जापान में होंगे। वहीं राष्ट्रमंडल खेल जुलाई अगस्त में होंगे। राव ने कहा कि एशियाई खेलों में इस बार 111 पदक मिलने का अनुमान है जो हांगझोउ में हुए पिछले खेलों में मिले 106 पदकों से अधिक है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में हालांकि 20 पदकों की ही उम्मीद है क्योंकि हॉकी, बैडमिंटन, निशानेबाजी और कुश्ती जैसे खेल बजट में कटौती के कारण हटा दिये गए हैं। राव ने कहा कि यह गलत भी हो सकता है या इससे बेहतर भी हो सकता है लेकिन काफी प्रयास करने होंगे। राष्ट्रमंडल खेलों में कटौती के कारण तीन स्वर्ण समेत 22 पदकों की ही उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें खिलाड़ियों को शिष्टाचार की ट्रेनिंग भी देनी होगी क्योंकि जापान सामाजिक शिष्टाचार और खान पान की आदतों को लेकर काफी संवेदनशील देश है। हम एक भी गलती नहीं कर सकते। मांडविया ने कहा, 2036 ओलंपिक में खेलने वाले खिलाड़ी अभी स्कूल में होंगे। हमें प्रतिभाओं की जल्दी पहचान करनी होगी। सरकार मदद को तैयार है लेकिन आपको भी सहयोग करना होगा। हमें इन मसलों पर चर्चा के लिये हर महीने बैठक करनी होगी। राव ने अपने संबोधन में पदक रणनीति का ब्यौरा देते हुए कहा कि 2036 में हमें 12 से 14 स्वर्ण और 30 से 35 कुल पदक लेने होंगे ताकि शीर्ष दस में आ सकें। वहीं 2048 ओलंपिक में 35 . 40 स्वर्ण समेत सौ पदक जीतने होंगे। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख देशों ने अपनी मेजबानी में हुए ओलंपिक में प्रदर्शन में सुधार किया है। चीन ने 2008 बीजिंग ओलंपिक से पहले प्रोजेक्ट 119 शुरू किया था और 119 पदकों के लिये पांच खेलों एथलेटिक्स, तैराकी, नौकायन, कयाकिंग . केनोइंग और पाल नौकायन पर फोकस किया। ये वो खेल हैं जिनमें चीन पदक नहीं जीतता रहा है। बीजिंग ओलंपिक में उसने 48 स्वर्ण पदक जीते और इन पांच खेलों में आठ स्वर्ण पदक अपने नाम किये। इसी तरह का फोकस हमें भी चाहिये और हमें सोचना होगा कि हम अभी कहां हैं। उन्होंने कहा कि सुधार के लिये हर खेल में ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र, प्रतिभाओं की तलाश के लिये एआई आधारित व्यवस्था और खेल विज्ञान और रिसर्च के लिये राष्ट्रीय संस्थान जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलेला गोपीचंद की अगुवाई वाली समिति ने कोचिंग में कुछ सुधारों के सुझाव दिये हैं जिन पर जल्दी अमल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम कोचिंग प्रमाणन बोर्ड बनाने की भी योजना बना रहे हैं जो जमीनी स्तर पर, इंटरमीडिएट और एलीट स्तर पर कोचों को प्रमाण पत्र देगा। राव ने राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों से दैनंदिनी प्रशासन से इतर सोचने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि हर महासंघ को एक प्रदेश को वित्तीय सहायता के लिये जोड़ना चाहिये, जैसे ओडिशा मॉडल से हॉकी को पुनर्जीवित किया गया।

# आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षा कवच तैयार

## केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एनएसजी के राष्ट्रीय आईईडी डेटा मंच की शुरुआत की

गुरुग्राम। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को एक राष्ट्रीय डिजिटल आईईडी डेटा प्रबंधन मंच की शुरुआत की, जो आतंकवाद के खिलाफ अगली पीढ़ी के सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करेगा और देश में होने वाले सभी प्रकार के बम विस्फोटों के खिलाफ एक व्यापक प्रतिरोधक होगा।

राष्ट्रीय आईईडी डेटा प्रबंधन प्रणाली (एनआईडीएमएस) को संघीय आतंकवाद-रोधी कमांडो बल राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) द्वारा गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-दिल्ली, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की मदद से विकसित किया गया है। यह सभी प्रकार के बम विस्फोटों का सटीक अध्ययन करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग उपकरणों से लैस है। देश में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोटों को आंतरिक सुरक्षा क्षेत्र में सबसे चुनौतीपूर्ण खतरों में से एक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन वर्षों में आईईडी विस्फोट में हजारों नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये एक लिंक के माध्यम से इस मंच का उद्घाटन किया। यह केंद्र मानेसर स्थित राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) छावनी में स्थित है। मंत्री ने कहा कि एनआईडीएमएस आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ एक ढाल और राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में काम करेगा क्योंकि यह पुलिस, विभिन्न जांच एजेंसियों, राज्य आतंकवाद-रोधी



दस्तों, एनआईए जैसी संघीय एजेंसियों तथा केंद्रीय बलों को विभिन्न प्रकार के बम विस्फोटों के तौर-तरीके और कार्यप्रणाली का विश्लेषण करने के लिए व्यापक डेटा प्रदान करेगा। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि यह मंच आईईडी विस्फोटों के लिए एक राष्ट्र एक डेटा भंडार के रूप में कार्य करेगा। यह एकत्रित किए गए फॉरेंसिक साक्ष्यों की गुणवत्ता बढ़ाकर अभियोजन में तेजी लाने में मदद करेगा और अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाएगा। एनएसजी के महानिदेशक (डीजी) बी. श्रीनिवासन ने कहा कि एनआईडीएमएस एक वास्तविक समय पर सूचना का आदान-प्रदान करने वाला मंच है, जिसे आतंकवाद-रोधी और उग्रवाद-रोधी क्षेत्र में काम करने वाली सरकारी एजेंसियों के लिए बनाया गया है। यह देश में होने वाली सभी बम विस्फोट घटनाओं पर डेटा एकत्र करेगा, उसका विश्लेषण करेगा और उसे प्रसारित करेगा। उन्होंने कहा कि यह मंच अपने आप में अनोखा है, क्योंकि इसके प्रारंभिक चरण के दौरान 26 मित्र देशों से संपर्क किया गया था और उनके पास ऐसी कोई सुविधा नहीं थी। एनएसजी के अनुसार, डेटाबेस में 800 उपयोगकर्ता (विभिन्न एजेंसियां) हैं और यह विभिन्न बम विस्फोट घटनाओं के बीच विशेष संबंधों को पकड़ने, विस्फोट के बाद की जांच करने और कुछ बम विस्फोट की घटनाओं को रोकने के लिए पूर्वानुमान विश्लेषण करने में भी सक्षम होगा।

# यूक्रेन के खिलाफ ओरेश्निक बैलिस्टिक मिसाइल से हमला करने की बात रूस ने कही

कीव। रूस ने शुक्रवार को कहा कि उसने यूक्रेन पर भीषण हमले में अन्य हथियारों के साथ नयी ओरेश्निक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया।



यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि रूसी हमले में राजधानी कीव में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। रूस ने यह नहीं बताया कि ओरेश्निक ने कहां हमला किया। लेकिन रूसी मीडिया और सैन्य ब्लॉगरों ने कहा कि इसने यूक्रेन के पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र में एक विशाल भूमिगत प्राकृतिक गैस भंडारण को निशाना बनाया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह हमला पिछले महीने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास पर कथित तौर पर यूक्रेन द्वारा किए गए ड्रोन हमले के जवाब में किया गया। हालांकि, यूक्रेन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन के आवास पर ड्रोन हमले के रूस के दावे को खारिज कर दिया है। ल्वीव के महापौर आंद्रिय सादोवी ने कहा कि रूस ने एक बैलेस्टिक मिसाइल से अहम बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। हालांकि, महापौर ने उसका ब्योरा नहीं दिया। उन्होंने बताया कि मिसाइल की गति करीब 13,000 किलोमीटर प्रति घंटा थी और इस विशिष्ट प्रकार के रॉकेट की जांच की जा रही है। रूस ने नवंबर 2024 में यूक्रेन की एक फैक्टरी पर हमला करने के लिए पहली बार ओरेश्निक मिसाइल का परीक्षण किया था। पुतिन ने दावा किया है कि ओरेश्निक के कई आयुध 10 तक की गति से गिरते हैं और उन्हें रोका नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि पारंपरिक हमले में ऐसे आयुध का इस्तेमाल परमाणु हमले जितना विनाशकारी हो सकता है। ओरेश्निक परमाणु हथियार भी ले जा सकता है।

## संक्षेप

### पूर्व सैनिक से 98 लाख की धोखाधड़ी

बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के एक सेवानिवृत्त सैनिक को जालसाजों ने 15 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर 98 लाख रुपये की ठगी की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जालसाजों ने फर्जी सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो), आरबीआई (भारतीय रिजर्व बैंक) और अदालती अधिकारी बनकर पीड़ित को धमकाया और दावा किया कि वह धन शोधन के एक मामले में शामिल है। यहां तक कि फर्जी वीडियो कॉल का इस्तेमाल कर फर्जी अदालती कार्यवाही दिखाई गई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित को 15 से 30 दिसंबर तक डिजिटल अरेस्ट किया गया था। मंडी स्थित केंद्रीय प्रभाग के साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि साइबर पुलिस इस मामले में तथ्यों की छानबीन कर रही है। शिकायत के अनुसार, कुछ अज्ञात लोगों ने फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से शिकायतकर्ता से संपर्क किया और खुद को दूरसंचार विभाग, सीबीआई, आरबीआई और अदालत का अधिकारी बताया। जालसाजों ने उसे गलत जानकारी दी कि उसके नाम पर एक फर्जी सिम कार्ड जारी किया गया है।

# केंद्र प्रायोजित योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचे : ठाकुर

एजेंसी

बिलासपुर (हिप्र)। हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट से सांसद अनुराग ठाकुर ने जिले के अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचे।

ठाकुर ने बृहस्पतिवार को यहां जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए इस बात पर जोर दिया कि अधिकारियों को योजनाओं के कार्यान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए और जनहित से संबंधित विकास कार्यों और योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। शुक्रवार को यहां जारी एक बयान के अनुसार बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम समेत विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि सांसद ने राष्ट्रीय टीबी मुक्त कार्यक्रम के तहत निक्षय मित्र योजना को अधिक महत्व देने पर जोर दिया।

# मोदी के ट्रंप को फोन न करने से व्यापार समझौता रद्द : लुटनिक

न्यूयॉर्क। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौता इसलिए नहीं हो पाया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं किया। लुटनिक ने बृहस्पतिवार को ऑल-इन पॉडकास्ट में इसे बारे में विस्तार से बात की कि आखिर भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अभी तक क्यों नहीं हो पाया है? उन्हेंने कहा कि मैं आपको भारत के बारे में एक किस्सा सुनाता हूं। मैंने ब्रिटेन के साथ पहला समझौता किया और हमने ब्रिटेन से कहा कि उन्हें आने वाले दो शुक्रवार तक इसे पूरा करना होगा। यानी, ट्रेन अगले दो शुक्रवार के बाद स्टेशन से निकल जाएगी क्योंकि कई अन्य देशों के साथ भी समझौते हो रहे हैं।

आप जानते हैं जो पहले आता है वह पहले पाता है। राष्ट्रपति ट्रंप समझौते चरणबद्ध तरीके से करते हैं। उन्होंने कहा कि जो (देश) पहले चरण (पहली सीढ़ी) पर सौदा करता है, उसे सबसे बेहतरीन शर्तें मिलती हैं। लुटनिक ने कहा कि ट्रंप इस तरह से काम करते हैं क्योंकि इस तरह से आपको बातचीत में आगे बढ़ने प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के साथ हुए समझौते के बाद, हर किसी ने ट्रंप



से पूछा कि अगला देश कौन सा होगा और राष्ट्रपति ने कई देशों के बारे में बात की लेकिन उन्होंने सार्वजनिक रूप से कई बार भारत का नाम लिया। हम भारत से बात कर रहे थे और हमने भारत से कहा कि आपके पास तीन शुक्रवार हैं। उन्हें यह काम पूरा करना ही होगा। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री ने कहा कि हालांकि वह देशों के साथ समझौतों पर बातचीत करेंगे और पूरा सौदा तय करेंगे, लेकिन यह स्पष्ट होना चाहिए कि यह उनका (ट्रंप का) समझौता है। वही अंतिम निर्णय लेते हैं। वही समझौता करते हैं। आपको मोदी को शामिल करना होगा, सब कुछ तय है, आपको मोदी से राष्ट्रपति को फोन करवाना होगा। भारत को ऐसा करने में असहजता महसूस हुई, इसलिए मोदी ने फोन नहीं किया। लुटनिक ने कहा कि उस शुक्रवार के बाद अमेरिका ने इंडोनेशिया, फिलीपीन और वियतनाम के साथ व्यापार समझौतों की घोषणा की। अमेरिका अन्य देशों के साथ बातचीत कर रहा था और यह मान रहा था कि भारत उनसे पहले बातचीत पूरी कर लेगा। मैंने उनसे उंची दर पर बातचीत की थी। तो अब समस्या यह है कि समझौते उंची दरों पर हुए। फिर भारत ने फोन किया और कहा, ठीक है, हम तैयार हैं। मैंने कहा, तीन हफ्ते बाद, किस बात के लिए तैयार हैं। मैंने उनसे पूछा क्या आप उस ट्रेन को पकड़ने के लिए तैयार हैं जो तीन हफ्ते पहले स्टेशन से निकल चुकी है? उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि हालात कभी-कभी बदलते रहते हैं। ऐसे उतार-चढ़ाव में कुछ देश गलत समय पर गलत कदम उठाते हैं और उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है।

# डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक में शामिल होंगे डोभाल

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के इस महीने के अंत में स्विट्जरलैंड के शहर दावोस में होने वाली विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में शामिल होने की संभावना है। उनके अलावा भारतीय दल में कम से कम चार केंद्रीय मंत्रियों - अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और के राम मोहन नायडू के साथ ही छह मुख्यमंत्रियों और देश के 100 से अधिक शीर्ष मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के शामिल होने की उम्मीद है।

संवाद की भावना के विषय के तहत आयोजित की जा रही यह पांच दिवसीय वार्षिक बैठक 18-24 जनवरी तक चलेगी। बैठक में शामिल होने वाले मुख्यमंत्रियों में महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, असम के हिमंत विश्व शर्मा, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, तेलंगाना के ए रेवंत



रेड्डी और झारखंड के हेमंत सोरेन शामिल हैं। जहां रेड्डी कांग्रेस पार्टी से हैं, सोरेन कांग्रेस की सहयोगी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा से और नायडू भाजपा की सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी से हैं, वहीं अन्य तीन मुख्यमंत्री भाजपा से हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार (कांग्रेस) के भी वहां रहने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्रियों में नायडू तेदेपा से हैं, जबकि अन्य चार भाजपा से हैं। इसके अलावा, गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष रमेशभाई संघवी (भाजपा) और उत्तर प्रदेश का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी दुनिया भर के अमीर और शक्तिशाली लोगों के इस वार्षिक जमावड़े के लिए दावोस की यात्रा करेंगे। वैश्विक नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने वरिष्ठ सहयोगियों- वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट, वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ वहां पहुंच सकते हैं। इस वैश्विक शिखर सम्मेलन में लगभग 130 देशों के करीब 3,000 नेता शामिल होंगे, जिनमें 60 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष भी होंगे। भारतीय नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान कई समूह चर्चाओं में भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें क्या भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है विषय पर एक चर्चा भी शामिल है। इसके अलावा वे द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

# आई-पैक विवादः ममता ने कोलकाता में ईडी के खिलाफ मार्च का नेतृत्व किया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के कार्यालय और इसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से की गई छापेमारी के खिलाफ कोलकाता में शुक्रवार को निकाले गए मार्च का नेतृत्व किया।

इस विरोध मार्च को राज्य के आगामी विधानसभा चुनावों से पहले सड़कों पर तृणमूल के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है। ममता ने 8बी बस स्टैंड क्षेत्र से मार्च शुरू किया और हाजरा मोड़ की तरफ बढ़ीं। इस दौरान, उनकी सरकार के वरिष्ठ मंत्री तथा पार्टी के शीर्ष पदाधिकारी, सांसद, विधायक और कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और उस पर विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक प्रतिशोध के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। यह विरोध मार्च बृहस्पतिवार को जैन के लाउडन स्ट्रीट स्थित आवास पर ईडी की ओर से ली गई तलाशी के दौरान ममता के नाटकीय रूप से वहां पहुंचने के एक दिन बाद निकाला जा रहा है। ईडी की कार्वाई के बाद केंद्र और राज्य सरकार के बीच टकराव बढ़ गया है। मार्च के दौरान बांग्ला संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। तृणमूल कार्यकर्ताओं ने प्रतुल मुखोपाध्याय का लोकप्रिय गाना अमी बांग्ला गान गाई गाया, जबकि महिलाओं ने शंख बजाए, जिससे विरोध मार्च राजनीतिक अवज्ञा से सराबोर एक सड़क उत्सव के रूप में नजर आया। मार्च के दौरान ममता तेज कदमों से आगे बढ़ रही थीं। इस दौरान, वह बीच-बीच में रुक-रुककर सड़क के दोनों किनारों पर जुटे लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन कर रही थीं।

## इंटरटेनमेंट...

# ऑस्कर की दौड़ में कांतारा-1 व तन्वी द ग्रेट






लॉस एंजिलिस। कन्नड़ फिल्म कांतारा : ए लीजेंड- चैप्टर-1 और हिंदी फिल्म तन्वी द ग्रेट सहित चार भारतीय फिल्म ऑस्कर 2026 के सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने यह जानकारी दी। इस श्रेणी में कुल 201 फिल्मों के बीच मुकाबला है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने बृहस्पतिवार को 98वें ऑस्कर पुरस्कारों के लिए पात्र फिल्मों की प्रारंभिक सूची जारी की। यह सूची सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत सामान्य श्रेणियों में विचार के लिए पात्र फिल्मों की है और नामांकन की घोषणा से पहले का चरण है। नामांकन की घोषणा 22 जनवरी को की जाएगी। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के अनुसार, कुल 317 फीचर फिल्म ऑस्कर पुरस्कारों के लिए पात्र हैं जिनमें से 201 फिल्म सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में विचार के लिए आवश्यक अतिरिक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करती हैं। ऋषभ शेट्टी अभिनीत कांतारा-चैप्टर-1 और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी तन्वी द ग्रेट के अलावा सूची में शामिल अन्य भारतीय फिल्मों में बहुभाषी एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा और अभिशान जीविंथ की तमिल फिल्म टूरिस्ट फैमिली शामिल हैं। इसके अलावा, ब्रिटेन और भारत के सहयोग से निर्मित राधिका आप्टे अभिनीत हिंदी भाषी फिल्म सिस्टर मिडनाइट भी इस सूची में जगह बनाने में सफल रही है।

ऑस्कर पुरस्कारों में विभिन्न श्रेणियों में विचार के लिए पात्र 317 फिल्मों की सामान्य प्रविष्टि सूची में कई अन्य भारतीय फिल्में और भारतीय सह-निर्माण फिल्में भी शामिल हैं। इनमें नीरज घायवान की फिल्म होमबाउंड शामिल है जो सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि है। इसके अलावा दशावतार (मराठी), गेवी (तमिल), इंडी फिल्म ह्यूमन्स इन द लूप, वृत्तचित्र महामंत्र - द ग्रेट चैंट, भारत और पापुआ न्यू गिनी के सह-निर्माण वाली पापा बुका, पेपर फ्लावर्स और पारोः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ब्राइड स्लेवरी जैसी फिल्म भी शामिल हैं।

## जन नायकन को नहीं मिला सेंसर प्रमाणपत्र

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को अभिनेता विजय अभिनीत फिल्म जन नायकन को सेंसर प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश देने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन की खंडपीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एआरएल सुंदरेशन व सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित) द्वारा सीबीएफसी की अपील के आधार को स्पष्ट करने और मामले पर बहस करने के बाद यह रोक लगाई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी के लिए सूचीबद्ध कर दी।

## फिल्म पराशक्ति को सीबीएफसी की मंजूरी, सिनेमाघरों में बुकिंग शुरू



चेन्नई। शिवकार्तिकेयन अभिनीत पराशक्ति को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यूए (16 से अधिक उम्र के लिए) प्रमाणपत्र मिल गया, जिससे 10 जनवरी को फिल्म की निर्धारित रिलीज का रास्ता साफ हो गया। फिल्म का निर्देशन सुधा कोंगारा ने किया है। फिल्म के निर्माता डॉन पिक्चर्स ने बोर्ड द्वारा यूए रेटिंग की पुष्टि की खबर ऑनलाइन साझा की। बुकमाईशो पर आठ जनवरी को चेन्नई के केवल तीन सिनेमाघरों में ही अग्रिम बुकिंग उपलब्ध थी लेकिन सीबीएफसी द्वारा प्रमाणन मिलने के बाद कई और सिनेमाघरों में बुकिंग शुरू हो गई। बोर्ड ने शुरुआत में तमिलनाडु में 1960 के दशक के हिंदी विरोधी आंदोलनों के चित्रण को लेकर फिल्म में लगभग 38 कट लगाने का सुझाव दिया था, जिससे 162.43 मिनट लंबी इस फिल्म की रिलीज में देरी हुई।

## गोल्डन ग्लोब समारोह की प्रस्तोता बनेंगी प्रियंका

लॉस एंजिलिस। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस इस सप्ताहांत अमेरिका में होने वाले 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड समारोह में प्रस्तोता में शामिल होंगी। आयोजकों ने यह जानकारी दी।

यह समारोह 11 जनवरी को लॉस एंजिलिस के बेवर्ली हिल्टन में आयोजित किया जाएगा जिसमें फिल्म, टेलीविजन और पॉडकास्ट के क्षेत्र में वर्ष की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सराहा जाएगा। यह पहली बार है कि पॉडकास्ट को भी इसमें शामिल किया है। कॉमेडियन निक्की ग्लेजर एक बार फिर इस समारोह की मेजबानी करेंगी। गोल्डन ग्लोब के आधिकारिक सोशल मीडिया खाते से किए गए पोस्ट के अनुसार प्रियंका, एना डी आर्मस, जॉर्ज क्लूनी और जूलिया रॉबर्ट्स सहित कई मशहूर सितारों के साथ पुरस्कार समारोह



में प्रस्तोता की भूमिका में होंगी। समारोह के लिए जिन अन्य प्रस्तोता के नामों की पुष्टि हुई है, उनमें मिला कुनिस, जेनिफर गार्नर, अमांडा सेफ्राइड, क्रिस पाइन और केविन हार्ट शामिल हैं। पॉल थॉमस एंडरसन द्वारा निर्देशित और लियोनार्डो डिकैप्रियो अभिनीत फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर अलग-अलग नौ श्रेणिया में नामित है। यह फिल्म सर्वश्रेष्ठ फिल्म सहित कई अभिनय और निर्देशन श्रेणियों में सबसे आगे है। इसके बाद सेंटिमेंटल वैल्यू आठ और सिनर्स सात श्रेणियों में नामित है। टेलीविजन की बात करें तो द व्हाइट लोटस छह श्रणियों में नामांकन के साथ शीर्ष पर है। प्रियंका को हाल में एक्शन-कॉमेडी फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट में इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ देखा गया था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com